सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:1

आज का तापमान

शिमला 9 न्यू 16 अधि
धर्मशाला 12 न्यू 20 अधि

बाजार

सेंसेक्स 85,267
निफ्टी 26,046
सोना 1,32,710 चांदी 1,95,180

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 15 दिसंबर 2025 | 30 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 349, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# वोट चोरी पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## दिल्ली रैली में बोले राहुल- भाजपा व आरएसएस के लिए काम कर रहा चुनाव आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर और 'वोट चोरी' के खिलाफ कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली को राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने आरएसएस और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग भाजपा व आरएसएस के लिए काम कर रहा है। मैंने सवाल पूछे तो चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। अमित शाह के हाथ कांपते हैं। वे जानते हैं कि उनकी चोरी पकड़ी गई है।' दिल्ली के रामलीला मैदान में पूरे देश से कार्यकर्ता जुटे थे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना सहित सभी राज्यों के कार्यकर्ता इस रैली में पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)



### प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी केंद्र सरकार को घेरा

**कांग्रेस** सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'आज संसद में मुश्किल से एक सत्र में 1-2 बहस होती है। जब राहुल गांधी, खरगे जी ने मुद्दा उठाया कि हमें एसआईआर पर, वोट चोरी पर बहस करनी है, तो वे घबरा गए। उन्होंने हमारी बात नहीं मानी। अंत में कैसे माने कि हम वंदे मातरम् पर भी चर्चा करेंगे। हम संसद में यह बहस करते रहे कि राष्ट्र गीत किसका है, राष्ट्र गीत कैसे बना, राष्ट्र गीत क्यों बना और जो बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं, जिससे आप जूझ रहे हो।

### हमारा वंदेमातरम् भी चोरी किया : खड़गे

**रैली** को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'इन लोगों ने (केंद्र सरकार) ने हमारा वंदेमातरम् भी चोरी किया है। ये लोग नेहरू-पटेल के बीच दरार पैदा करते हैं। गांधी-नेहरू अंबेडकर पर हमला बोलते हैं। इन गद्दारों को आपको हटाना होगा।'

### लोकतंत्र की आत्मा है मताधिकार : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली के तहत आयोजित महारैली में हिमाचल प्रदेश की सियासत की गूंज साफ सुनाई दी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली पहुंचे और रैली में शामिल होकर पार्टी नेतृत्व के साथ एकजुटता का संदेश दिया। इस मौके पर उनका सादगी भरा, लेकिन अर्थपूर्ण अंदाज यह जताता नजर आया कि आने वाले दिनों में संगठन और सरकार दोनों मोर्चों पर मंथन तेज हो सकता है। सीएम ने कहा कि वोट केवल एक अधिकार नहीं है, यह लोकतंत्र की आत्मा है।



अगर जनता से यह ताक़त छीनी जाएगी, तो संविधान और लोकतंत्र केवल शब्द बनकर रह जाएंगे। देशभर में हो रही वोट चोरी, भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से रची गई सुनियोजित साज़िश का हिस्सा है। हमारे नेता राहुल गांधी जी देश के आम आदमी के अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें मिलकर उनके हाथों को मजबूत बनाना है, ताकि कोई हमारे वोट को काटने की हिम्मत न कर सके। वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ। महारैली के बाद उनके शिमला लौटने का कार्यक्रम तय नहीं हुआ, जिससे राजनीतिक हलकों में मुलाकातों और बैठकों को लेकर चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। माना जा रहा है कि सीएम सुक्खू रैली के बहाने दिल्ली में पार्टी के आला कमान से मुलाकात कर सकते हैं।

# नितिन नवीन बने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को भाजपा के पार्लियामेंट्री बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। तब से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश की जा रही थी। नड्डा 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष उनका कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नवीन की उम्र 45 साल है, वे 2010 से बांकीपुर सीट से विधायक हैं। वे नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। सोमवार को वह दिल्ली पहुंचेंगे। यहां भाजपा मुख्यालय में सुबह 11 बजे उनका स्वागत होगा। अगर नितिन नवीन के नाम और काम का परिचय देखें तो यह चौंकाने वाला फैसला नहीं होगा। अगर जेपी नड्डा की तरह उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया तो वह असल में चौंकाने वाला होगा। (अनंत ज्ञान)



- बिहार सरकार में हैं मंत्री
- नए अध्यक्ष के चुनाव तक संभालेंगे कार्यभार

### पीएम ने दी बधाई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने इस जिम्मेदारी के लिए नितिन नवीन को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर बधाई संदेश में लिखा, नितिन नवीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का अच्छा-खासा अनुभव है। बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्य बहुत प्रभावी रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता आने वाले समय में हमारी पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई।

## न्यूज शॉर्ट्स

### 20 लाख के तीन इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

**एजेंसी, जगदलपुर।** 20 लाख के इनामी तीन नक्सलियों ने रविवार को महाराष्ट्र में आत्मसमर्पण किया है। महाराष्ट्र की गोंदिया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एमएमसी (महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) जोन के दर्रेकसा एरिया कमेटी का कमांडर और आठ लाख का इनामी रोशन उर्फ मारा इरिया वेदजा (35) निवासी गांव मेंदरी, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़ ) सहित दो एसीएम कैडर के नक्सली सुभाष उर्फ पोज्जा बंडू राववा (26) निवासी वेरापल्ली, उसूर तहसील,जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़ ) और रतन उर्फ मनकू ओमा पोय्याम (25) निवासी रेखापाल जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़ ) शामिल हैं। इन दोनों पर छह-छह लाख रुपए का इनाम था। छत्तीसगढ़ के इन तीनों नक्सलियों ने आज महाराष्ट्र के गोंदिया पुलिस अधीक्षक के समक्ष हथियार के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर कुल 20 लाख रुपए का इनाम घोषित था। (अनंत ज्ञान)

### मेसी के टूर ऑर्गेनाइजर को नहीं मिली जमानत

**एजेंसी, कोलकाता।** फुटबॉल लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के ऑर्गेनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। दरअसल, 13 दिसंबर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में 6 उग्रवादी किए गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े छह मिलिटेंटों को गिरफ्तार किया है, जिन पर उगाही (खूंटा वसूली) में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए लोगों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी गिरफ्तारियां शनिवार को की गईं। इम्फाल ईस्ट जिले के मोइरांगकम्पु साजेब मखा लेइकैई इलाके से यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) की दो सक्रिय महिला सदस्य तखेल्लम्बम सनथोई चानु और कोंगब्रैलातपम रमेशोरी देवी को गिरफ्तार किया गया। इम्फाल वेस्ट जिले के कंचीपुर इलाके से प्रेपाक के दो सक्रिय सदस्य क्षेत्रिमायुम अबिनाश सिंह और राजकुमार डैनियल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

मेगा वॉकथॉन से आधा घंटा पहले बंद किया जाएगा ट्रैफिक -पेज 2
देवभूमि की खामोश सड़कों पर बेसहारा पशुओं का बढ़ा दर्द -पेज 3
धर्मशाला टी-20 मैच: सर्द मौसम में दर्शकों के उत्साह की गर्माहट -पेज 5
आपदा में जनता बेहाल, कांग्रेस ने रैली पर खर्च किए 10 करोड़: जय -पेज 7
परवाणू में 33 करोड़ से होगा आधुनिक कोल्ड स्टोर का निर्माण -पेज 12

# पर्यटकों ने पहाड़ों की ओर किया रुख, नए साल से पहले ट्रेनें फुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नए साल के जश्न से पहले ही प्रदेश की राजधानी शिमला सैलानियों की पहली पसंद बन गई है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान सहित कई राज्यों से पर्यटक बड़ी तादाद में शिमला पहुंचने की तैयारी में हैं। इसी बढ़ती मांग के चलते शिमला-कालका रेल मार्ग पर 31 दिसंबर तक लगभग सभी ट्रेनें पूरी तरह बुक हो चुकी हैं। सर्द मौसम, पहाड़ी नजारे और सुकून की तलाश में लोग पहले से ही एडवांस बुकिंग कर रहे हैं, जिससे रेल यात्राओं पर दबाव साफ नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार सर्दियों के मौसम में कालका-शिमला रेल यात्रा का आकर्षण कुछ अलग ही रंग में नजर आता है। धुंध से ढकी वादियां, ठंडी हवाओं के बीच पहाड़ों को चीरती ट्रेन और रास्ते में पड़ने वाली 103 सुरंगें इस सफर को यादगार बना देती हैं। यही वजह है कि बस या निजी वाहन की तुलना में दोगुना समय लगने के बावजूद सैलानी रेल यात्रा को तरजीह दे रहे हैं। सड़क पर जाम और ड्राइविंग की थकान से बचने के लिए भी पर्यटक ट्रेन को ज्यादा आरामदेह और सुकून भरा विकल्प मान रहे हैं।

### स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी

**पर्यटकों** की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे विभाग ने 20 दिसंबर के बाद विशेष ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भेजा है, हालांकि अभी अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। वर्तमान में कालका से शिमला के बीच रोजाना पांच ट्रेनें संचालित हो रही हैं। विस्टाडोम कोच का किराया 630 रुपये, शिवालिक डीलक्स एक्सप्रेस का 510 रुपए और साधारण श्रेणी का किराया 50 रुपए निर्धारित है।

## भारत-साउथ अफ्रीका मैच का लुत्फ



धर्मशाला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में रविवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मैच खेला गया। इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। दर्शकों ने देर रात तक चले मैच का खूब आनंद लिया।

## हिमाचल में मौसम की बेरुखी से बढ़ीं चिंताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इन दिनों आसमान पर बादलों की आवाजाही तो दिख रही है, लेकिन जमीन अब भी बारिश के इंतज़ार में सूनी पड़ी है। कई इलाकों में सुबह-शाम बादल घिरते हैं, हवा में नमी का एहसास होता है, मगर बरसात की वह राहत अब तक नसीब नहीं हुई। मौसम की इस बेरुखी ने किसानों, बागवानों और आम लोगों की फिक्र बढ़ा दी है। लंबे समय से जारी सूखे जैसे हालात ने मिट्टी की नमी छीन ली है और जलस्रोतों पर भी दबाव बढ़ने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल व्यापक बारिश के संकेत कमज़ोर हैं, हालांकि ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लगातार शुष्कता ने न सिर्फ फसलों की बढ़त को प्रभावित किया है, बल्कि ठंड के मौसम में सामान्य नमी न मिलने से आगे की चुनौतियों की आशंका भी गहरा रही है। सवाल यही है कि क्या बादल यूं ही बिना बरसे लौट जाएंगे, या आने वाले दिनों में हिमाचल की प्यास बुझाने वाली बारिश कोई करवट लेगी।

# ऑस्ट्रेलिया: त्योहार मना रहे यहूदियों पर फायरिंग, 11 लोगों की मौत

## दो पुलिस अधिकारियों समेत 11 लोग घायल, एक हमलावर को मार गिराया

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में प्रसिद्ध बोंडी समुद्र तट पर त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो बंदूकधारियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है। दो पुलिस अधिकारियों समेत 11 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दो हमलावरों में से एक को मार गिराया है, जबकि दूसरा हमलावर पकड़ा गया है और गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने एक हमलावर की पहचान की है। हमलावर की पहचान 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई जो सिडनी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके घर पर छापा मारा है। प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने इस घटना को स्तब्धकारी और दुखद बताया है। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी को आतंकवादी हमला घोषित किया गया है। पुलिस ने एक हमलावर समेत 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, यह गोलीबारी आठ दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरुआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने हमले पर जताया गहरा दुख

**पीएम** मोदी ने हमले पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, आज ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाकर किए गए भयानक आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। भारत के लोगों की ओर से मैं उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं। भारत आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस रखता है और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।

### अमृतसर में 3.90 लाख रुपए की ड्रग मनी के साथ चार गिरफ्तार

**एजेंसी, अमृतसर।** काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने विदेशी तस्करों से जुड़े ड्रग सप्लाई मॉड्यूल के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इनके पास से चार किलो हेरोइन, 3.90 लाख रुपए की ड्रग मनी और एक .32 बोर पिस्तौल, मैगजीन तथा पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान युवराज सिंह निवासी रोडीवाल, अमृतसर, वरिंदर सिंह निवासी धौल कलां, अमृतसर, जगरूप सिंह निवासी संगना, अमृतसर और जुगराज सिंह निवासी सरकारिया एन्क्लेव, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उनके काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पीबी-02-ईई-0627) और सफेद रंग की होंडा एक्टिवा को भी जब्त कर लिया है, जिनका उपयोग वे खेप की डिलीवरी के लिए कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश के हितों के खिलाफ कभी अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने दिया : जयशंकर

## पड़ोसी मुल्क में संसदीय चुनावों को शांतिपूर्ण माहौल में कराने पर दिया जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश में जब से सत्ता बदली है, तब से वहां का माहौल बदल चुका है। देश में हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। इस बीच रविवार को भारतीय विदेश मंत्री ने एस. जयशंकर ने जोर देते हुए कहा कि उसने कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल बांग्लादेश के हितों के खिलाफ गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है। इसी के साथ वहां होने वाले संसदीय चुनावों को शांतिपूर्ण माहौल में कराने पर भी जोर दिया।



दरअसल, भारत की यह प्रतिक्रिया बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की ओर से ढाका में भारतीय राजदूत प्रणय वर्मा को बुलाकर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत की धरती से दिए गए 'भड़काऊ' बयानों पर चिंता जताने के कुछ घंटे बाद आई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस नोट में लगाए गए आरोपों को भारत पूरी तरह से खारिज करता है।' भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में होने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश ने बुलाया था भारत के राजदूत को

**इससे** पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के 'भड़काऊ बयानों' पर अपनी 'गंभीर चिंता' जताई, जो फिलहाल भारत में हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, 'विदेश मंत्रालय ने आज भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर बांग्लादेश सरकार की ओर से भारत सरकार को शेख हसीना के भड़काऊ बयान देने की अनुमति देने पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें वह अपने समर्थकों से बांग्लादेश में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने और आगामी संसदीय चुनावों को रोकने के लिए कह रही हैं।'

# गगनयान प्रोजेक्ट: मार्च तक पहला मानवरहित मिशन भेजेगा भारत

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बनाई 7 प्रक्षेपण करने की योजना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मार्च 2026 तक सात प्रक्षेपण मिशन करने की योजना बनाई है। इनमें गगनयान परियोजना का पहला मानवरहित मिशन, स्वदेशी इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन प्रणाली का प्रदर्शन और क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन तकनीक से जुड़े प्रयोग भी शामिल हैं। इन सात में से पहला प्रक्षेपण अगले सप्ताह होने की संभावना है।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में संसद को बताया कि भारत का सबसे भारी रॉकेट एलवीएम-3 (एलवीएम3) अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के ब्लूबर्ड-6 संचार उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा। यह प्रक्षेपण इसरो की व्यावसायिक इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ हुए समझौते के तहत किया जाएगा।

एलवीएम-3 रॉकेट अगले वर्ष की शुरुआत में गगनयान परियोजना के पहले मानवरहित मिशन को लेकर उड़ान भरेगा। इस मिशन में 'व्योममित्रा' नाम का रोबोट क्रू मॉड्यूल में भेजा जाएगा। इसके बाद 2026 में एक और मानवरहित मिशन की योजना है, जिसके पश्चात 2027 में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को लो अर्थ ऑर्बिट में भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गगनयान का पहला मानवरहित मिशन पूरी प्रक्रिया के प्रदर्शन के लिए होगा, जिसमें मानव-रेटेड प्रक्षेपण यान की एयरोडायनामिक विशेषताओं का आकलन, ऑर्बिटल मॉड्यूल का संचालन, क्रू मॉड्यूल की पुन: प्रवेश प्रक्रिया और उसकी सुरक्षित वापसी शामिल है।

अगले वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन भारत का निर्मित पहला पीएसएलवी भी प्रक्षेपित करेगा, जो ओशियनसैट उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा। मिशन में इंडो-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह और ध्रुव स्पेस का लीप-2 उपग्रह भी भेजे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**बैंकिंग**

## एसबीआई 'अमृत वृष्टि' स्कीम में अब मिलेगा 6.45% ब्याज

# एसबीआई ने एफडी ब्याज दरों में की कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक के रेपो रेट में 0.25% की हालिया कटौती का असर दिखने लगा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में कटौती की है। एसबीआई ने अपनी स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम 'अमृत वृष्टि' की ब्याज दरों में 0.15% की कटौती की है। अब एसबीआई 'अमृत वृष्टि' के तहत 444 दिनों के लिए एफडी कराने पर 6.45% सालाना ब्याज मिलेगा। वहीं, सीनियर सिटिजन को सालाना 6.95% के हिसाब से ब्याज मिलेगा। इसके अलावा बैंक ने 2 साल से लेकर 3 साल से कम अवधि की एफडी में 0.05% की कटौती की है। अब इस पर 6.45% की बजाय 6.40% ब्याज मिलेगा। नई ब्याज दरें 15 दिसंबर से लागू होंगी। (अनंत ज्ञान)

**आज से लागू होंगी बैंक की नई ब्याज दरें**




### आरबीआई रेपो रेट कम करता है, तो क्या होता है?

**रेपो** रेट कम होने से बैंकों को आरबीआई से सस्ते में पैसा मिलने लगता है। पहले 5.5% देना पड़ता था, अब 5.25% देना पड़ रहा है। अब बैंक के पास पैसा सस्ते में आ रहा है। ऐसे में वे जनता से ब्याज पर ज्यादा ब्याज देकर पैसा लेना कम करना चाहते हैं।

### एसबीआई 'वीकेयर' में भी निवेश का मौका

**एसबीआई** ने एक अन्य एफडी स्कीम 'वीकेयर' ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। एसबीआई की इस स्कीम में सीनियर सिटिजन को 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के डिपॉजिट पर 50 बेसिस पॉइंट्स का एक्स्ट्रा ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटिजन को 5 साल से कम के रिटेल टर्म डिपॉजिट पर आम पब्लिक के मुकाबले 0.50% ज्यादा ब्याज मिलता है। ऐसे मे 'वीकेयर डिपॉजिट' स्कीम के तहत 5 साल या इससे ज्यादा की एफडी पर सामान्य नागरिकों की तुलना में 1% ज्यादा ब्याज मिलेगा। इस हिसाब से 5 साल या इससे ज्यादा समय के लिए एफडी कराने पर सीनियर सिटिजन को 7.05% ब्याज मिल रहा है।

## रेलवे ने 22 हजार पदों पर भर्ती को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय रेलवे ने वर्ष 2025 के लिए लेवल-1 श्रेणी में 22,000 पदों पर भर्ती की मंजूरी दे दी है। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी आदेश के अनुसार इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, ट्रैफिक और सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन विभागों के 11 अलग-अलग पदों पर सेंट्रलाइज्ड एंप्लॉयमेंट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इनमें सबसे अधिक पद ट्रैक मेंटेनर ग्रेड-4 और प्वाइंट्समैन-बी के हैं, जिससे तकनीकी पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए यह एक अहम अवसर बन गया है। पीआईबी के अनुसार रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे और प्रोडक्शन यूनिट्स को निर्देश दिए हैं कि वे तय समय सीमा के भीतर अपनी अंतिम मांग दर्ज करें। भर्ती प्रक्रिया रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से होगी और आरक्षण से जुड़े सभी नियम लागू रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### समरस समाज निर्माण से संगठित भारत राष्ट्र बनेगा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जाति पाति विहीन समाज, समृद्ध समाज निर्माण के साथ भारत संगठित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष कार्यक्रम के उपलक्ष में हीरा नगर बस्ती हमीरपुर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर कृष्णा नगर में संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत के सह मंत्री पंकज भारतीय ने कहा कि भारत आज संपूर्ण विश्व की दशा और दिशा तय करने में महत्वपूर्ण कारक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंकज भारतीय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन् 1925 में विजयादशमी के दिन हुई। संघ ने अपनी इस यात्रा में अनेक प्रकार के अवरोधों का सामना किया, लेकिन आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश भर में अपनी स्वीकार्यता बना चुका है तथा चहुं ओर सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का विषय समाज के समक्ष रखा है जिसमें स्वदेशी का भाव सब में जगे। अपनी संस्कृति, अपनी भाषा, अपने संस्कारों के प्रति सब में भाव का जागरण हो। परिवारों में संस्कार आए, समाज में छुआछूत का भेदभाव न हो तथा अपना सारा समाज समरस बने। अपने अधिकारों की तो हम बात करते हैं लेकिन साथ में जो नागरिक कर्तव्य हैं उनका भी हम पालन करें तथा पर्यावरण के संरक्षण हेतु आज जो चुनौतियां हैं उन चुनौतियों का समाधान तभी हो सकता है जब हम अपने पर्यावरण के प्रति सजग और जागरूक होंगे। समाज में बढ़ती हुई नशे की प्रवृत्ति पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की तथा युवाओं से आह्वान किया कि वे जन जागरण अभियान चलाकर समाज में बढ़ रही इस कुरीति को समाप्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। हिंदू सम्मेलन में टपरे टौणी देवी मंदिर के महंत सर्वेश्वर आनंद महाराज मुख्य अतिथि रहे। महंत जी ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन संस्कृति पूरी दुनिया को एक नई राह दिखा सकती है और इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। बच्चों तथा युवाओं में संस्कार देने की परम्परा हमारे परिवारों में प्राचीन काल से थी, लेकिन आज भौतिकता के युग में उन संस्कारों में कमी दिखाई दे रही है। हिंदू सम्मेलन में काफी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा। सादिक चौधरी द्वारा ' लगने तुमसे लगा बैठे' सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया।

### नड्डा कार्यालयों के निर्माण में खर्च राशि की जानकारी दें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास करने के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न जिला मुख्यालयों पर निर्मित 11 फाइव स्टार पार्टी कार्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण होने की उद्घोषणा पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी प्रेस बयान में कहा कि भाजपा के इन कार्यालयों के निर्माण में खर्च हुई सैकड़ों करोड़ रुपए की धनराशि के सोर्स की जानकारी भी जगत प्रकाश नड्डा को जनता देनी चाहिए। कौशल ने कहा कि क्योंकि जगत प्रकाश नड्डा का संबंध हिमाचल प्रदेश से है इसलिए बेहतर होता की वह पार्टी कार्यालय का शिलान्यास करने के लिए हिमाचल आने से पूर्व आपदा के समय प्रदेश के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए को धनराशि को भी अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रिलीज करवाने का कार्य करते। परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा नेता हिमाचल में मात्र राजनीतिक खेती करने की ही सोच रखते हैं।

### दीक्षा ठाकुर भारतीय वायुसेना में चयनित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला हमीरपुर के गांव नरसी के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का अवसर है कि गांव की होनहार बेटी दीक्षा ठाकुर का चयन भारतीय वायुसेना में तकनीकी शाखा में कमीशन के लिए हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मामा सेवानिवृत्त सूबेदार अमर सिंह गांव धसमां तहसील भोंरज ने बताया कि दीक्षा ठाकुर ने,स्ष्टज्ज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 93 प्राप्त की। इसके पश्चात उनका साक्षात्कार गुवाहाटी में हुआ, जिसमें उन्होंने सफलता हासिल की और भारतीय वायुसेना में चयनित हुईं। तकनीकी शाखा में उनका तीसरा रैंक रहा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दीक्षा ठाकुर की प्रशिक्षण अवधि एयर फोर्स अकादमी, हैदराबाद में होगी, जहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे देश सेवा के लिए तैयार होंगी। दीक्षा ठाकुर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा 10+2 हिम अकादमी, हमीरपुर से प्राप्त की तथा ग्रेजुएशन सुंदर नगर से पूरी की। वे दादा थानेदार पृथी चंद और दादी सालोचना देवी की पोती हैं। दीक्षा, सुनील कुमार एवं पारवेश कुमारी की सुपुत्री हैं। उनके पिता भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता गृहणी हैं। सेना से जुड़े परिवारिक संस्कारों ने दीक्षा को अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति की प्रेरणा दी।दीक्षा की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और गांव नरसी का नाम रोशन हुआ है। गांववासियों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने दीक्षा और उनके परिवार को इस गौरवपूर्ण सफलता पर बधाई दी है। दीक्षा ठाकुर की सफलता आज के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो यह सिद्ध करती है कि कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### पनियाली ने जीता वॉलीबाल का खिताब

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पनियाली टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जोली देवी की टीम उपविजेता रही। वॉलीबाल के फाइनल मैच में पनियाली की टीम ने ज्योली देवी को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। तुखाणी यूथ क्लब द्वारा आयोजित अंतर-ग्रामीण वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इसमें खेल व सामुदायिक भावना का उत्कृष्ट संगम देखने को मिला। इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पंचायत बणी की प्रधान शैलजा बन्याल द्वारा किया गया, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। इसमें हिमूडा के निदेशक राजेश बन्याल मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल, ट्रॉफी से नवाजा। वनियाल ने कहा खिलाड़ी खेल से अनुशासन कड़ी मेहनत व भाईचारे की भावना सीखते हैं, ऐसे आयोजनों से ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को भी उबर का मौका मिलता है। इस अवसर यूथ क्लब प्रधान कपिल बन्याल, सचिव सनी बन्याल, रोहित लक्की, आयुष, विशाल, निखिल, नवनीत, कार्तिक और सूर्यांश, राजेंद्र सिंह, विजय सिंह, संजय बन्याल, मलकीत सिंह, दलजीत सिंह उपस्थित रहे।

### राजनीतिक दबाव में मजबूर अधिकारियों का होगा घेराव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा शहरी मंडल हमीरपुर के महामंत्री तेन सिंह ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विधायक आशीष शर्मा पर झूठे केस बनाए जा रहे हैं। राजनीतिक दबाव में मजबूर हो चुकी हमीरपुर पुलिस विधायक आशीष शर्मा और उनके परिवार पर झूठे केस बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले समय में भी पुलिस का यह रवैया रहता है, तो सड़कों पर उतर कर इन अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। यह अधिकारी अपने सामाजिक कर्तव्यों में भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपनी गारंटियों को पूरा करने की बजाय व्यक्तिगत प्रतिशोध के साथ कार्य कर रही है। यदि पुलिस का यही रवैया रहा तो इन अधिकारियों और इनके आकाओं का घेराव हमीरपुर में होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता से छल किया है। इस छल का यह जनता ने उपचुनावों में जबाव दिया है और आने वाले समय में भी जनता राजनीतिक प्रतिशोध से की जा रही है कार्रवाई का जबाव जरूर देगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से विधायक आशीष शर्मा और उनके परिवार को तंग करने का यह कार्य किया जा रहा है जोकि कांग्रेस के गिरते हुए राजनीतिक स्तर पर परिचायक है। कांग्रेस सरकार विधायक आशीष शर्मा की लोकप्रियता से घबरा गई है। कांग्रेस के बयानवीर नेता गारंटियों पर जबाव दें कि आखिर कौन सी गारंटी पूरी हुई है?

### दमनकारी नीतियों का विरोध करने का किया एलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा को व्यक्तिगत प्रतिशोध की भावना से लगातार प्रताड़ित कर रही है। यह आरोप भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला इकाई के मीडिया प्रभारी अखिल ठाकुर ने लगाए हैं। विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा में सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों को उजागर किया, जिससे बौखलाई सरकार उनके और उनके परिवार के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करवा रही है। नेताओं ने कहा कि चाहे एचआरटीसी से जुड़ा भूमि घोटाला हो, या मुख्यमंत्री व उनके करीबी लोगों के खातों में पैसे जमा कराने के मामले हों, या फिर उपचुनावों में देहरा के महिला मंडलों के खातों में पैसे डालने की बात हो विधायक आशीष शर्मा ने हर मुद्दे को मजबूती से सदन में उठाया। इसी कारण सरकार बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय राजनीतिक विरोधियों को दबाने में लगी हुई है। मोर्चा के मीडिया प्रभारी अखिल ठाकुर ने कहा कि युवा मोर्चा सरकार की दमनकारी नीतियों का कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और अब अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। अखिल ने कहा कि युवा वर्ग प्रदेश की जनता यह सब देख रही है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब अवश्य देगी।

# बढ़ार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क पक्की करने के लिए करना पड़ेगा इंतजार

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** उपमंडल भोरंज के तहत बढ़ार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क एफडीआर फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनाने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस सड़क के निर्माण को एक वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अभी इसका कार्य पूरा नहीं हो पाया है। पहले बरसात की वजह से सड़क की टारिंग नहीं हो पाई है अब प्लांट ऑपरेटर की मौत के बाद इसका काम थम गया है। विभाग ने दावा किया था कि इस 9 किलोमीटर सड़क को 29 जून तक हर हालत में टारिंग कर पक्का कर देंगे, लेकिन टारिंग का कार्य 30 जून समाप्त होने के बाद भी शुरू नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि एफडीआर तकनीक लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। इस सड़क की कुल लंबाई 9 किलोमीटर जिसे पक्का किया जाना है। बता दें कि पायलेट प्रोजेक्ट के तहत झनिकर से बढार तक सड़क पर एफडीआर तकनीक से बनाने के का कार्य लगभग एक वर्ष पहले शुरू किया था। उसके बाद जल शक्ति विभाग ने पानी की पाइपें बदलने में काफी समय लगा दिया। जब इसे पक्का करने का कार्य शुरू किया तो बरसात ने कई महीनों तक सड़क का कार्य रोके रखा। नवंबर माह से पहले इस सड़क पर टारिंग का कार्य शुरू किया इसके लिए भी 300 मीटर सड़क को पक्का करने के लिए दो दिन का समय लग रहा है। 9 किलोमीटर सड़क में से अब केवल 3 किलोमीटर सड़क पर टारिंग होनी है, लेकिन प्लांट ऑपरेटर की मौत से यह कार्य और लेट हो गया है। वहीं, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बस्सी ततारह सड़क पर लोगों ने पक्का करने के लिए कई बार विरोध प्रदर्शन किया है और इस सड़क को जल्द पक्का करने की मांग कर रहे हैं। दोनों की सड़कों पर लोगों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत दोपहिया वाहन चालकों के साथ छोटे चैपहिया वाहनों को हो रही है।



बढ़ार से झनिकर सड़क पर काम बंद करने के बाद सड़क पर खड़ी मशीनरी।

गौर रहे कि भोरंज उपमंडल में इस तरह की दो सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि, इस तरह सड़क के निर्माण में पैसा और समय अधिक लग रहे हैं और यह कितने समय तक खराब नहीं होगी। इसके बारे में अभी सड़क के पक्का होने के बाद ही पता चलेगा। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि बढार से झनिकर सड़क को पक्का करने दो तीन दिन में शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले बस्सी से ततारह सड़क को पक्का करने के लिए मशीनरी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि बीच में प्लांट ऑपरेटर की मौत के बाद काम थम गया था, लेकिन अब इसे शुरू कर दिया जाएगा।

# झूठे आंकड़े, खोखले दावे व जश्न की राजनीति सुक्खू सरकार की असली सच्चाई: लखनपाल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** विधायक बड़सर इंद्रदत लखनपाल ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू उनके मंत्री न केवल जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में भी सही तथ्यात्मक आंकड़े रखने से बच रहे हैं।



स्थिति यह है कि सदन के भीतर सदन के बाहर भी सरकार सच बोलने को तैयार नहीं, जिससे प्रदेश की जनता का विश्वास पूरी तरह टूट चुका है। विधायक लखनपाल ने कहा कि सरकार लगातार 4500 करोड़ रुपए के आपदा राहत पैकेज का दावा कर रही है, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह राशि कहां, कब और किसे दी गई। यदि सरकार के पास सच्चाई है, तो वह तत्काल श्वेत पत्र जारी कर पूरे प्रदेश के सामने तथ्य रखे। आपदा को चार-पांच महीने बीत जाने के बाद भी हजारों प्रभावित परिवार राहत व पुनर्वास के लिए भटक रहे हैं, जिन लोगों ने अपने घर, जमीन और आजीविका खो दी, उन्हें केवल आश्वासन मिले हैं। यह सरकार की प्रशासनिक विफलता ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की घोर कमी को भी दर्शाता है। विधायक लखनपाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की ट्रेजरी पिछले पांच महीनों से ठप पड़ी है। विधायकों की निधि जारी नहीं हो रही, विकास कार्य रुक गए हैं और जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सरकार की वित्तीय बदहाली अब छिपाए नहीं छिप रही। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पात्र बेटियों को समय पर राशि न मिलना बेहद शर्मनाक है। वहीं, प्रदेश भर में ठेकेदारों की पेमेंट लंबित होने से विकास कार्य बंद पड़े हैं और मजदूर वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

विधायक लखनपाल ने सवाल उठाया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 से 2025 तक प्रदेश को दिए गए 3789 करोड़ रुपए का पूरा और स्पष्ट लेखा-जोखा प्रदेश सरकार आज तक क्यों नहीं दे पाई? यह पैसा किन मदों में खर्च हुआ, इसकी जानकारी न सदन में दी जा रही है और न ही जनता के सामने रखी जा रही है।

# डीजीपी ने मेगा वॉकथॉन की तैयारियों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बेहद खतरनाक नशीले पदार्थ चिट्टे के विरुद्ध प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान के तहत 16 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा हमीरपुर में आयोजित की जा रही मेगा वॉकथॉन की तैयारियों की निगरानी के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस के महानिदेशक अशोक तिवारी स्वयं हमीरपुर पहुंच गए हैं।

रविवार को उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दोसड़का के पुलिस मैदान का निरीक्षण किया और मेगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मैदान में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे मैदान में प्रतिभागियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखें और इस बड़े आयोजन को



सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें। डीजीपी ने मैदान में सफाई व्यवस्था, शौचालय सुविधा, प्रतिभागियों की सुचारू आवाजाही, पेयजल एवं रिफ्रेशमेंट वितरण, मैदान के आस-पास यातायात व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारियों की तैनाती और अन्य प्रबंधों के बारे में अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। इस अवसर पर उपायुक्त अमरजीत सिंह, आईजी विमल गुप्ता, डीआईजी दिवाकर शर्मा, प्रथम बटालियन वनगढ़ की कमांडेंट डॉ. आकृति शर्मा और पुलिस के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मेगा वॉकथॉन से आधा घंटा पहले हमीरपुर के लिए बंद किया जाएगा ट्रैफिक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश में जिस प्रकार चिटटे का नशा पांव पसार रहा है उसपर नियंत्रण लगाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चिट्टे के नशे के विरुद्ध विशेष कदम उठाए हैं।

इसके अलावा शिमला, धर्मशाला के बाद 16 दिसंबर को हमीरपुर में मेगा वॉकथॉन आयोजित की जा रही है। इस मेगा वॉकथॉन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस मेगा वॉकथॉन में जिला भर के प्राइवेट स्कूल, सरकारी स्कूलों के छात्र, कॉलेज के छात्र व महिला मंडल की सदस्य भाग लेंगी। जिसमें 10 हजार से अधिक छात्र छात्राएं व महिलाएं शामिल होंगी। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि मेगा वॉकथॉन शुरू होने के आधा घंटा पहले शहर में ट्रैफिक पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। मेगा वॉकथॉन पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचने के बाद ही किसी भी वाहन को आने दिया जाएगा। इस दौरान हमीरपुर शहर में यातायात और



- **प्रतिभागियों को लाने वाले सभी वाहनों के लिए बहुतकनीकी कॉलेज में होगी पार्किंग**
- **दोसड़का तक पदयात्रा के दौरान डायवर्ट किया जाएगा ट्रैफिक**

अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष प्रबंध किए हैं। रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी बलवीर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में यह मैगा वॉकथॉन शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकंडरी स्कूल के मैदान से आरंभ होकर नादौन चैक, गांधी चैक, मुख्य बाजार, भोटा चैक और हथली खड्ड पुल से गुजरता हुआ दोसड़का स्थित पुलिस मैदान में समाप्त होगा, जहां मुख्यमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। एसपी ने बताया कि वॉकथॉन आरंभ होने से पहले ब्वायज स्कूल के मैदान में पुलिस के प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा 'हॉरमनी ऑफ पाइन्स' के कलाकार प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं मनोरंजन करेंगे। मैदान में मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही प्रतिभागियों को चिट्टा का विरोध करने की शपथ दिलाई जाएगी और पदयात्रा शुरू हो जाएगी। पदयात्रा के दौरान हमीरपुर शहर में यातायात पूरी तरह रोक दिया जाएगा तथा सभी वाहनों को अणु, पक्का भरो और मट्टन सिद्ध से ही बाईपास की ओर डायवर्ट कर दिया जाएगा। केवल एंबुलेंस और अन्य एमरजेंसी वाहनों को ही शहर में एंट्री की अनुमति होगी। वॉकथॉन के प्रतिभागियों को लेकर आने वाले सभी वाहनों को बहुतकनीकी कालेज बड़ू के मैदान में पार्क किया जाएगा। अणु की ओर से आने वाले ये वाहन कैप्टन मृदुल चैक पर प्रतिभागियों को उतारने के बाद बड़ू की ओर रवाना हो जाएंगे। जबकि, दोसड़का की ओर से आने वाले वाहन, प्रतिभागियों को बस स्टैंड पर उतारने के बाद बड़ू की ओर वापस चले जाएंगे। पदयात्रा जैसे ही भोटा चैक से हथली की ओर रवाना होगी तो पीछे शहर में ट्रैफिक को चरणबद्ध ढंग से खोल दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि दोसड़का के पुलिस मैदान में मुख्यमंत्री के संबोधन और प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट वितरण के बाद जैसे ही यह आयोजन समाप्त होगा तो सुजानपुर और नादौन की ओर जाने वाले प्रतिभागियों को दोसड़का चैक पर ही उनके वाहन उपलब्ध होंगे। जबकि, भोटा और भोरंज की ओर जाने वाले प्रतिभागियों के वाहन दोसड़का से आगे की ओर उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने मैगा वॉकथॉन से संबंधित अन्य प्रबंधों की जानकारी भी मीडिया के साथ साझा कीं। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# शिविर में 209 लोगों ने कराया चेकअप




रोटरी क्लब हमीरपुर ने निशुल्क मेडिकल कैंप का किया आयोजन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

रोटरी क्लब हमीरपुर द्वारा रविवार को कुलदेवी मंदिर झोर घाट, तहसील बिझड़, जिला हमीरपुर में एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

रोटरी क्लब हमीरपुर के प्रेसीडेंट डॉ भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि कैंप में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विवेक शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ, दिनेश ठाकुर, डॉक्टर अभिनव ठाकुर, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शोभा ठाकुर, सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर प्रेम ठाकुर, आंखों के विशेषज्ञ डॉ. अनिल वर्मा, दंत चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर हर्ष कालिया, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज शर्मा तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शोभा ठाकुर ने विशेषज्ञ के तौर पर सेवाएं दीं। इस कैंप में निशुल्क जांच तथा निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कैंप में शुगर टेस्ट, ईसीजी व अन्य लैब टेस्ट की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गयीं। पिछले कई वर्षों से रोटरी क्लब हमीरपुर इस क्षेत्र में मेडिकल कैंप का आयोजन कर रहा है तथा इस वर्ष बिझड़ व बड़सर के विभिन्न क्षेत्रों से आए 209 नागरिकों ने चेकअप कराया तथा मुक्त चिकित्सा सुविधा व दवाइयां प्राप्त की। राजीव शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय मास्टर रामनाथ शर्मा की यादगार में 2012 से इस टाइम का आयोजन किया जा रहा है। इनर व्हील क्लब हमीरपुर हमीरपुर ने प्रधान हीना चौहान के नेतृत्व में इस क्लब में सहभागिता की। इस क्लब में रोटेरियन राकेश ठाकुर, जीएल शर्मा रोटेरियन रवि शर्मा रोटरी अमरजीत अत्री, रोटेरियन राजू चोपड़ा ट्यूटोरियल प्रवीण कुमार रोटेरियन एनके शर्मा रोटेरियन सुरेश हांडा रोटेरियन विजय चौहान, रोटेरियन अरविंद कटोच रोटेरियन वीरेंद्र कंवर, इनर व्हील क्लब के डॉ मीना चोपड़ा व सीमा शर्मा तथा आरसीसी बाड़ा के प्रधान रविंदर गौर तथा सेक्रेटरी अमिं चंद शर्मा ने विशेष रूप से भाग लेकर सहयोग किया।

# शशि बन्याल बने अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा हमीरपुर की बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बिझड़ और मैहरे में बैठकें जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष होशियार सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुईं, जिसमें स्थानीय राजपूतों ने भारी संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभा के स्थानीय संगठन का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष शशि बन्याल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र बन्याल, महासचिव संजय पटियाल और मनजीत ठाकुर को चुना गया। बैठक में सरकार द्वारा घोषित अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि घोषित करने पर रोष प्रकट किया गया। सभा के विस्तार का दायित्व चुने हुए नुमाइंदों को दिया गया। बैठक में जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर, वित सचिव रविंद्र सकलानी, उपाध्यक्ष सतीश बन्याल, संगठन सचिव डैनी जसवाल, रिटायर्ड प्रिंसिपल रणजीत गुलेरिया, मान सिंह पटियाल, देश राज वर्मा, वतन सिंह, महिंद्र सिंह पटियाल, विनय पठानिया, विजय डढ़वालिया और उपाध्यक्ष कैप्टन अशोक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# रंगस स्कूल के स्टूडेंट्स ने मंडी-कुल्लू जिले के धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगस के 51 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर के दिशा-निर्देशों और डॉ. जगवीर चंदेल की अगुआई में मंडी व कुल्लू जिलों का शिक्षाप्रद भ्रमण किया।

यह भ्रमण न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि ऊर्जा से परिपूर्ण साबित हुआ। दल ने प्रथम चरण में मंडी जिले के रिवालसर झील, रिवालसर गुरुद्वारा एवं बौद्ध धर्म के गुरु पद्मसंभव की प्रतिमा के दर्शन किए। वहां छात्रों ने मनोरंजक गतिविधियों का भी आनंद लिया। उसके बाद कुल्लू जिले के प्रसिद्ध गुरुद्वारा मणिकरण साहिब पहुंचे, जहां प्राकृतिक गर्म जल स्रोतों का अवलोकन किया। रात्रि यहीं पर निवास हुआ और प्रात:काल इन स्रोतों के सरोवर में स्नान कर पवित्रता प्राप्त की। स्नानोपरांत दल ने कुल्लू, मनाली के अनेक दर्शनीय स्थलों के साथ साथ हिडिंबा मंदिर एवं अटल टनल का भ्रमण भी किया। विद्यार्थियों ने बताया कि अटल टनल का भ्रमण उनके जीवन की एक अविस्मरणीय यादगार यात्रा रहेगी। विद्यालय वापिस पहुंचने पर प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के समग्र विकास के लिए आयोजित किया गया था जो बहुत अच्छा रहा। दल के साथ गए हुए प्रवक्ता डॉ. जगवीर चंदेल ने बताया कि यात्रा ने छात्रों में शैक्षिक व सांस्कृतिक जागरूकता तथा प्रकृति प्रेम को बढ़ावा दिया।

# शिवा पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

शिवा पब्लिक स्कूल, चंदरूही में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रिंस ठाकुर, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान), राजकीय महाविद्यालय भोरंज ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशामुक्ति, डिजिटल दुनिया के सकारात्मक उपयोग, आतंकवाद के दुष्प्रभाव, पर्यावरण प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की थीम 'संस्कार से संस्कृति' रही, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा हिमाचली नाटी, राजस्थानी नृत्य, भांगड़ा सहित अनेक लोकनृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। भोजन की बर्बादी पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक ने सभी को गहरी सोच में डाल दिया। वहीं, कार्यक्रम के अंत में प्रस्तुत 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम कर दीं और देशभक्ति की भावना को प्रबल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य महोदया ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों की वर्षभर की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्यातिथि डॉ. प्रिंस ठाकुर ने कार्यक्रम की थीम की सराहना करते हुए कहा कि 'संस्कार ही सशक्त संस्कृति की नींव होते हैं।' उन्होंने बच्चों के जीवन में श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसके मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थियों के सहयोग से यह समारोह अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

# 150 से अधिक लोगों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल में स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन 'कला एवं खेल मंच, भोरंज' के तत्वावधान में यहां सन स्काई होटल परिसर में ईडन हॉस्पिटल चंडीगढ़ द्वारा विशेष निशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था के उपाध्यक्ष कैप्टन राकेश कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि इस एकदिवसीय शिविर में क्षेत्र के 150 से अधिक पुरुषों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने अपना समग्र स्वास्थ्य परीक्षण करवाया, जो संगठन के सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है। शिविर का शुभारंभ हिमाचल यूथ कांग्रेस डॉक्टर सेल के प्रदेश चेयरमैन डॉक्टर आशीष ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉक्टर आशीष ने कहा, 'हमारा उद्देश्य केवल मनोरंजन या खेल तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ समाज ही रचनात्मक और ऊर्जावान हो सकता है। आज के इस शिविर के माध्यम




से हमने समाज के उन तबकों तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया है, जिनके लिए नियमित जांच सुलभ नहीं है। 150 से अधिक लोगों की सहभागिता हमारे लिए एक सुखद अनुभव और प्रेरणा है।' इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी पवन डोगरा ने शिरकत की। शिविर में स्वयंसेवी चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने प्रतिभागियों का रक्तचाप (बीपी), रक्त शर्करा (ब्लड शुगर), हीमोग्लोबिन, बीएमआई, तथा सामान्य शारीरिक जांच की। इसके साथ ही, प्रत्येक व्यक्ति को चिकित्सकों द्वारा विस्तृत परामर्श दिया गया तथा आवश्यकता अनुसार निशुल्क आधारभूत दवाएं भी वितरित की गईं। विशेष रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एनीमिया एवं जोड़ों के दर्द से संबंधित मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिविर में उपस्थित मुख्य चिकित्सक डॉ. विशाल रैना और डॉक्टर अंकुर सबरबाल ने कहा, 'नियमित जागरूकता और प्रारंभिक जांच किसी भी गंभीर बीमारी को रोकने की पहली सीढ़ी है। इस तरह के शिविर समुदाय में यही जागरूकता फैलाते हैं। आज बहुत से ऐसे लोग मिले, जिन्हें अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का पता ही नहीं था, और उन्हें तुरंत मार्गदर्शन मिल सका।

शिविर में विशेष अतिथि आए पलपल पंचायत के प्रधान जोगिंदर राणा ने कहा, 'बाजार में जांच करवाना महंगा है। मंच द्वारा आयोजित यह शिविर हम जैसे लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। न केवल जांच हुई, बल्कि डॉक्टर साहब ने धैर्य से सब समझाया भी। कार्यक्रम के संयोजक कैप्टन राकेश कुमार ने बताया कि इस शिविर के आयोजन में स्थानीय स्वयंसेवकों एवं सन स्काई होटल प्रबंधन का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने आगे कहा कि इस सफलता से उत्साहित होकर संगठन भविष्य में ऐसे और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित करने की योजना बना रहा है।

मंच के सदस्यों का कहना है कि उनका प्रयास सतत जारी रहेगा ताकि भोरांज क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और एक स्वस्थ, सक्रिय व उन्नत समाज का निर्माण हो सके। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कुलदीप डोगरा, देव राज , देवेंद्र सिंह ठाकुर, संदीप कतना, दिनेश संधू, आकाश, कुलदीप पटियाल, बलदेव सिंह, विनोद कुमार सोनी इत्यादि लोग मौजूद थे। ईडन हॉस्पिटल चंडीगढ़ के सीनियर मैनेजर रसील गुलेरिया ने इस शिविर में पहुंचने पर सभी का धन्यवाद किया और कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला जिले में नाबालिग से दरिंदगी का मामला आया सामने

**10वीं की छात्रा चार माह की गर्भवती**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के चिड़गांव क्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता जब पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंची, तो जांच के दौरान उसके चार महीने की गर्भवती होने की बात पता चली। परिजनों के अनुसार, जनवरी 2025 में लड़की बिना बताए घर से कहीं चली गई थी, जिसके बाद आरोपी उसे अपने साथ ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो अधिनियम की कडी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है ताकि मामले की गहनता से जांच की जा सके।

### शिमला में लोगों की भीड़ ने बदली सियासी हवा : डॉ. राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शिमला आगमन पर उमड़ा जनसैलाब केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश की राजनीति की दिशा बदलने वाला ऐतिहासिक संकेत है। बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नड्डा का यह पहला हिमाचल दौरा था, जिसमें जनता का उत्साह और समर्थन साफ तौर पर यह दर्शाता है कि प्रदेश का जनमानस अब कांग्रेस सरकार से पूरी तरह निराश हो चुका है। डॉ. बिंदल ने कहा कि धर्मशाला में 4 दिसंबर को कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ दिखा जनाक्रोश और 13 दिसंबर को शिमला में हुआ भव्य स्वागत, दोनों मिलकर यह स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि हिमाचल में सत्ता परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा कि नड्डा ने अपने संबोधन में तथ्यों के साथ कांग्रेस सरकार की नाकामियों को उजागर किया और केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को दिए जा रहे सहयोग को सामने रखा। प्रदेश अध्यक्ष ने इस सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं और शिमला, किन्नौर, स्पीति, आनी व करसोग से पहुंचे पार्टी समर्थकों का आभार जताया।

### किन्नौर में गहरी खाई में गिरी कार एक महिला की मौत, तीन घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिले के सांगला क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। पलिंगचे के पास एक कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में कार सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि वाहन तेज मोड़ पर संतुलन खो बैठा, जिसके बाद वह सीधे खाई में समा गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को खाई से बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# देवभूमि की खामोश सड़कों पर बेसहारा पशुओं का बढ़ा दर्द

## सड़कों पर भटक रहा पशुधन, सवालों के घेरे में आई व्यवस्था

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** देवभूमि हिमाचल आमतौर पर सुकून, सादगी व संतुलित जीवन के लिए जानी जाती है, मगर आज इसी शांत पहाड़ी प्रदेश की सड़कों पर एक गहरी खामोश पीड़ा पसरी हुई है। कभी घर-आंगन की शान और खेती-किसानी की रीढ़ रहे गाय-बैल अब लावारिस हालात में राजमार्गों, कस्बों और गांवों की गलियों में भटकते दिखाई दे रहे हैं। भूख, ठंड और बीमारी से जूझते ये पशु न सिर्फ अपनी दुर्गति की कहानी सुना रहे हैं, बल्कि समाज और व्यवस्था दोनों के सामने संवेदना, जिम्मेदारी और इंसानियत का कठोर सवाल भी खड़ा कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सामने आए सरकारी आंकड़े इस संकट की गंभीरता को साफ बयान करते हैं। सदन को बताया गया कि राज्य में कुल 36,311 आवारा पशु चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 20,203 को विभिन्न गौशालाओं में आश्रय दिया गया है, जबकि 9,117 पशु आज भी सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं।

राजमार्गों से लेकर शहरी गलियों तक आवारा पशुओं की मौजूदगी ने सड़क सुरक्षा को एक गंभीर चुनौती बना दिया है। रात के अंधेरे में अचानक सामने आ जाने वाले पशु कई बार जानलेवा हादसों की वजह बनते हैं। इन टक्करों में जहां वाहन चालकों की जान पर बन आती है, वहीं खुद पशु भी दर्दनाक मौत या गंभीर चोटों के शिकार हो जाते हैं।

यह हालात शहरों की रौनक और गांवों की सादगी, दोनों पर भारी पड़ रहे हैं। ग्रामीण राज्य में आवारा पशु किसानों के लिए एक लगातार बढ़ती मुसीबत बन चुके हैं। मक्का, गेहूं, सब्जियों सहित अन्य फलों की फसलें झुंड के झुंड तबाह कर रहे हैं। कई इलाकों में किसान रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

ज्यादातर मामलों में आवारा पशु यूं ही सड़क पर नहीं आए, बल्कि उन्हें योजनाबद्ध तरीके से छोड़ा गया। पंचायत स्तर पर निगरानी की व्यवस्था कागजों तक सिमटी है, क्योंकि स्थानीय दबाव, वोट-बैंक की राजनीति और आपसी पहचान के चलते सीधे कार्रवाई से बचा जाता है। यही ढील इस समस्या को दिन-ब-दिन विकराल बना रही है।

### पशु कल्याण को दी जा रही मजबूती

**हाल** ही में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य में 260 निजी और 15 सरकारी गौशालाएं संचालित हैं, जिन पर अब तक 71.98 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। पशु कल्याण को मज़बूती देने के लिए प्रति पशु मासिक सहायता राशि को 700 रुपए से बढ़ाकर 1,200 रुपए किया गया है और आने वाले समय में पशु आश्रयों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। सरकार का कहना है कि पंचायतों, स्थानीय समुदायों और सामाजिक संगठनों की साझेदारी से ही इस मसले का स्थायी हल निकल सकता है। सवाल यही है कि क्या ये कदम ज़मीन पर उस संजीदगी और रफ्तार से उतर पाएंगे, जिससे सड़कों पर भटकते पशुधन को वाकई सुकून और सुरक्षा मिल सके।

# रामलीला मैदान में हिमाचल कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



रामलीला मैदान की ओर कूच करते हिमाचल कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**नई दिल्ली में हिमाचल कांग्रेस की महारैली, भाजपा के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का जोरदार प्रदर्शन**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में भाजपा के खिलाफ वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान की विशाल महारैली आयोजित की गई। इस महारैली में हिमाचल प्रदेश से पांच हजार से अधिक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पार्टी की एकजुटता और संघर्ष की ताकत का प्रदर्शन किया। मंडी हाउस स्थित हिमाचल भवन में एकत्र हुए कार्यकर्ता पारंपरिक पहाड़ी भेषभूषा में, हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर रामलीला मैदान की ओर रवाना हुए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में सुबह करीब 11 बजे यह कूच शुरू हुआ, जिसने दिल्ली की सियासी फिजाओं में हिमाचल कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे मार्ग में लोकतंत्र, संविधान और चुनावी पारदर्शिता के समर्थन में नारे गूंजते रहे। इस मार्च को संगठनात्मक अनुशासन और अनुकरणीय भागीदारी का प्रतीक माना गया।

रामलीला मैदान पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस देश के संविधान को बचाने और निर्वाचन आयोग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जो आवाज उठा रहे हैं, उसे मजबूत करने के लिए कांग्रेस एकजुट है और यह लड़ाई लोकतंत्र और जनादेश की पवित्रता की है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

# नड्डा 'फोबिया' में उलझी कांग्रेस पार्टी झूठ और भ्रम फैलाने लगी : सतपाल सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज पूरी तरह जगत प्रकाश नड्डा फोबिया से ग्रस्त हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि नड्डा के शिमला दौरे और उनके स्पष्ट व तथ्यपरक बयानों ने कांग्रेस को इतना विचलित कर दिया है कि वह अब सच का सामना करने के बजाय झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार का रास्ता अपना रही है। सत्ती ने कांग्रेस के इस दावे को पूरी तरह असत्य बताया कि केंद्र सरकार ने आपदा के नाम पर हिमाचल को कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा राहत, पुनर्वास, सड़क, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे कई मदों में हिमाचल को हजारों करोड़ रुपए की सहायता दी है, लेकिन कांग्रेस सरकार न तो इन संसाधनों का सही उपयोग कर पाई और न ही पारदर्शिता के साथ जनता के सामने इसका लेखा-जोखा रख सकी।

सतपाल सत्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए की सहायता राशि पूरी तरह प्रक्रिया के तहत है और इसे राजनीतिक बयानबाजी से जोड़ना कांग्रेस की अपरिपक्वता को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि राज्य सरकार ने अब तक केंद्र को कितने औपचारिक प्रस्ताव, डीपीआर और उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर भेजे हैं। सत्ती ने कहा कि आज हिमाचल की आर्थिक स्थिति बदहाल है, कर्ज ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच चुका है, कर्मचारियों और पेंशनरों की देनदारियां अटकी हैं और विकास कार्य ठप पड़े हैं, जो कांग्रेस की नीतिगत विफलताओं का परिणाम है।

# केंद्रीय मदद पर झूठ बोल रहे जेपी नड्डा : जगत सिंह नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**बोले, एनपीएस, ओपीएस और उधारी सीमा में कटौती से बढ़ा वित्तीय दबाव**

**आपदा राहत के 1500 करोड़ और पीडीएनए राशि का अब भी इंतजार**

प्रदेश सरकार में जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी और पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज ऐसे पद पर हैं, जहां से वे हिमाचल प्रदेश के हितों को मजबूती से केंद्र सरकार के समक्ष रख सकते हैं।

मंत्रियों ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों की राहत और पुनर्वास के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपए का पैकेज कई महीने बीतने के बावजूद राज्य को नहीं मिला है। इसके साथ ही वर्ष 2023 के मानसून नुकसान को लेकर पीडीएनए के तहत पुनर्बहाली और पुनर्निर्माण के लिए पेश 9,042 करोड़ रुपए के दावे और लगभग 10,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सहायता का भी प्रदेश को इंतजार है। मंत्रियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने एनपीएस के तहत जमा 9,200 करोड़ रुपए रोक रखे हैं, जबकि ओपीएस लागू करने के बाद राज्य की उधारी सीमा में 1,600 करोड़ रुपए की कटौती कर दी गई। इससे पिछले तीन वर्षों में हिमाचल को लगभग 4,800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि राजस्व घाटा अनुदान में कटौती और ऋण सीमा घटाए जाने से राज्य की वित्तीय स्थिति और कमजोर हुई है। वर्ष 2021-22 में जहां राज्य की ऋण सीमा 10,949 करोड़ रुपए थी, वह 2025-26 में घटकर 3,257 करोड़ रुपए रह गई है, जबकि उधारी का बड़ा हिस्सा ब्याज भुगतान में ही खर्च हो रहा है।

### अपने संसाधनों से दी जा रही राहत

**मंत्रियों** ने कहा कि केंद्र से किसी विशेष पैकेज की घोषणा न होने के बावजूद राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावित लोगों को करीब 4,500 करोड़ रुपए की सहायता दी है। उन्होंने केंद्र पर हिमाचल की खराब वित्तीय स्थिति के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि राज्य के हिस्से की राशि रोके जाने से कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। दोनों मंत्रियों ने जगत प्रकाश नड्डा से आग्रह किया कि वे हिमाचल से होने के नाते इन सभी मुद्दों में हस्तक्षेप करें और केंद्र से राज्य के हक की राशि दिलाने में प्रभावी भूमिका निभाएं।

# हिमाचल के हक के लिए केंद्र में मजबूत आवाज बने नड्डा : बलबीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**केंद्र ने हर संकट में दिया सहयोग, कांग्रेस फैला रही भ्रम**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कांग्रेस के हालिया बयानों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि यह दावा पूरी तरह झूठा और भ्रामक है कि हिमाचल के हितों को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से नहीं उठाया जा रहा।

उन्होंने कहा कि जब-जब हिमाचल प्रदेश संकट में पड़ा, केंद्र सरकार ने सबसे पहले और सबसे अधिक सहयोग दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर केंद्रीय मंत्रालयों तक हर मंच पर हिमाचल की आवाज मजबूती से उठाई है, जिसके चलते आपदा राहत, विकास परियोजनाओं और विशेष सहायता पैकेज समय पर सुनिश्चित हुए।

बलबीर वर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपनी विफल नीतियों, कमजोर वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक नाकामियों से जनता का ध्यान हटाने के लिए केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगा रही है। सच्चाई यह है कि आपदा प्रबंधन, सड़क, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं में केंद्र ने लगातार हिमाचल का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को सही मायनों में समझने और उसका हक दिलाने वाले नेता जेपी नड्डा हैं, जबकि कांग्रेस को अब तथ्यहीन आरोपों के बजाय जनता से किए गए वादों का जवाब देना चाहिए, क्योंकि हिमाचल की जनता सच्चाई को भली-भांति पहचान चुकी है।

# झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले टोंग लेन स्कूल के बच्चों का सपना हुआ साकार

## धर्मशाला में क्रिकेट मैच देखने पहुंचे बच्चों ने मुख्यमंत्री का किया थैंक्स

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक बार फिर अपने संवेदनशील और मानवीय व्यक्तित्व का परिचय देते हुए झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों का सपना साकार किया। धर्मशाला के सराह क्षेत्र स्थित टोंग लेन स्कूल में पढ़ने वाले 160 बच्चों को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच को स्टेडियम में बैठकर देखने का अवसर मिला।

यह पहल मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में धर्मशाला दौरे के दौरान बच्चों से किए गए वायदे के अनुरूप पूरी की गई। सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाले इन बच्चों के लिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को प्रत्यक्ष देखना किसी सपने के सच होने जैसा था। स्टेडियम में बच्चों का उत्साह, खुशी और उमंग देखते ही बनती थी।

बच्चों ने एक स्वर में कहा, 'थैंक्स मुख्यमंत्री जी', और इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए आभार जताया। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने कहा कि इस तरह की पहल वंचित वर्ग के बच्चों में आत्मविश्वास जगाती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने शीतकालीन सत्र के दौरान सुबह की सैर में टोंग लेन हॉस्टल का दौरा कर बच्चों से बातचीत के दौरान उन्हें क्रिकेट मैच दिखाने का वायदा किया था, जिसे अब पूरा कर बच्चों के सपनों को पंख लगाए गए हैं।

# केंद्र ने आपदा राहत में हिमाचल को नहीं दिया एक भी रुपया : विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के शिमला दौरे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के नाम पर हिमाचल प्रदेश को आज तक एक रुपया भी जारी नहीं किया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन प्रदेश सरकार को अब तक यह सहायता नहीं मिली है। विनय कुमार ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार आंकड़ों की बाजीगरी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा स्पष्ट करे कि किस योजना के तहत, किस मद से और कितना पैसा हिमाचल को दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तथाकथित डबल इंजन सरकार के दौर में भी प्रदेश की आर्थिक हालत बिगड़ी और आज भी केंद्र का रवैया सौतेला बना हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आपदा के समय राजनीति करना भाजपा की आदत बन चुकी है, जबकि कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक हिमाचल के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि प्रदेश की जनता को खोखले वादे नहीं, बल्कि तत्काल और वास्तविक सहायता चाहिए।

# जयराम ठाकुर बोले-झूठी गारंटियों पर जनता से माफी मांगे सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार प्रदेश को दी गई गारंटियों का हिसाब देने के बजाय दिल्ली में रैलियां कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी गारंटियों और घोषणा पत्र के नाम पर जनादेश हथियाने वाली कांग्रेस को पहले हिमाचल की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के लोग चौतरफा नाकामियों से जूझ रहे हैं, जबकि सरकार और उसका नेतृत्व दिल्ली में आला कमान को खुश करने में जुटा है। चुनाव आयोग, केंद्र सरकार और भाजपा-एनडीए को वोट देने वाले नागरिकों पर सवाल उठाकर कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं और प्रबुद्ध मतदाताओं का अपमान कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के प्रमुख नेता अपने दायित्व छोड़कर राजनीतिक अभियानों में शामिल हुए हों। आपदा पर सदन में चर्चा और राहत कार्यों की समीक्षा के बजाय रैलियों में व्यस्त रहना सरकार की प्राथमिकताओं को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर अंतर्कलह, मंत्रियों-विधायकों की विवशता और मित्र मंडली की मनमर्जी के आगे पूरी व्यवस्था घुटनों पर है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास के लिए निर्धारित संसाधनों के बीच तीन साल पूरे होने का जश्न मनाना संवेदनहीनता का उदाहरण है, जिससे सरकार की अलोकप्रियता और नेतृत्व से दूरी भी साफ झलकती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के नाम पर सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री किस मुंह से वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं, जब प्रदेश की जनता उनसे जवाब मांग रही है। भारी आंकड़ों की बात करें तो सरकार ने जिन 10 प्रमुख गारंटियों का वादा किया था, उनमें रोजगार सृजन, महिलाओं को आर्थिक सहायता, पुरानी पेंशन व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा सुधार जैसे बिंदुओं पर अब तक ठोस प्रगति नहीं दिखी है। आपदा प्रभावित परिवार अब भी राहत की प्रतीक्षा में हैं, जबकि सरकार का फोकस प्रचार अभियानों पर है।

**पहल** मां के सपनों को भाई-बहन ने बनाया अपनी मेहनत से मुकम्मल

# शिमला के ऐतिहासिक रिज के सरस मेले में दिख रहा हुनर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



सरस मेले में संधु स्वयं सहायता समूह के स्टॉल पर अपने पारम्परिक उत्पादों के साथ इंदु और अमन।

**संघर्ष से संकल्प तक दिखाई अपनी प्रतिभा**

**18 महिलाओं को मिला भरोसे का सहारा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गांव कलहेली में एक मां के अधूरे सपने को उसके दो बच्चों ने अपने हौसले और मेहनत से पूरा कर दिखाया।

वर्ष 2020 में पंजीकृत संधु स्वयं सहायता समूह को शुरू में इंदु और अमन की माता संभालती थीं, लेकिन 2022 में उनके अचानक निधन के बाद यह जिम्मेदारी दोनों भाई-बहन के कंधों पर आ गई। इंदु ने निजी नौकरी छोड़कर गांव लौटने का कठिन फैसला लिया और छोटे भाई अमन के साथ मिलकर समूह को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आज यह समूह आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुका है।

इंदु और अमन ने समूह से जुड़ी 18 ग्रामीण महिलाओं को यह भरोसा दिलाया कि उनके रोजगार पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। बीते तीन वर्षों में पारंपरिक कुल्लू वस्त्रों के निर्माण और विपणन को संगठित रूप दिया गया। कलहेली में संचालित दुकान के साथ-साथ ये उत्पाद देशभर के सरस मेलों और हस्तशिल्प मेलों में भी लोगों तक पहुंच रहे हैं। इससे न सिर्फ समूह का विस्तार हुआ, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आमदनी भी स्थिर हुई।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ाव ने समूह को नई दिशा दी। रिज पर आयोजित सरस मेले जैसे आयोजनों में स्टॉल मिलने से उनके उत्पादों को बड़ा मंच मिला। इंदु और अमन का कहना है कि अगर ये अवसर न मिलते तो कारोबार का विस्तार संभव नहीं था। आज समूह पूरी तरह स्थानीय संसाधनों और पारम्परिक हुनर पर आधारित है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूती देता है।

### पारंपरिक वस्त्रों को आधुनिक पहचान देने की पहल

**संधु** स्वयं सहायता समूह सदरी, कोट, गर्म सूट, शॉल, टोपी और कुाई से बने वॉल फ्रेम जैसे कई उत्पाद तैयार कर रहा है। जीआई टैग प्राप्त कच्चे माल का उपयोग कर पारम्परिक डिजाइनों को आधुनिक पसंद के अनुरूप ढाला जा रहा है। इंदु का मानना है कि यदि युवा पीढ़ी इन वस्त्रों को अपनाए, तो संस्कृति भी बचेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

# हिमाचल पहुंचे छत्रधारी चालदा महासू महाराज से आशीर्वाद ले रहे लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**द्राबिल में उमड़ा आस्था का महासागर, घाटी जयकारों से गूंजी, हजारों श्रद्धालु बने ऐतिहासिक क्षण के साक्षी**

उत्तराखंड-हिमाचल के बड़े हिस्से में न्याय के देवता के रूप में पूजे जाने वाले छत्रधारी चालदा महासू महाराज की ऐतिहासिक प्रवास यात्रा हिमाचल प्रदेश में प्रवेश कर गई। मीनस नदी के तट से यह देव यात्रा जिला सिरमौर के द्राबिल गांव पहुंची, जहां लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने महाराज के दर्शनों किए। महासू महाराज की जय के गगनभेदी जयकारों से पूरी शिलाई घाटी भक्तिमय हो उठी। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के कारण द्राबिल और आसपास के क्षेत्रों में देर रात तक उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

द्राबिल पहुंचने के बाद देव यात्रा रविवार को पैदल ही पशमी के लिए रवाना होगी। अनुमान है कि यात्रा रविवार देर रात पशमी पहुंचेगी, जहां न्याय के देवता के लिए निर्मित दो भव्य मंदिरों में से एक में उनका विधिवत विराजमान होना होगा। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए सिरमौर के साथ-साथ शिमला, सोलन और उत्तराखंड से हजारों श्रद्धालु द्राबिल पहुंचे। श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक रही कि सड़कों पर पैर रखने की जगह नहीं बची। देव पालकी के पारंपरिक वादन, शंख और घड़ियालों की गूंज ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, वहीं ग्रामीणों ने घरों और मंदिरों को सजाकर देवता के स्वागत की विशेष तैयारियां कीं।

### द्राबिल में देव पालकियों की हुई पारंपरिक भेंट

**सूचना** के अनुसार द्राबिल पहुंचते ही द्राबिल मंदिर से महासू महाराज की पालकी बाहर लाई गई और छत्रधारी चालदा महाराज की पालकी के साथ उनका पारंपरिक मिलन कराया गया। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के हनोल में 'बौठा महाराज' का मुख्य मंदिर स्थित है, जबकि द्राबिल गांव के मंदिर में भी बौठा महाराज का चिह्न स्वरूप पालकी विराजमान रहती है। एनएच-707 के समीप पड़ाव स्थल पर दोनों भाइयों बौठा और चालदा महाराज का यह मिलन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना। मान्यता है कि चालदा महासू और महासू महाराज दोनों आपस में भाई थे, और उनकी यह ऐतिहासिक भेंट क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

# आंवला : स्वास्थ्य, पोषण और दीर्घायु का दिव्य फल



**भारतीय** परंपरा में आंवला को एक 'दिव्य फल' कहा गया है। यह न केवल आयुर्वेद का शक्तिशाली रसायन है, बल्कि आज आधुनिक विज्ञान भी इसके अद्भुत पोषण और औषधीय गुणों को प्रमाणित कर चुका है। रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने से लेकर पाचन, त्वचा, बाल, हृदय और यकृत तक आंवला एक संपूर्ण स्वास्थ्य संरक्षक है। आंवला धीमी गति से बढ़ने वाला पर्णपाती वृक्ष है, जो 1500 मीटर तक के हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। यह धार्मिक, औषधीय और खाद्य तीनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राचीन ऋषि-मुनियों ने जिन वृक्षों को पूजन, उपवास, यज्ञ और संस्कारों में स्थान दिया, वे वस्तुतः स्वास्थ्य-विधान के प्राकृतिक भंडार थे। ऐसे पौधे जो शरीर, मन और पर्यावरण तीनों को संतुलित रखते थे। आंवला के दिव्य और गुणकारी औषधीय मूल्यों के कारण इसे हमारे शास्त्रों ने अमृतफल की उपाधि दी है। कार्तिक पूर्णिमा पर आंवला फल-दिया, दूर्वा और पुष्पों के साथ-जल में प्रवाहित करने की परंपरा आज भी जीवित है। तुलसी विवाह के समय आंवला फलों का विशेष उपयोग होता है। ग्रामीण बच्चों द्वारा वृक्ष के नीचे बनाई जाने वाली 'आंवले थाले री खिचड़ी' की परंपरा कभी स्थानीय संस्कृति की पहचान थी।



| रोग/स्थिति | उपयोग की विधि | खुराक |
|---|---|---|
| कमजोर प्रतिरक्षा | 1 चम्मच सूखा आंवाला | पाउडर गुनगुने पानी के साथ दिन में 1-2 बार |
| डायबिटीज | आंवला का ताजा रस | सुबह खाली पेट 10-20 एमएल |
| कब्ज समस्याएं | आंवला चूर्ण + गर्म पानी | रात में 1 चम्मच |
| बाल झड़ना/सफेद | आंवला पाउडर | सप्ताह में 1 बार हेयर पैक |
| खांसी-जुकाम | शहद में मिला पाउडर | दिन में 2-3 बार 1 चम्मच |
| यकृत शुद्धि | आंवला-एलोवेरा मिश्रित जूस | सुबह 20 एमएल |
| कैंसर-रोधी | कच्चा आंवला/ जूस | प्रतिदिन 1-2 ताजे फल |
| पेट दर्द/अपच | आंवला कैंडी या चूर्ण | भोजन के बाद 1-2 कैंडी |
| त्वचा चमक | कच्चा आंवला/ रस | प्रतिदिन 1 फल |
| अनीमिया | आंवला जूस + गुड़ | सुबह 10 एलएल जूस |
| बुखार/सूजन | आंवला का काढ़ा | दिन में 1 कप |

### 100 ग्राम आंवला में मिलने वाले पोषक तत्व

| घटक | मात्रा |
|---|---|
| कार्बोहाइड्रेट | 10g |
| नमी | 86 g |
| प्रोटीन | 1 g |
| वसा | 0.5 g |
| गैलिक एसिड | 3012.5 mg |
| विटामिन सी | 478 mg |
| (नींबू से लगभग 20 गुना अधिक) | |
| विटामिन ई | 0.16 mg |
| कैल्शियम | 25 mg |
| आयरन | 0.9 mg |
| मैग्नीशियम | 10 mg |
| फास्फोरस | 21 mg |
| पोटैशियम | 198 mg |
| सोडियम | 13 mg |
| जिंक | 0.12 mg |
| क्लोराइड | 25.6 mg |



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

## सरल और प्रभावी टॉनिक

**आयुर्वेद** के अनुसार, आहार ही औषधि है यानी भोजन ही हमारी पहली दवा है। इसी सिद्धांत पर आधारित आंवला चाय एक ऐसा सरल, सुरक्षित और प्रभावी पेय है, जिसे हर आयु वर्ग का व्यक्ति रोज ले सकता है। जब आंवला चाय के रूप में लिया जाता है, तो इसकी केवल थोड़ी मात्रा ही शरीर द्वारा आसानी से अवशोषित हो जाती है, जिससे पाचन, प्रतिरोधक क्षमता, त्वचा-बाल और यकृत सभी को लाभ मिलता है। ताजे आंवले या आंवला पाउडर दोनों से यह पौष्टिक टॉनिक तैयार किया जा सकता है।



## पोषण का बेजोड़ खजाना

आंवला दुनिया का सबसे समृद्ध प्राकृतिक विटामिन-सी स्रोत है। भारतीय घरों में आंवला को ऊर्जा, शुद्धता और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इसके फल कच्चे और पके दोनों रूपों में लोकप्रिय हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं हर वर्ष इसके फलों का संग्रह कर अचार, मुरब्बा, जैम, चटनी, कैंडी, भले और बड़ियां आदि बनाती हैं-जो पूरे वर्ष पोषण का स्रोत बने रहते हैं।

## आंवला टॉनिक टी की रेसिपी

सामग्री (1-2 कप)
1 tsp आंवला पाउडर या 1-2 tbsp कद्दूकस किया हुआ ताजा आंवला
3-4 पुदीना पत्ते या लुकाठ पत्ते।
1-2 दाने काली मिर्च (क्रश की हुई)
1-2 tsp गुड़ या 1 tsp शहद (शहद को गर्म पानी में कभी न उबालें) 1½ कप पानी।
चूटकी भर अजवायन और काला नमक ।




### विधि

- एक पैन में पानी उबालें।
- उसमें आंवला पाउडर या ताजा कद्दूकस किया हुआ आंवला डालें।
- काली मिर्च, अजवायन, नमक और लुकाठ/पुदीना पत्ते मिलाएं।
- 3-4 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं।
- गैस बंद कर 1 मिनट ढककर रखें ताकि पौष्टिकता बनी रहे।
- मिश्रण को छान लें।
- अगर गुड़ डालना है तो गर्म चाय में मिला दें।
- शहद डालना हो तो चाय थोड़ी गुनगुनी होने पर ही मिलाएं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



## औषधीय महत्वः रोग व उपयोग



**नवीन** शोधों ने भी आंवला को एक शक्तिशाली इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में पहचाना है, जो शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढाने में सहायक है। इसमें पाए जाने वाले कैंसर-रोधी पादप-रसायन स्तन, यकृत, अग्न्याशय, गर्भाशय और पेट के कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने तथा कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक हैं। यह मधुमेह नियंत्रण में प्रभावी होकर रक्त शर्करा संतुलित करता है और इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ाता है। आंवला हृदय का संरक्षक है-यह एलडीएल घटाकर एचडीएल को बढ़ाता है। त्वचा और बालों के लिए यह प्राकृतिक टॉनिक है, जो बाल झड़ना, रूसी, समय से पहले सफेदी और त्वचा की उम्र बढ़ने जैसी समस्याओं में लाभ देता है। साथ ही यह उत्कृष्ट डिटॉक्सिफायर होकर यकृत को शुद्ध करता है तथा कब्ज, गैस, अपच जैसी समस्याओं में राहत देकर पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है।


## आय का साधन

**ग्रामीण** महिलाएं प्राकृतिक आवासों से आंवला फल एकत्र कर तैयार उत्पाद जैसे कि आंवला अचार, मुरब्बा, जैम, चटनी, भले और बड़ियां, आंवला हर्बल चाय, आंवला कैंडी आदि बेचती हैं। कच्चा फलों का मूल्य आमतौर पर गुणवता के हिसाब से 80-150 प्रति किलो रहता है, जबकि तैयार उत्पादः 200-600 रुपए प्रति किलो तक बिकते हैं। इससे महिलाओं की आय में 30-40% तक बढ़ोतरी होती है। लेकिन आज फास्ट फूड संस्कृति और बदलती जीवनशैली के कारण आंवला जैसी पारंपरिक चीजें भोजन से गायब होती जा रही हैं। यदि इसे दैनिक आहार, सूप, चटनी, चूर्ण, कैंडी, हर्बल चाय या कच्चे रूप में शामिल किया जाए तो बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में स्वास्थ्य सुधार स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। आंवला केवल एक फल नहीं, बल्कि भारत की पौध-परंपरा का जीवंत रत्न है। यह स्वास्थ्य, रोग-प्रतिरोधक क्षमता और लंबी आयु को बढ़ाने का सरल और अत्यंत प्रभावी माध्यम है, जो हर घर में, हर थाली में वापस लौटने की प्रतीक्षा कर रहा है। हैं। आंवाल वृक्ष मिट्टी संरक्षण में सहायक होता है और यह जलवायु सहनशील होता है तथा सूखे में भी जीवित रहता है।

# होम्योपैथिक दवाः बदलते मौसम में खांसी बुखार और गले की खराश से पाएं निजात



**यदि** आप बदलते मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार या गले की खराश जैसी परेशानियों से जूझते हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। केवल कुछ बूंदों की होम्योपैथिक दवा से आपकी मौसमी बीमारी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। यह दावा है सोलन के हेल्थ एक्सपर्ट होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विनोद सूरी का। डॉ. सूरी का मानना है कि होम्योपैथिक इलाज न सिर्फ प्रभावी है, बल्कि इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। डॉ. सूरी के अनुसार, बदलते मौसम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। ऐसे में एलोपैथिक दवाएं कुछ समय के लिए राहत देती हैं, लेकिन उनकी निर्भरता और दुष्प्रभाव भविष्य में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके विपरीत, होम्योपैथिक उपचार जड़ से इलाज करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।



-डॉ. विनोद सूरी, हेल्थ एक्सपर्ट सोलन

## होम्योपैथिक मेडिसिन बेहद असरदार

**डॉ.** सूरी बताते हैं कि कुछ खास होम्योपैथिक मेडिसिन बेहद असरदार साबित हुई हैं। यदि सही समय पर सही दवा दी जाए तो मरीज की हालत तेजी से सुधरती है। सर्दी-खांसी, वायरल फीवर, बदन दर्द, सिरदर्द और गले में खराश जैसी शिकायतें इन दवाओं से केवल कुछ बूंदों से ही नियंत्रित हो जाती हैं। इस चिकित्सा पद्धति की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह व्यक्ति विशेष की संरचना, लक्षण और मानसिक स्थिति के आधार पर इलाज करती है यानी 'वन मेडिसिन फॉर ऑल' की बजाय होम्योपैथी हर व्यक्ति के लिए अलग दवा और खुराक निर्धारित करती है। यही कारण है कि इसका असर स्थायी होता है।

## बीमारी से बचाव की ढाल



**डॉ.** सूरी कहते हैं कि वर्तमान समय में जब मौसमी वायरल के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लोग पेनकिलर और एंटीबायोटिक का तुरंत सहारा ले लेते हैं, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इसके बजाय यदि रोग की शुरुआत में ही होम्योपैथी का सहारा लिया जाए, तो बीमारी की जड़ पर वार किया जा सकता है। डॉ. सूरी के हिसाब से कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लंबे समय से जुकाम या खासी से परेशान मरीजों को केवल 2 से 3 दिन के होम्योपैथिक इलाज से राहत मिल गई। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस चिकित्सा पद्धति पर विश्वास करें और डॉक्टर की सलाह लेकर दवाएं लें। होम्योपैथी न केवल इलाज करती है, बल्कि भविष्य में बीमारी से बचाव की ढाल भी तैयार करती है।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

# स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के लिए अपनाएं इलेक्ट्रो होम्योपैथिक उपचार

**हर** महिला अपने जीवन में किसी न किसी प्रकार के स्त्री रोग से पीड़ित होती हैं, जो कभी-कभी दर्द और तनाव कारक भी बन जाता है, यदि समय पर इलाज न किया जाए। शुरुआत में मासिक चक्र के दौरान पीड़ा और तनाव हो सकता है, जिसके लक्षण सामान्यतः कब्ज होना, उच्च पेरीरेक्टल फोडा, मूत्र संबंधी रोग और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव होना आदि आम समस्या है, लेकिन दर्द की अवधि और आवृत्ति के आधार पर इन समस्याओं-विकारों को अलग-अलग पहचान सकते हैं। विभिन्न बीमारियों में अक्सर एक जैसे लक्षणों की शिकायत रहती है जैसेः-



- अनियमित या अत्यधिक रक्तस्राव होना।
- संभोगोत्तर रक्तस्राव ।
- श्रोनिक्षेत्र में पीड़ा होना।
- पीठ का दर्द होना आदि ।
- यद्यपि पेल्विक दर्द किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है ।



-डॉ. सुरेंद्र ठाकुर
निदेशक, सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी बगली

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## स्त्री रोग संबंधी विकार क्या है ?

**स्त्री** रोग संबंधी विकार एक ऐसी स्थिति है] जिसमें महिलाओं के प्रजनन अंगों स्तन, उदर, श्रोणी क्षेत्र के सभी अंग जैसे गर्भाशय, अंडाशय, फैलोपियन ट्यूब, योनि व इससे जुड़े कार्य प्रभावित होते हैं ।

### प्रमुख महिला रोग

- एडनेक्सल ट्यूमर
- बार्थोलिन सिस्ट
- सर्वाइकल डिस्प्लेजिया
- एंडोमेट्राइटिस
- अक्षम गर्भाशय ग्रीवा
- ओवेरियन सिस्ट

### यूटेराइन फाइब्रोसिस आदि नामक रोगों में

वैकल्पिक रूप से हर्बल औषधि (इलैक्ट्रोहोम्योपैथी) और प्राकृतिक चिकित्सा में इलाज संभव है । इसके लिए एस-2 और सी-2 के साथ रबिसन इंडिया इलैक्ट्रोहोम्यो फार्मा के उच्च गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है । स्मरणीय है कि महिलाओं को अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य और विकास के लिए उचित आहार-विहार पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है ।

प्रस्तुतिः राजेश कुमार, धर्मशाला



# घरेलू महिलाएं अपने स्वास्थ्य का रखें ध्यान

**घरेलू** महिलाएं परिवार की सेहत, संस्कार और व्यवस्था की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाए रहती हैं। सुबह से रात तक घर के काम, बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की सेवा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच वे अक्सर अपना स्वास्थ्य पीछे छोड़ देती हैं। समाज में यह धारणा भी बनी हुई है कि घरेलू काम करते-करते महिलाएं फिट रहती हैं, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। लगातार काम, मानसिक तनाव, अनियमित खान-पान और आराम की कमी उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, इसलिए जरूरी है कि घरेलू महिलाएं स्वयं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और समाज की नींव होती है।

## संतुलित आहार है सेहत की पहली कुंजी

**घरेलू** महिलाएं अक्सर परिवार के सभी सदस्यों के खाने का ध्यान रखती हैं, लेकिन खुद अंत में या बचा-खुचा भोजन कर लेती हैं। यह आदत धीरे-धीरे पोषण की कमी का कारण बनती है। महिलाओं के आहार में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स का संतुलन बेहद जरूरी है। दालें, हरी सब्जियां, फल, दूध-दही, अंकुरित अनाज, बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मोटे अनाज नियमित रूप से शामिल करने चाहिए। खाने के समय का ध्यान रखें और दिन में तीन मुख्य भोजन तथा दो हल्के नाश्ते अवश्य लें। बहुत ज्यादा तला-भुना, मीठा और जंक फूड सीमित मात्रा में ही लें।



## पानी पीना न भूलें

**घर** के काम में व्यस्त रहने के कारण महिलाएं अक्सर पर्याप्त पानी नहीं पी पातीं। पानी की कमी से थकान, सिरदर्द, कब्ज, त्वचा की समस्या और मूत्र संक्रमण जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए। गर्मियों में यह मात्रा और बढ़ानी चाहिए। पानी के साथ नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी जैसे प्राकृतिक पेय भी लाभदायक होते हैं।

## नियमित व्यायाम और योग

**यह** सोच कि घरेलू काम ही पर्याप्त व्यायाम है, पूरी तरह सही नहीं है। शरीर को संतुलित और मजबूत रखने के लिए नियमित व्यायाम जरूरी है। घरेलू महिलाएं सुबह या शाम 30 मिनट अपने लिए निकालें। तेज चाल से चलना, योग, प्राणायाम, स्ट्रेचिंग, सूर्य नमस्कार जैसे आसान अभ्यास भी बहुत लाभ देते हैं। योग न केवल शरीर को लचीला बनाता है बल्कि मानसिक शांति भी देता है। खासकर पीठ दर्द, घुटनों के दर्द और मोटापे से बचाव में यह सहायक है।

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर

## मानसिक स्वास्थ्य पर भी दें उतना ही ध्यान

**घर** की जिम्मेदारियों, आर्थिक चिंताओं और पारिवारिक अपेक्षाओं के कारण महिलाएं मानसिक तनाव का शिकार हो जाती हैं। लंबे समय तक तनाव रहने से अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन और कई शारीरिक बीमारियां हो सकती हैं। महिलाओं को अपनी भावनाएं दबाने के बजाय परिवार से साझा करनी चाहिए। रोज कुछ समय अपने पसंदीदा काम जैसे संगीत सुनना, किताब पढ़ना, बागवानी या ध्यान के लिए निकालें। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लेने में झिझक न करें। मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य।



-डॉ. शालिनी शर्मा
शिक्षाविद एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## समय-समय पर स्वास्थ्य जांच

महिलाएं अपनी बीमारी को नजरअंदाज कर देती हैं, यह सोचकर कि 'थोड़ा दर्द तो चलता है।' लेकिन छोटी-छोटी समस्याएं आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती हैं। साल में कम से कम एक बार सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और थायराइड की जांच अवश्य करानी चाहिए। 40 वर्ष की उम्र के बाद महिलाओं को हड्डियों और हार्मोन से जुड़ी जांच पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## अपनी पहचान और आत्मसम्मान बनाए रखें

**घरेलू** महिला होना किसी भी तरह से कमतर होना नहीं है। आत्मसम्मान और आत्मविश्वास से भरी महिला मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत होती है। महिलाओं को अपने कौशल को पहचानना चाहिए और समय मिलने पर कुछ नया सीखने या अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करना चाहिए। इससे आत्मसंतोष और खुशी मिलती है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

## सकारात्मक सोच और जीवनशैली

सकारात्मक सोच से आधी बीमारियां अपने आप दूर हो जाती हैं। हर बात पर चिंता करने की बजाय समाधान पर ध्यान दें। दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव जैसे सुबह की धूप लेना, हंसना, परिवार के साथ समय बिताना और खुद की तारीफ करना भी सेहत को बेहतर बनाता है। अंत में कहा जा सकता है कि घरेलू महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं, लेकिन उनकी सेहत को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। खुद उनके द्वारा भी। यह समझना जरूरी है कि खुद का ख्याल रखना स्वार्थ नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। जब महिला स्वस्थ होगी, तभी पूरा परिवार स्वस्थ और खुशहाल रहेगा।

## पर्याप्त नींद लेना है जरूरी

**घरेलू** महिलाएं अक्सर सबसे देर से सोती हैं और सबसे पहले उठती हैं। नींद की कमी से थकान, हार्मोन असंतुलन और रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। रोज 7-8 घंटे की गहरी नींद लेने की कोशिश करें। सोने से पहले मोबाइल या टीवी का अत्यधिक उपयोग न करें। एक निश्चित समय पर सोने और उठने की आदत डालें।

## साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता

**स्वास्थ्य** के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बहुत जरूरी है। खासकर महिलाओं में संक्रमण की संभावना अधिक रहती है। रोज साफ कपड़े पहनें, निजी अंगों की स्वच्छता का ध्यान रखें और किसी भी असामान्य लक्षण पर डॉक्टर से संपर्क करें। रसोई और घर की साफ-सफाई भी संक्रमण से बचाव में सहायक होती है।

# धर्मशाला टी-20 मैच : सर्द मौसम में दर्शकों के उत्साह की गर्माहट

## दोपहर दो बजे से जुटना शुरू हो गई थी भीड़, बच्चों से लेकर बुजुर्गों में दिखा भारी उत्साह

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में रविवार को भारत और साउथ अफ्रीका के टी-20 मुकाबले को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शाम सात बजे मैच शुरू हुआ, जबकि स्टेडियम में प्रवेश का समय चार बजे निर्धारित था। इसके बावजूद दोपहर दो बजे से ही प्रवेश द्वारों के बाहर दर्शकों की भीड़ जुटने लगी थी और मैच शुरू होने से पहले ही स्टेडियम लगभग भर चुका था। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में क्रिकेट का जुनून साफ नजर आया।

कई दर्शक अपने पसंदीदा भारतीय खिलाड़ियों के नाम वाली टी-शर्ट पहनकर पहुंचे, वहीं ठंडे मौसम को देखते हुए कंबल और गर्म कपड़ों के साथ पर्यटक भी स्टेडियम में नजर आए। चार बजे गेट खुलते ही दर्शकों ने उत्साह के साथ मैदान में प्रवेश किया। मेन एंट्री गेट-दो पर भीड़ अधिक रही, जिसे पुलिस ने व्यवस्थित तरीके से संभाला। सुबह से ही शहर की सड़कों पर क्रिकेट प्रेमियों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। दोपहर बाद पुलिस मैदान में पार्किंग के बाद दर्शक तिरंगा, फेस पेंटिंग और टीम इंडिया की टी-शर्ट पहनकर स्टेडियम की ओर बढ़ते दिखे। मैच शुरू होने तक दर्शकों का प्रवेश जारी रहा। वहीं, भले ही सर्दियों में मौसम में धर्मशाला में मैच के दौरान ठंडी फिजाओं का दौर जारी रहा, लेकिन दर्शकों के उत्साह ने सर्द मौसम में भी गर्माहट ला दी।


फोटो : प्रियंका
क्रिकेट के रंग में रंगा धर्मशाला

### क्यूआर कोड स्कैन कर प्रवेश

**पहली** बार धर्मशाला में ई-टिकट में क्यूआर कोड स्कैन कर प्रवेश दिया गया है, ऐसे में चार बजे तक उसके अनॅलाक न होने तक कई दर्शकों को एंट्री को लेकर संशय भी बना रहा। इसके बाद प्रवेश मिलने पर दर्शकों ने स्टेडियम में क्यूआर कोड से प्रवेश किया। इसके बाद भारतीय टीम के समर्थक अपनी टीम के समर्थन करते हुए नारों के साथ स्टेडियम में प्रवेश करने को बढ़े।

**धर्मशाला** के बाजारों और पर्यटन स्थलों पर हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। भारतीय खिलाड़ियों की जर्सियां, भारतीय तिरंगा व पोस्टर्स जगह-जगह नजर आ रहे हैं। टी-20 के रोमांच ने धर्मशाला में उत्सव सा माहौल क्रिएट कर दिया। शहर की दीवारें भी टी-20 मैच के रंग में रंगी नजर आ रही हैं।

- दर्शक बिना बर्फ के भी धौलाधार को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए।
- सुबह से दोपहर तक छाए रहे बादलों ने क्रिकेट प्रेमियों को खूब डराया, पर उत्साह नहीं हुआ कम।


फोटो : राज शर्मा

### एंट्री गेट को लेकर असमंजस

**बाहरी** राज्यों सहित स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में मैच टिकटों में अंकित प्रवेश द्वारों को लेकर असमंजस रहा। क्रिकेट प्रेमी स्थानीय व पुलिस विभाग के जवानों को गेट के बारे में पूछते नजर आए। इसके बाद क्रिकेट प्रेमियों का सहयोग करते हुए स्थानीयों व विभाग सदस्यों और ऑनलाइन बुकिंग कंपनियों के सदस्यों ने मैच देखने आए क्रिकेट प्रेमियों को गेट नंबरों तक पहुंचाया।

### दर्शकों की क्रिकेट दीवानगी

**धर्मशाला** में रविवार को हुए मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की दीवानगी देखते ही बनी। मैच देखने आए क्रिकेट प्रेमी सूर्या कुमार यादव, अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह सहित अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की टी-शर्ट पहन चेहरे पर तिरंगा लिए स्टेडियम की ओर बढ़े। वहीं, छोटे कारोबारियों ने समर्थकों को खिलाड़ियों की टी-शर्ट बेचकर उनका उत्साह बढ़ाया। सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस बल ने जांच कर उन्हें स्टेडियम में प्रवेश करवाया।



## न्यूज ब्रीफ

### शूटिंग में सोनम वर्मा खेलेगी नेशनल




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता-2025 में सोनम वर्मा पत्नी कमल कुमार ने 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेकर नेशनल क्वालिफाई किया है। अल्प समय की प्रैक्टिस के बावजूद सोनम का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय रहा है।

### कुंज्जेश्वर मणिमहेश सेवा दल ने लगाया भंडारा

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कुंज्जेश्वर मणिमहेश सेवा दल जयसिंहपुर की ओर से रविवार को कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर लोअर लंबागांव में विशाल भंडारे किया गया। इसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में मणिमहेश सेवा के दल ने पूजा पाठ ओर हवन कर भंडारे की शुरुआत की। इस अवसर पर कुंज्जेश्वर मणिमहेश सेवा दल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, मुनीश कटोच, नवीन, अमित मनास, शिव चरण, आशु वर्मा के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### जलेरा बठरा के व्यक्ति ने निगला जहर, मौत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा थाना क्षेत्र के गांव जलेरा, डाकघर बठरा निवासी 63 वर्षीय विपन चंद शर्मा पुत्र हरि चंद शर्मा ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने उपचार के लिए सिविल अस्पताल डाडासीबा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उनकी मौत हो गई। डीएसपी डाडा सीबा राजकुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी तथ्यों, परिस्थितियों और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चंडोला पुल न बनने पर होगा चुनाव का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के धारकलां क्षेत्र की ग्राम पंचायत भंगुड़ी, पलाह और रोग में स्थानीय लोगों ने ब्लॉक समिति और जिला परिषद उम्मीदवारों के चुनाव में भाग नहीं लेकर पंजाब सरकार के प्रति विरोध प्रकट किया। प्रदर्शनकारी अश्वनी शर्मा, दीपक सुमवरिया, विजय कुमार, रणजीत सिंह, गौतम सिंह पठानिया सहित अन्य ने बताया कि 9 जुलाई 2022 को मुख्य चंडोला पुल भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया था। पिछले तीन वर्षों से लोग अपने खर्च पर पुल की मरम्मत कर रहे हैं, बावजूद इसके जिला प्रशासन ने समस्या का समाधान नहीं किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुल का जल्द नवनिर्माण नहीं हुआ, तो भविष्य के सभी चुनावों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने 'पुल नहीं तो वोट नहीं' के नारे के तहत अपनी मांगों को स्पष्ट किया।

### पड्डल रैली से भाजपा को करारा जवाबः अश्वनी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** प्रदेश सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित रैली में उमड़े अपार जनसमूह ने भाजपा को कड़ा जवाब दिया है। यह बात कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव अश्वनी शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि मंडी में आयोजित यह रैली प्रदेश के राजनीतिक इतिहास की सबसे बड़ी रैलियों में से एक रही। रैली में लोगों का उत्साह और जोश देखने लायक था। कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने तीन वर्षों में हिमाचल की तकदीर और तस्वीर बदल दी है। जिस पर रैली में उमड़ी भीड़ ने अपनी मुहर लगा दी।

### पुलिस ने 1 ट्रैक्टर और 2 टिप्पर किए जब्त

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नुरपूर ने पुलिस थाना डमटाल व फतेहपुर के तहत अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 ट्रैक्टर व 2 टिप्पर को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही हे। भविष्य में भी जिला पुलिस नूरपुर का अवैध खनन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## अपर भलवाल गांव में सेना के जवान ने लगाया फंदा

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस थाना डाडासीबा के तहत अपर भलवाल गांव से सेना में तैनात 28 वर्षीय नीरज कुमार पुत्र संजीव कुमार ने शनिवार को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नीरज को सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस थाना प्रभारी मदन मोहन डाडासीबा की टीम अस्पताल पहुंची और कानूनी प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नीरज कुमार भारतीय सेना में तैनात था। जवान की असमय मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल देहरा भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और घटनाक्रम से जुड़े सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है। डीएसपी डाडासीबा राजकुमार ने पुष्टि की है

## डाडासीबा में रात 10 बजे के बाद डीजे बजाया तो होगी सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में रात दस बजे के बाद डीजे या किसी भी तरह का साउंड सिस्टम बजाना अब भारी पड़ सकता है। डाडासीबा पुलिस ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि तय समय के बाद अगर कहीं भी डीजे या तेज आवाज में साउंड बजता पाया गया तो न केवल कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बल्कि डीजे का पूरा सामान भी जब्त किया जाएगा। थाना प्रभारी डाडासीबा मदन मोहन ने कहा कि क्षेत्र में लगातार तेज आवाज में डीजे बजने की शिकायतें पुलिस को मिल रही हैं। आम जनता, विशेषकर छात्रों और बुजुर्गों को हो रही परेशानी को देखते हुए पुलिस ने अब सख्ती से निपटने का फैसला लिया है। शिकायतों के आधार पर पुलिस टीमों का गठन कर गश्त बढ़ा दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मार्च माह में स्कूली बच्चों की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। ऐसे समय में देर रात तक डीजे और अनावश्यक शोर बच्चों की पढ़ाई में सीधा व्यवधान पैदा करता है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए डाडासीबा थाना क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, डाडा सीबा पुलिस की इस सख्त चेतावनी के बाद डीजे संचालकों और आयोजकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने जनता से भी अपील की है कि नियमों का पालन करें और शांति बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि बच्चों की पढ़ाई और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो।

## गैलेक्सी स्कूल में मेधावी किए सम्मानित


गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जीएवी स्कूल कांगड़ा के रिटायर्ड प्रधानाचार्य व सीबीएसई को-ऑर्डिनेटर सुनील कांत चड्ढा ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, उसके बाद मंच का उद्घोषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्रों ने टुकुर टुकुर, लव यू जिंदगी, शिव तांडव, हिमाचली नाटी, भांगड़ा और गिद्धा जैसी प्रस्तुतियां दी। दर्शकों ने बार-बार तालियों से कलाकारों की हौसला अफजाई की। मुख्यातिथि सुनील कांत ने छात्रों को मेहनत, लक्ष्य निर्धारण और अध्ययन के महत्व पर जोर देते हुए भविष्य के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने विद्यालय की विकास योजनाओं और भविष्य की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एएसआई योगेश प्रिंगल, डॉ उपेंद्र शर्मा, रिटायर्ड शिक्षक गुरुदेव भारती, हिमाचल प्रदेश वूमेन मेंबर कमीशन रीना धनोच सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में स्कूल के निदेशक डॉ. गुलशन कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार वार्षिकोत्सव ने बच्चों में सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करते हुए सभी के लिए यादगार अनुभव प्रदान किया।

## अवैरी गांव के अमित कुमार बने लेफ्टिनेंट


अमित कुमार सेन ने सशस्त्र सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के अवैरी गांव के अमित कुमार सेन ने सशस्त्र सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अमित की माता मीना कुमारी ग्रहिणी है, जबकि पिता अशोक धीमान निजी कंपनी में कार्यरत हैं। इससे पहले अमित भारतीय सेना में बतौर सैनिक कार्यरत थे।

आरंभिक शिक्षा के बाद अमित ने पंडित संतराम मेमोरियल डिग्री कॉलेज से स्नातक की उपाधि ली। घर के आर्थिक हालत ठीक न होने के चलते नौकरी करने का फैसला किया। वर्ष 2018 में बतौर सैनिक भर्ती हुए और 13 दिसंबर, 2025 को सेवा में रहते हुए कमीशन क्वालीफाई किया। शनिवार को माता-पिता की उपस्थिति में उनकी पिनिंग सेरेमनी इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून में हुई। रविवार को अपने पटोरी गांव पहुंचे, जहां परिजनों ने धाम का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक और समाजसेवी उमेश भारद्वाज ने अमित कुमार की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए बधाई दी है।

## बीड़ होटल एसोसिएशन ने विधायक से की कचरे को सीमेंट फैक्टरी भिजवाने की मांग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**बीड़** होटल एसोसिएशन ने साडा अध्यक्ष एवं विधायक किशोरी लाल से आग्रह किया है कि लगभग पांच ट्रक कचरा, जो जलाए जाने के लिए सीमेंट फैक्ट्रियों को भेजा जाना है, उसे भिजवाने का प्रबंध किया जाए। संस्था के प्रवक्ता अंकित सूद ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष सतीश अबरोल द्वारा विधायक को पत्र लिखकर इस संबंध में मांग की गई है। उन्होंने कहा कि गत चार वर्षों से क्षेत्र में कचरे की समस्या बढ़ रही थी, और कोई अन्य साधन न देखकर संस्था ने स्वयं इस कार्य की जिम्मेदारी उठाई।

संस्था द्वारा री-साइक्लिंग योग्य कचरे को पूरी तरह छंटाई करके री-साइक्लिंग के लिए भेजा जाता है, जबकि जो कचरा री-साइक्लिंग के योग्य नहीं है, उसे सीमेंट फैक्ट्रियों को भिजवाया जाता है। पिछले तीन वर्षों से साडा से अनुरोध किया जा रहा है कि वे सीमेंट फैक्ट्रियों के साथ एमओयू करें, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ, जिससे कचरे


साडा अध्यक्ष एवं विधायक किशोरी लाल को पत्र लिखकर की मांग।

को भिजवाने में समस्याएं आ रही हैं। कानूनन यह कचरा नगर पंचायत या अन्य संस्थाओं द्वारा भेजा जाता है, और पहले ऐसा होता रहा है, लेकिन वर्तमान सेक्रेटरी के आने के बाद पिछले छह महीनों से बैजनाथ नगर पंचायत से कोई सहयोग नहीं मिला। संस्था ने शुरुआत में वेस्ट वॉरियर नामक संस्था को भी बुलाया था, जिन्होंने केवल महीने में तीन दिन ही सूखा कचरा इकट्ठा किया और संस्था की कोई मदद नहीं की। साडा लागू होने के कारण कचरा प्रबंधन और सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह क्षेत्र विकास प्राधिकरण की है। अब तक संस्था द्वारा 7000 क्विंटल सूखा और 8000 क्विंटल से अधिक गीला कचरा निष्पादित किया जा चुका है। इसके अलावा सात क्विंटल से अधिक सिंगल यूज पॉलीथीन को अलग करके लोक निर्माण विभाग बैजनाथ को सड़कों में टारकोल के साथ बिछाने के लिए दिया गया। संस्था अपने क्षेत्र को जीरो वेस्ट डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में अग्रसर है और इसी प्रयास के तहत स्वच्छता कैफे का निर्माण भी किया जा रहा है।

## योल में गूंजा सनातन चेतना का स्वर हिंदू सम्मेलन में पंच परिवर्तन का संदेश

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** हिंदू सम्मेलन समिति योल मंडल की ओर से रविवार को श्री राधा-कृष्ण मंदिर, योल परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सुबह 10:30 बजे आरंभ हुआ यह सम्मेलन दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें योल व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सकल हिंदू समाज के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ शांति हवन और दीप प्रज्वलन से हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष ब्रिगेडियर अजय शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज को संगठित कर भारतीय संस्कृति और मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने पंच परिवर्तन-नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और कुटुम्ब प्रबोधन को आज के समय की आवश्यकता बताया। चिन्मय तपोवन से पधारे स्वामी प्रकाशानंद ने सनातन धर्म और अध्यात्म पर प्रवचन देते हुए संस्कारों, आत्मबोध और सामाजिक एकता का महत्व रेखांकित किया।

सामाजिक कार्यकर्ता विपिन जी ने युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों से सकारात्मक बदलाव के लिए आगे आने का आह्वान किया। महिला सशक्तिकरण पर डॉ. आरती परमार के संबोधन ने विशेष प्रभाव छोड़ा। उन्होंने नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता पर जोर देते हुए महिलाओं को समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। साई स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सम्मेलन में रंग भर दिए। समिति के सह संयोजक अजय गुलेरिया, सुरेंद्र कपूर, सुदर्शन धीमान, अक्षित मैनी और राकेश कुमार ने बताया कि सम्मेलन की सफलता में स्थानीय समाज के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग रहा।

## ठाकुरद्वारा में दो युवक 6.55 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार


पुलिस टीम के साथ ठाकुरद्वारा में चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए युवक।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** जिला कांगड़ा की पुलिस की ओर से नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए लगातार गश्त व नाकाबंदी की जा रही है।

इस कड़ी में शनिवार को पुलिस थाना भवारना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ठाकुरद्वारा चौक के नीचे सड़क के दाहिने तरफ प्रियन राणा (21) पुत्र विनोद कुमार निवासी गांव गदियाड़ा डाकघर रजेहड तहसील पालमपुर व आदित्य (22) पुत्र चंद्रहास निवासी गांव जलेहड डाकघर बेनूरी तहसील पालमपुर के कब्जे से 6.55 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। भवारना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और मादक पदार्थ अधिनियम के अधीन मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## वांछित आरोपी अंकित पिंजौर से गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस टीम ने वांछित आरोपी पिंजौर से गिरफ्तार कर लिया है। गौर रहे कि 25 नवंबर को पुलिस थाना डमटाल के अधीन मुकाम भदरोया में नाकेबंदी के दौरान प्रथम पुत्र अश्वनी कुमार निवासी गांव सीरत, मोहटली व सचिव पुत्र बलंबत निवासी सुजानपुर तह इंदौरा के कब्जे से 6.32 ग्राम चिट्टा बरामद किया था।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना डमटाल में मामला दर्ज किया था। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश जिला पुलिस नूरपुर विभिन्न स्थानों छापेमारी कर रही थी। जिला पुलिस नूरपुर कार्रवाई करते हुए इस अभियोग में वांछित एक अन्य आरोपी अंकित उर्फ अंकू पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव उपरला नवां डाकघर चौकी तहसील पालमपुर जिला कांगडा को भी पकड़ने में सफलता प्राप्त की। यह कार्रवाई नशे के खिलाफ जिले में पुलिस की सतत सक्रियता और कड़ी निगरानी का परिणाम है।

## तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में दो दिवसीय हिंदी वर्कशॉप संपन्न

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में दो दिवसीय हिंदी विषय की कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम सीबीएसई द्वारा संचालित वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय हिंदी कोर्स था, जिसमें विद्यालय व विभिन्न स्कूलों के लगभग 50 अध्यापकों ने भाग लिया।

कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में मति मीना पराशर प्रधानाचार्य मिलेनियम पब्लिक स्कूल गुरदासपुर और प्रोमिला देवी डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदरनगर ने शिरकत की।

रिसोर्स पर्सन और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा सहित मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अध्यापकों को हिंदी विषय पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बच्चों को योजना बनाकर पढ़ाना चाहिए। बिना किसी



वर्कशॉप में विभिन्न स्कूलों के लगभग 50 अध्यापकों ने भाग लिया।

योजना से हम अपने बच्चों को शिक्षित न करें। बच्चों को योजनाबद्ध तरीके से शिक्षित करेंगे तो आपके कार्य में सफलता हासिल होगी, इसलिए पाठ योजना सभी बच्चों को ध्यान में रखकर बनानी चाहिए। पाठ योजना रोचक होनी चाहिए, ताकि बच्चे आपके कालांश का इंतजार करें। यदि शिक्षक ने अपनी पाठ योजना बनाकर, रोचक प्रभावशाली, रुचिकर और उचित विधि द्वारा बनाया है, तो सभी बच्चे रुचि लेंगे और उन्हें विषय के बारे में अच्छा ज्ञान प्राप्त होगा। पाठ योजना को किस प्रकार से पाठ योजना बनानी है, उसके बारे में अवगत करवाया। विधालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने आए हुए रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने दोनों रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद किया।

## डीआर स्कूल नैहरनपुखर में 'टैलेंट हंट परीक्षा में 55 स्टूडेंट्स ने लिया भाग


डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर परिसर में बच्चों की उमड़ी भारी भीड़।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में रविवार को एजुकेशन 36 यूनएकेडमी के सहयोग से 'टैलेंट हंट परीक्षा 2025-26' का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में ब्लॉक भर के विभिन्न स्कूलों से आए 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता में परागपुर ब्वॉजय स्कूल केंद्रीय विद्यालय नलेटी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुनेहत और डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के छात्र-छात्राओं ने उत्साह, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा विशेष रूप से एनडीए, एसएसबी, फाउंडेशन और ओलंपियाड जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखकर आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं, जिससे आयोजन की गंभीरता और गुणवत्ता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। आयोजकों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।

## न्यूज ब्रीफ

### राजपुरा में भव्य हिंदू महासम्मेलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजपुरा पंचायत में आयोजित भव्य हिंदू महासम्मेलन में मिसेज इंडिया-2025 संगीता सोनी ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर दिव्यांग किरण स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा सुषमा कुमारी, दिव्यांग कल्याण संघ की कोषाध्यक्ष रेनू गौतम, नॉन सी आर पी बीना, नक्षत्र, हिंदू सम्मेलन के विभाग प्रचारक (जिला बिलासपुर), कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोशन, सूबेदार बुधीराम, डॉ. किरण मिश्रा (नर्सिंग सुपरिटेंडेंट एवं प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ) तथा योग शिक्षिका अंजलि सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संगीता सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति हमारी पहचान और जीवन मूल्यों की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता, सेवा भाव और संस्कारों के संरक्षण के लिए ऐसे आयोजनों की आज के समय में विशेष आवश्यकता है।

### पेंशनर्स दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह 17 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश, महासचिव नरोत्तम धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान कर्मचंद गौतम एवं समस्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सभी खंडों, शहरी इकाइयों तथा ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारियों से सादर अनुरोध किया है कि 17 दिसंबर को अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस राज्य स्तरीय समारोह, जो इस वर्ष निजी होटल घुमारवीं में आयोजित किया जा रहा है में सभी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। समारोह में मुख्यातिथि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी एवं विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी होंगे। समारोह में 90 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पैंशनर्ज की चिरलंबित मांगों/समस्याओं संबंधित मांगपत्र शीघ्र समाधान हेतु सम्माननीय मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा।

### बैरी मियां में आज लगेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत बैरी मियां के प्रांगण में सोमवार को एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच आधुनिक तकनीक से पूरी तरह मुफ्त की जाएगी। इस हेल्थ कैंप में शरीर का फ्री स्कैन किया जाएगा तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जरूरी जानकारियां दी जाएंगी। कैंप में शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड, घुटनों व जोड़ों की समस्या, हृदय रोग, मोटापा जैसी लंबी बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष परामर्श दिया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा यह बताया जाएगा कि किस प्रकार सही खानपान और दिनचर्या अपनाकर इन बीमारियों से राहत पाई जा सकती है। आयोजकों के अनुसार यह हेल्थ चेकअप कैंप लोगों को डिजीज फ्री, हॉस्पिटल फ्री और मेडिसिन फ्री जीवन की ओर प्रेरित करेगा। ग्रामीणों से अपील की गई है कि यदि उनके पास किसी प्रकार की पुरानी ब्लड रिपोर्ट है या वे किसी दवा का सेवन कर रहे हैं, तो उसे साथ लेकर आएं, ताकि मेडिकल एक्सपर्ट सही परामर्श दे सकें। ग्राम पंचायत की प्रधान मधु चंदेल ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

### 80 वर्ष पूरे कर चुके पेंशनर्स होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक चेत राम वर्मा ने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष व कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार जिला बिलासपुर में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 17 दिसंबर को विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर में अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस मनाया जायेगा, जिसमें अस्सी वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है उन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिला बिलासपुर संयुक्त संघर्ष समिति के 18 संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य भी भाग लेंगे जिसमें बिजली बोर्ड, हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन, पुलिस विभाग, नगर निकाय, कारपोरेट सेक्टर, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन, फारेस्ट कारपोरेशन, एग्रो इंडस्ट्रीज, सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन, यूनिवर्सिटी, जीआईसी, टूरिज्म कारपोरेशन व अन्य सभी विभागों के पेंशनर्स भाग लेंगे।

### छकोह स्कूल की रीता खेलेगी नेशनल गेम्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झारखंड के रांची में होने वाले अंडर-17 स्कूली नेशनल गेम्स में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छकोह की छात्रा रीता देवी का चयन हुआ है। वर्तमान में वह कंडाघाट (सोलन) में प्रशिक्षण ले रही हैं। स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य शशिकांत कौंडल ने बताया कि रीता एक ऑलराउंडर छात्रा हैं और इससे स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। यह प्रतियोगिता 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित होगी।

### बिलासपुर अंडर-19 पुरुष क्रिकेट टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली अंडर-19 पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर टीम का चयन किया गया। करीब 50 खिलाड़ियों के ट्रायल के बाद टीम चुनी गई। टीम का प्रशिक्षण शिविर 1 जनवरी 2026 से लुहणू मैदान में शुरू होगा।

### वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रशेखर पंत को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद स्वर्गीय चंद्रशेखर पंत के निधन पर कल्याण कला मंच द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे बिलासपुर पब्लिक स्कूल के संस्थापक रहे थे और शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। हिंदी और अंग्रेजी में उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हुईं।

### अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें छात्र

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण, झंडूता के सहयोग से एक विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं छात्रों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। शिविर में बतौर मुख्यातिथि न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत डढवाल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर उपस्थित रहीं। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में विधिक साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी ज्ञान समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और जरूरत पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण की मदद लें।

### गेहड़वीं में कल होगा विशेष सम्मान समारोह

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** भूतपूर्व सैनिक और कल्याण समिति गुग्गा गेहडवीं अध्यक्ष सुबेदार रणजीत सिंह ने बताया कि समिति ने अपनी बैठक में यह निर्णय लिया है कि 16 दिसंबर को गेहड़वीं में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपनी शौर्य गाथा लिखने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा।

# आरएसएस का ध्येय भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाना : सुरजीत

## थुरान मंडल के हिंदू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता की शिरकत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख बिलासपुर सुरजीत ठाकुर ने झंडूता के थुरान मंडल द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में उपस्थित विशाल हिंदू शक्ति को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि राष्ट्र प्रथम, समाज द्वितीय और स्वयं किसी स्थान पर नहीं के भाव से राष्ट्र और समाज भक्ति से ओतप्रोत व्यक्तियों का निर्माण संघ 1925 से करता आ रहा है। आज स्वयंसेवक अपने देश समाज को सर्वोपरि रखते हुए अपने आचरण की शुद्धता से अलग-अलग क्षेत्रों में एक रोल मॉडल बनकर कार्य कर रहे हैं।

संघ के कार्यकर्ता ईदम राष्ट्रीयाय, ईदम न मम, ओम राष्ट्रीयाय स्वाहा के भाव से अपने तन, मन, धन को बिना किसी लोभ, स्वार्थ से राष्ट्र सेवा समाज सेवा के लिए अर्पित करते आए हैं। संघ किसी प्रसिद्धि के पीछे नहीं भागता, बल्कि चुपचाप नींव का पत्थर बनकर भारत को विश्व का सिरमौर बनाने के कार्य में लगा रहता है, भले ही संघ के कार्यकर्ताओं को इसके लिए उपेक्षा, आलोचना झेलनी पड़ी है पर अब संघ में लोग सहयोग और सहभाग करना चाहते हैं।



### जीवन में पांच परिवर्तन लाने का किया आह्वान

**सुरजीत** ठाकुर ने कहा कि शताब्दी वर्ष में आएसएस समाज से अपनी-अपनी जीवन शैली में पांच परिवर्तन कर अन्य समाज में भी इस दिशा में परिवर्तन लाने के लिए इस कार्य में सहभाग का आह्वान करता है। पहला-भारतीय संस्कारों आधारित अपने परिवार का प्रबोधन कर युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और प्रथाओं से जोड़कर अनावश्यक पाश्चात्य संस्कृति के दुष्प्रभावों से बचाना। दूसरा- हम सब एक ही ईश्वर के अंश हैं, तो जाति, रंग, क्षेत्र के भेद से मुक्त समरस हिंदू समाज की रचना खड़ी हो, जो किसी भी भेद से रहित हो। तीसरा-हम सभी का जीवन स्वबोध से प्रेरित लोकल फॉर वोकल की नीति पर आधारित बने, ताकि देश के धन का प्रयोग देश की समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगे न कि विदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने से विदेशों के विकास में योगदान करे। चौथा देश हमारा है, संविधान कानून भी हमारे लिए ही उत्तम प्रभावी सामाजिक व्यवस्था के लिए ही बने हैं। अतः नागरिक कर्तव्यों के निर्वाहन का बोध सभी के अंदर जागृत हो और पांचवां सारे समाज की जीवन शैली पर्यावरण अनुकूल बने, पानी बचाना, पेड़ लगाना और उसे संभालना और प्लास्टिक का दैनिक जीवन में प्रयोग घटाना। ये पांच परिवर्तन हमें देश की राजनीतिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक, स्वास्थ, परिवहन, व्यापार, आदि व्यवस्थाएं लोक कल्याणकारी बनाने और देश को उत्कृष्ट करने के लिए, ताकि भारत विश्व का मार्गदर्शन कर सकें।

## राष्ट्रप्रेम व संस्कारों पर दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** हिंदू सम्मेलन समिति मंडल हरनोडा के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर एवं समिति सदस्यों के सहयोग से कोल वैली पब्लिक स्कूल, नेहर हरनोडा में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सूबेदार गरजा राम ने की, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाहक अधिवक्ता मुनीष चंदेल ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की। आयोजन में पंचायत जमथल-हरनोडा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य वक्ता अधिवक्ता मुनीष चंदेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष 1925 से राष्ट्र प्रथम और समाज सर्वोपरि की भावना के साथ समाजसेवी व चरित्रवान व्यक्तित्वों का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक निस्वार्थ सेवा और आचरण की शुद्धता के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। संघ का कार्य किसी प्रसिद्धि के लिए नहीं, बल्कि चुपचाप राष्ट्र और समाज की मजबूत नींव रखने के लिए है।

## संघ समाजसेवा व शिक्षा क्षेत्र में कर रहा काम : डॉ. किस्मत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को बिलासपुर शहर के निहाल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निस्वार्थ भाव से बेसहारा गौवंश की सेवा और रक्षा कर रहे सुनील शर्मा ने मुख्यातिथि, जबकि डॉ. किस्मत कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमारी, इंद्र डोगरा व नंदप्रकाश बोहरा की मौजूदगी के साथ ही सैकड़ों लोग इस भव्य कार्यक्रम के गवाह बने। अपने संबोधन में डॉ. किस्मत कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में की थी। देश की आजादी से पहले वह कांग्रेस से जुड़े थे। उनका कहना था कि क्रांतिकारियों के शौर्य और पराक्रम से अंग्रेजी हुकूमत का झुकना और भारत का आजाद होना तय है, लेकिन उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से इस बात की गारंटी चाही थी कि आजादी के बाद फिर से कोई घुसपैठिया देश पर कब्जा न कर सके। कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें चिंतामुक्त रहने की सलाह देते हुए इस सवाल से पल्लू झाड़ लिया था। कांग्रेस के इस रवैये को देखते हुए उन्होंने हिंदू समुदाय को संगठित करके हिंदू राष्ट्र की स्थापना के उद्देश्य से आरएसएस की स्थापना की थी। यह संगठन समाजसेवा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे कई क्षेत्रों मे काम कर रहा है।

### क्रिकेट संघ ने भेंट किए डॉ. हेडगेवार के छायाचित्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बिलासपुर क्रिकेट संघ द्वारा स्वयंसेवकों को परम पूज्य डॉ. हेडगेवार व गुरुजी के छायाचित्र भेंट किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संघ के सह कार्यवाह उत्तर क्षेत्र डॉ. किस्मत कुमार को छायाचित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घुमाणी के आदित्य शर्मा सेना में बने लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, बरठीं**



जिला बिलासपुर के कंदरौर पुल के साथ लगती ग्राम पंचायत अवारी खलीन के गांव घुमाणी के निवासी 22 वर्षीय आदित्य शर्मा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर प्रदेश जिला एवं ग्राम पंचायत का नाम रोशन किया है आदित्य शर्मा ने प्रारंभिक शिक्षा स्वामी विवेकानंद पाठशाला कंदरौर से मैट्रिक की उसके बाद जमा दो की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं से ग्रहण कर एनडीए की एंट्री परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 3 साल भारतीय सैन्य अकादमी पुणे और 1 साल देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी आईएमए में प्रशिक्षण प्राप्त कर पिछले कल देहरादून सैन्य अकादमी में आयोजित भव्य पासिंग परेड में देश सेवा की शपथ ग्रहण की आदित्य शर्मा के पिता रवि दत्त अपना ट्रक चला कर आजीविका कमाते हैं तथा माता कौरां शर्मा गृहणी है आदित्य शर्मा के दादा नारायण दास 95 वर्षीय व दादी यशोदा देवी अपने पोते को लेफ्टिनेंट बनने पर गर्व महसूस कर रहे हैं आदित्य शर्मा इस कामयाबी के लिए अपने माता-पिता एवं दादा दादी तथा पाठशाला अध्यापकों को श्रेया देते हैं।

## भारत की नियति में विश्वगुरु बनना लिखा: मितिल चंदेल

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** जिले में हिंदू सम्मेलनों की शृंखला में रविवार को नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा बरठीं में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी पंडित सुरेंद्र शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में हिमाचल प्रांत सह शारीरिक प्रमुख मितिल चंदेल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि हिंदू ही दुनिया का मार्गदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत विजेता बनने के लिए नहीं बल्कि दुनिया को ज्ञान देने के लिए खड़ा है। भारत की नियति में विश्वगुरु होना लिखा है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी शासन के अंधकार में 1925 में समाज को संगठित करने के लिए आरएसएस की स्थापना हुई और त्याग, समर्पण व बलिदान के बल पर यह संगठन आज दुनिया में कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि पंडित सुरेंद्र शर्मा ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दू हमारी पहचान है जैसे श्रीराम ने सबरी का प्रेम स्वीकार कर समरसता का संदेश दिया। वैसे ही हमें भी समाज को जोड़ने का काम करना है। पहले हिंदू शब्द बोलने में संकोच होता था लेकिन आज 100 वर्षों की साधना के बाद संपूर्ण भारत गर्व से कह रहा है कि हम हिंदू हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे परिवारों में हिंदू भाव जागृत करें और नियमित रूप से संघ की शाखा में परिवार के सदस्यों को भेजें। उन्होंने कहा कि हिंदू जब-जब संगठित हुआ है तब-तब परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा हिन्दू धर्म को समझने के लिए संस्कृत का अध्ययन अति अनिवार्य है।

# बैरी मियां में लगे शिविर में युवाओं और महिलाओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



उपमंडल की ग्राम पंचायत बैरी मियां में जन संबल प्रकृति हिताय समिति झंडूता के तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बिलासपुर की विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया, जिससे आयोजन और भी अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित रहा। शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की मदद करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने इस पुनीत कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। रक्तदान को 'महादान' मानते हुए ग्रामीणों, युवाओं तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जो क्षेत्र की सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बना। जन संबल प्रकृति हिताय समिति के सदस्य रमेश राजपूत ने बताया कि समिति द्वारा ऐसे सामाजिक आयोजन नियमित रूप से किए जाते हैं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान भी शामिल होते हैं। शिविर में भाग लेने वाले दानदाताओं को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया, साथ ही उन्हें रक्तदान के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कई दानदाताओं ने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। समिति ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं तथा एम्स टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में ऐसे और आयोजन करने की घोषणा की। रक्तदान जैसे शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाते हैं, बल्कि समाज में सेवा भावना और एकता को भी बढ़ावा देते हैं।

# 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' की अवधारणा ही भाजपा की असली ताकत : सिद्धार्थन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

भाजपा के झंडूता और शाहतलाई मंडलों की संयुक्त संगनात्मक एवं टिफिन बैठक रविवार को आयोजित की गई। झंडूता में आयोजित बैठक में दोनों मंडलों व मोर्चों के पदाधिकारियों तथा ग्राम केंद्र व बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जहां भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का पाठ पढ़ाते हुए महत्वपूर्ण टिप्स दिए, वहीं विशेष तौर पर मौजूद झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने भी उनका मार्गदर्शन किया। बैठक में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक अमित शर्मा व जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई। ग्राम केंद्रों और बूथ अध्यक्षों की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिद्धार्थन ने कहा कि 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' की अवधारणा ही भाजपा संगठन की असली ताकत है। बूथ अध्यक्ष और ग्राम केंद्र अध्यक्ष पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने वाले सच्चे सिपाही हैं। जब तक हर बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक संगठन की विजय अधूरी रहेगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ-फरेब की राजनीति करने में माहिर इस पार्टी का मुख्य मकसद केवल सत्ता हासिल करना है। इसके विपरीत भाजपा ने हमेशा सेवा, सुशासन और विकास को धरातल पर उतारा है। इस पर्वतीय राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कांग्रेस मुक्त हिमाचल का संकल्प बेहद जरूरी है।

# प्राथमिक स्कूलों के लिए खेल टूर्नामेंट सराहनीय कदम

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणा का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्राथमिक शिक्षक संघ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्राथमिक स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों की खेलें अगले वर्ष प्रारंभ करने की घोषणा का स्वागत करता है। इन खेलों को बंद करने का निर्णय शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों ने बिना मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को विश्वास में लिए बिना शिक्षा की वास्तविक अवधारणा सर्वांगीण विकास के विपरीत लिया था। इससे प्रदेश के जहां लाखों बच्चों की अभिभावक आहत थे, वही प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छोटे-छोटे बच्चों की खुशियां भी छीन ली गई थी।

यह विषय कुछ दिन पहले प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के संज्ञान में लाया गया था और उसके उपरांत त्वरित निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने इन खेलों को अगले शैक्षणिक सत्र से दोबारा शुरू करने की घोषणा की। इस निर्णय से प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लाखों अभिभावकों में खुशी की लहर है वही लाखों छोटे-छोटे बच्चों में भी खुशी छा गई है। खेलों के बिना बच्चों के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रदेश के हजारों प्राथमिक शिक्षक भी मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री हिमाचल सरकार द्वारा किए गए इस निर्णय का स्वागत करते हैं। अभी ऐसे कई निर्णय शेष हैं, जिन्हें बिना सोचे समझे लिया गया है । इन निर्णय में न्यू कंपलेक्स प्रणाली भी शामिल है, जिससे आने वाले समय में सुचारू रूप से चल रहा सम्पूर्ण शिक्षा का ढांचा तबाह होने वाला है।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा इन सभी विषयों पर प्राथमिक शिक्षक संघ के साथ विस्तृत वार्ता करने की बात कही है। प्राथमिक शिक्षक संघ मुख्यमंत्री से जल्दी वार्ता करने और सभी विषयों को हल करने का आग्रह करता है। वर्तमान समय में प्राथमिक शिक्षकों में न्यू कंपलेक्स सिस्टम को लेकर भारी रोष व्याप्त है, जिसका शिक्षा के विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पिछले दो वर्षों से जेबीटी से टीजीटी प्रमोशन लिस्ट जानबूझकर लटकाई गई है तथा अब सभी जिलों में जेबीटी से मुख्य शिक्षक प्रमोशन को भी रोक दिया गया है। ऐसी स्थिति पैदा की जा रही है, ताकि सरकार की छवि खराब हो।

## प्रदेश की हैंडबॉल टीम कोलकाता के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 54वीं सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमेच्योर हिमाचल हैंडबॉल एसोसिएशन की हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल टीम आज कोलकाता के लिए रवाना हो गई है। यह जानकारी एमेच्योर हिमाचल हैंडबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष परवीन दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश टीम में कुल 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम की कमान जिला बिलासपुर से संबंधित वसीम खान को कप्तान के रूप में सौंपी गई है, जबकि जिला ऊना से राजेंद्र कुमार को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में बिलासपुर से फरहान, आर्यन हंस, समद, आरव और सियाराम, ऊना से वंश, हर्ष, अंकित राणा, वनीश और चेतन, हमीरपुर से उत्कर्ष शर्मा, चंबा से रविंद्र, सिरमौर से पवन तथा सोलन से कपिल शामिल हैं। टीम के मार्गदर्शन के लिए मनोज ठाकुर को हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया है, जबकि दिनेश राजपूत को टीम मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**विमोचन**

## बिलासपुर लेखक संघ ने भड़ोलीकलां में किया मासिक बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजन

# जसवंत के पहाड़ी काव्य संग्रह 'मेरी याददाश्त' का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी गांव भड़ोलीकलां में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. बंदना गौतम, सीनियर रेजिडेंट, मेडिकल कॉलेज नेरचौक रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने की। मंच संचालन रवींद्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व बीरबल धीमान द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के आरंभ में बिलासपुर लेखक संघ से जुड़े साहित्यकार चंद्रशेखर पंत के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा साहित्य के प्रति उनके योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. बंदना गौतम को तथा ओंकार सिंह कुटलैहडिया व संसार सिंह कुटलैहडिया को बिलासपुर लेखक संघ की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कर्नल जसवंत सिंह चंदेल के पहाड़ी काव्य संग्रह 'मेरी याददाश्त' का मुख्य व अन्य अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्री रवींद्र कुमार शर्मा व ममता चंदेल द्वारा पुस्तक की शानदार समीक्षा प्रस्तुत की गई। इन दोनों को कर्नल चंदेल द्वारा टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कर्ण चंदेल ने की। काव्य गोष्ठी की शुरुआत युवा कवि सुनील शर्मा की कविता 'एक समय था' से शुरू हुई। उसके पश्चात डॉक्टर लेखराम शर्मा द्वारा 'चल मना उत्थी चलिए' पहाड़ी में प्रस्तुत की।

जसवंत सिंह चंदेल द्वारा 'डोली और अर्थी वार्ता' पर कविता प्रस्तुत की गई। रविंद्र साथी द्वारा 'लाड़िया री सौकण कवता' प्रस्तुत करके तालियां बटोरी।भीम सिंह नेगी ने पहाड़ी में बहुत सुंदर मार्मिक गीत 'बाडरा ते लगी गई लड़ाई मेरे मितरा, घरा कियां जाणा आई दिवाली मेरे मितरा' सुना कर सबको भावविभोर कर दिया ।बीरबल राम धीमान ने 'क्रोध कभी ना करना अगर बहाना सुख का झरना' कुसुम शर्मा द्वारा 'मतलब की दुनिया मतलब का जमाना' तेजस शर्मा द्वारा 'दूध अपना घी अपना, महत्व है अपना-अपना' प्रस्तुत की। जावेद इकबाल ने 'पूर्व और पश्चिम के मध्य जब सूर्योदय और सूर्यास्त का फासला लगभग बराबर हो' प्रस्तुत की। आविदा ने 'लड़की हूं मैं, छोटी सी चंचल सी गुड़िया हूं मैं, लड़की हूं मैं' प्रस्तुत करके तालियां बटोरी। रवींद्र कुमार शर्मा ने 'अज्जकल जिसजो बी देखो,बधी गई हर चिज़ा री भुख, दो फुट जमीनां खातर मारी दित्ते भाई, बडी दित्ते छोटे बड़े सारे रुख' प्रस्तुत की। ममता चंदेल द्वारा 'मौसम को बदलते देखा है' सुरजीत चंदेल ने 'जब फूल फूल कहाया होगा, प्रस्तुत की। रविंद्र चंदेल कमल ने 'नेता हूं मुझे वोट दो, कंगाल हो तुम मुझे नोट दो' केशव शर्मा रसिक ने 'जिंदगी की खुशहाली के लिए हंसना हंसाना जरूरी है 'प्रस्तुत कर सबको हंसाया। डॉक्टर अनेक राम संख्यान ने 'बुढ़ापे की दस्तक' प्रस्तुत की। अनीता रानी ने 'आजकल के हालात कुछ यूं सवाल करते हैं, हम इंसानों को आईना बार-बार दिखाते हैं' बृजलाल लखनपाल ने 'हिंदी में अंग्रेजी अंग्रेजी में हिंदी' प्रस्तुत की।



भड़ोलीकलां में आयोजित बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी में मौजूद साहित्यकार और कवि।

# महोत्सव में ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

**नयना देवी मंदिर न्यास स्थापना दिवस उत्सव में खेलकूद स्पर्धा का आगाज**

मंदिर न्यास स्थापना दिवस महोत्सव के प्रथम चरण में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ श्री नैना देवी एसडीएम धर्मपाल चौधरी ने किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एसडीएम धर्मपाल चौधरी ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। बच्चे खेलों में बढ़ चढ़कर कर भाग लेकर अपना करियर बना सकते हैं। एसडीएम धर्मपाल चौधरी ने बताया कि मंदिर न्यास की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 16 दिसंबर से 17 दिसंबर 2025 को श्री नैना देवी जी में मंदिर न्यास स्थापना दिवस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम चरण में उपमंडल स्तर पर 14 दिसंबर को शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसमें मुख्य रूप से भाषण, शलोक, विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं खेलकूद के अंतर्गत टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, चैस, कबड्डी एवं बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उपमंडल स्तर पर लगभग 1000 स्कूली खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त 17 दिसंबर को रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा। श्री नैना देवी उपमंडल स्तर पर छुपी ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। पहली बार इस तरह का आयोजन होने से श्री नैना देवी क्षेत्र के लोगों में एवं युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### खराब मौसम में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न करें ट्रैकिंग : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सर्दियों के मौसम को देखते हुए उपमंडल चुराह के एसडीएम राजेश कुमार नरियाल ने आम लोगों और पर्यटकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अचानक मौसम बिगड़ सकता है, इसलिए ट्रैकिंग या अनावश्यक पहाड़ी यात्रा खतरनाक हो सकती है। एसडीएम ने बताया कि बर्फबारी, घना कोहरा, तेज हवाएं और तापमान में गिरावट के कारण रास्ते फिसलन भरे हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने आवश्यक यात्रा करने वालों से कहा कि मौसम की ताजा जानकारी लेकर पूरी तैयारी के साथ ही घर से निकलें और आपात स्थिति में प्रशासन व आपदा प्रबंधन विभाग से संपर्क करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

### सौंदर्य प्रसाधन प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में सात दिवसीय सौंदर्य प्रसाधन (ब्यूटी पार्लर) प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय प्रशासन और पूर्व छात्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन संयोजक प्रोफेसर अनीता द्वारा किया गया। कार्यशाला की प्रशिक्षिका अनीता सोनी रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों को सौंदर्य प्रसाधन से संबंधित विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें व्यावहारिक कौशल से जोड़ना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को त्वचा की देखभाल, सौंदर्य उपचार एवं व्यावसायिक उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की कौशल विकास संबंधी गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया, ताकि छात्राएं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें।

### पुरुष व महिला वर्ग में मंडी की टीम चैंपियन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग का खिताब मंडी जिला की टीम ने जीत लिया। रविवार को दो दिवसीय 20वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष खो-खो प्रतियोगिता बीएसएल सीनियर सेकेंडरी बीबीएमबी स्कूल सुंदरनगर में संपन्न हो गई। समापन समारोह में एससी एसटी कल्याण निगम के उपाध्यक्ष लाल सिंह कौशल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के महिला व पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला मंडी व हमीरपुर जिला की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें मंडी की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंडी जिला के खिलाड़ी हंसराज व आरुषि को बेस्ट प्लेयर आफ द टुर्नामेंट के खिताब से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 9 महिला व 10 पुरुष तथा हिमाचल प्रदेश पुलिस की महिला व पुरुष टीमों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर व महासचिव एलआर वर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के सदस्य प्रेम ठाकुर, मंडी जिला के महासचिव लक्ष्मी दत्त सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश सरकार मित्रों पर लुटा रही है जनता का पैसा : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश की जनता का पैसा अपने मित्रों पर लुटा रहे हैं। रावत ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा है मुख्यमंत्री ने अपने पांच मित्रों को अपना राजनीतिक सलाहकार बनाया है, जिन पर यह प्रदेश की जनता का पैसा खूब लुटा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने और भी बहुत सारी नियुक्तियां की हैं। रावत ने बताया कि इतना ही नहीं निगम और बोर्डों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के वेतन भत्ते में भी भारी भरकम बढ़ोतरी की है। पहले निगम एवं बोर्डों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को वेतन के रूप में 30 हजार रुपए मिलते थे, जिसको बढ़ाकर अब एक लाख दस हजार रुपए कर दिया है, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि एक और मुख्यमंत्री आए दिनों पैसे का रोना रोते हैं और दूसरी तरफ अपने मित्रों पर जनता का पैसा लुटा रहे हैं। इतना ही नहीं प्रदेश में विकास के पहिए पूरी तरह से थम गए हैं।

# आपदा में जनता बेहाल, कांग्रेस ने रैली पर खर्च किए 10 करोड़: जय सिंह

## बोले-कांग्रेस सरकार ने केवल दिखावे पर दिया ध्यान

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



**साहो ( चंबा )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जय सिंह ने कांग्रेस सरकार पर आपदा के संवेदनशील समय में जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। रविवार को साहो के लगगा में आयोजित पोल खोल अभियान की नुक्कड़ सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जय सिंह ने कहा कि जब पूरा हिमाचल आपदा से जूझ रहा था, तब कांग्रेस ने मंडी में जन संकल्प रैली के नाम पर लगभग 10 करोड़ रुपए फूंक दिए। यह धन सड़कों की बहाली, बिजली-पानी और मूलभूत सुविधाओं पर खर्च किया जाना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस सरकार खजाना खाली होने की दुहाई देती है, वहीं दूसरी ओर जनता के टैक्स का पैसा रैलियों और दिखावे पर बहाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी रैली में कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा की गई भाषा-शैली लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है और यह सत्ता के अहंकार को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा भावनाओं नहीं, तथ्यों और आंकड़ों पर बात करती है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2023 में आपदा राहत के लिए 3,789 करोड़ रुपये हिमाचल को जारी किए, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस धन का सदुपयोग करने के बजाय अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में ही ऊर्जा लगा दी। यही कारण है कि आज भी प्रदेश के कई क्षेत्र टूटी सड़कों, बाधित बिजली और पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

जय सिंह ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि 58 साल की नौकरी देने का वादा करने वाली कांग्रेस ने वास्तव में केवल अपने लोगों को ही लाभ पहुंचाया। चंबा जिले में करीब 44 हजार और प्रदेश भर में लगभग 20 लाख युवा रोजगार की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन सरकार के पास उनके लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

उन्होंने कांग्रेस की 10 गारंटियों को भी खोखला बताते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद एक भी गारंटी पूरी ईमानदारी से लागू नहीं की गई। महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने के वादे पर भी सरकार विफल रही है। भाजपा नेता ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव स्थगित कर कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस झूठे वादों और छल-कपट के सहारे सत्ता में आई है, लेकिन अब प्रदेश की जनता सब समझ चुकी है। आने वाले समय में जनता कांग्रेस सरकार को उसके हर झूठ और फिजूलखर्ची का करारा जवाब देगी। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष उत्तम, माधो, विकास, नेक राम, ज्ञानचंद, परस राम, पवन, बासो, मोहन, इंद्रो, गुड्डो, श्रेष्टा, नीलम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चंबा में बांग्लादेशी युवती और सलूणी के युवक ने रचाई शादी



**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में शनिवार को बांग्लादेश की एक युवती और सलूणी तहसील के भारतीय युवक की शादी चर्चा का विषय बनी रही। जिला मुख्यालय चंबा में दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर सात जन्मों का रिश्ता निभाने की कसमें खाईं।

यह विवाह मेडिकल कॉलेज चंबा के अस्पताल से सटे चौगान नंबर पांच में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दूल्हे के पिता, भाई सहित अन्य परिजन और रिश्तेदार मौजूद रहे और नवदंपती को आशीर्वाद दिया।

दूल्हा-दुल्हन ने बताया कि उनकी मुलाकात दिल्ली में हुई थी। युवक का दिल्ली में होटल है, जहां बांग्लादेश की युवती आई थीं। करीब तीन महीने तक लगातार मुलाकातों के दौरान दोनों एक-दूसरे के करीब आए और फिर चंबा आकर शादी करने का निर्णय लिया। दूल्हे के पिता ने कहा कि उनके बेटे ने बांग्लादेश की युवती से विवाह किया है। भले ही वह अब उनकी बहू है, लेकिन परिवार के लिए वह बेटी समान है। वहीं, युवक के भाई ने कहा कि उनका परिवार जाति और धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत को महत्व देता है। चूंकि दोनों एक-दूसरे को पसंद करते हैं और साथ रहना चाहते हैं, इसलिए परिवार ने इस रिश्ते को खुशी-खुशी स्वीकार किया है।

उन्होंने बताया कि इस शादी को लेकर रिश्तेदारों और गांव के लोगों में भी खुशी का माहौल है। यह विवाह आपसी प्रेम, समझ और मानवीय मूल्यों का संदेश देता नजर आया।

# सलूणी कॉलेज की बदहाली पर छात्राओं में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**बुनियादी सुविधाओं को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी**

चंबा जिला के सलूणी कॉलेज में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। छात्राओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कॉलेज प्रशासन और सरकार के समक्ष अपनी बुनियादी समस्याएं रखीं और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान छात्राओं ने बताया कि कॉलेज तक आने-जाने के लिए बस सुविधा का अभाव उनकी सबसे बड़ी समस्या है। दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

इसके साथ ही छात्राओं ने कॉलेज में साइंस स्ट्रीम की सुविधा न होने पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि इस कारण क्षेत्र की कई छात्राओं को मजबूरी में अन्य स्थानों पर पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ जाता है।

छात्राओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज में लंबे समय से शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अध्यापकों के अभाव में न तो सिलेबस समय पर पूरा हो पा रहा है और न ही शैक्षणिक माहौल बेहतर बन पा रहा है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए। छात्राओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगी।

# डलहौजी में लोक अदालत में 733 मामलों की हुई सुनवाई

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** न्यायिक दंडाधिकारी मिस दिव्या शर्मा की अदालत में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 733 मामले पेश किए गए, जिनमें से बड़ी संख्या में मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। लोक अदालत के दौरान 21 दीवानी मामलों और 116 फौजदारी मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया गया। इसके अलावा मोटर वाहन अधिनियम के तहत 172 मामलों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से कुल 3,66,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। माननीय अदालत द्वारा यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में यदि दोबारा नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए, तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। लोक अदालत के आयोजन से जहां न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आई, वहीं आम जनता को भी त्वरित न्याय का लाभ मिला।

**लाखों रुपए का वसूला जुर्माना**

# नाचन में सड़क पर पेयजल रिसाव से जनता परेशान

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**



**महादेव।** पानी बचाने को लेकर बार-बार मांग उठाने के बावजूद भी नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में जहां पेयजल रिसाव से कई कई गैलन पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं, ग्राम पंचायत महादेव एवं यहां से संबंधित पेयजल योजना से जुड़े आसपास के इलाकों के एक बड़े भाग में पानी की बर्बादी होना आम सी बात होकर रह गई है जिसकी सुध नहीं ली जा रही है। नालों-घासनियों सहित पानी का रिसाव होने से सड़क मार्गों का हाल बेहाल है जो पानी से इस तरह भरे रहते हैं जैसे कोई जल भंडारण का स्थल हो।

पानी के रिसाव की रोकथाम के लिए न जल शक्ति विभाग गंभीरता दिखा रहा है और दूसरी ही ओर लोक निर्माण विभाग भी पानी से सत्यानाश हो रहे मार्गों खासकर गांव घूकनू के संपर्क मार्ग के यहां की बदहाली को देख मूक दर्शक बना हुआ है। पानी रिसाव की यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है जिससे सरकार द्वारा पहले से बने बनाए कार्यों पर लगातार कुठाराघात हो रहा है यानि सरकार को चूना लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल शक्ति विभाग तथा लोक निर्माण विभाग की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही है, क्योंकि गुणवत्तापूर्ण कार्य की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे स्थिती बद से बदतर होती जा रही है और क्षेत्र के एक बड़े भाग में जल वितरण की व्यवस्था का ढुलमुल रवैया होना स्वाभाविक-सी बात है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही पेयजल रिसाव के उक्त स्थल को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

# बाट पंचायत में भालू का आतंक और बस सेवा भी बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा**




चंबा जिला की बाट पंचायत इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। कड़ाके की सर्दी के बीच जंगली जानवरों, खासकर भालू के बढ़ते आतंक ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे हैं कि रिहायशी इलाकों के आसपास भालुओं की मौजूदगी आम हो गई है।

इसी बीच आपदा के दौरान सड़क धंसने से क्षेत्र में आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। बाट गांव को जोड़ने वाले दोनों प्रमुख मार्ग लुड्डू और पनेला—पर बसें गांव तक नहीं पहुंच पा रही हैं। लुड्डू रूट पर बस करीब 3 किलोमीटर पहले ही लौट जाती है, जबकि पनेला रूट की बस गांव से लगभग एक किलोमीटर पहले वापस हो रही है। भूस्खलन के बाद से यह एकमात्र महत्वपूर्ण मार्ग अब तक बहाल नहीं हो पाया है। बस सेवा ठप होने का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चों को रोजाना 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता है। रास्ता घने जंगलों से होकर गुजरता है, जिससे जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। सर्दियों में शाम जल्दी ढलने के कारण बच्चों को अंधेरे में जान जोखिम में डालकर घर लौटना पड़ता है। स्कूल जाने वाले छात्रों का कहना है कि आपदा के समय एक जगह डंगा खिसक गया था। सड़क का काम पूरा होने के बावजूद बस सेवा बहाल नहीं की गई है। छात्रों ने विभाग और सरकार से मांग की है कि बस को जल्द गांव तक भेजा जाए, ताकि वे सुरक्षित और समय पर स्कूल पहुंच सकें।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी बताया कि सड़क धंसने के महीनों बाद भी विभाग ने इसे पूरी तरह दुरुस्त नहीं किया है। बस सेवा प्रभावित होने से रोजमर्रा के कामकाज में भारी दिक्कतें आ रही हैं और बच्चों की शिक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सरकार और संबंधित विभाग से सड़क को तुरंत ठीक कर बस सेवा बहाल करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

# मां शिव शक्ति मंदिर में भव्य जागरण सदियों पुरानी परंपरा का हुआ निर्वहन

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान**

**धरवाला।** ग्राम पंचायत राड़ी के अंतर्गत स्थित मां शिव शक्ति मंदिर में स्थानीय लोगों द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद पूरी रात मां के दरबार में भजन-कीर्तन होता रहा। जागरण में आधा दर्जन से अधिक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हर वर्ष माता रानी के दरबार में यह भव्य जागरण बड़े श्रद्धा और धूमधाम से आयोजित किया जाता है। यहां सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार खेतों में उत्पन्न नई फसल का भोग भंडारे के रूप में मां को अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर हर घर से अनाज, चंदा और लकड़ियां एकत्र कर भोग तैयार किया जाता है, जिसे सर्वप्रथम मां के दरबार में अर्पित किया जाता है और बाद में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। मान्यता है कि मां के दरबार में पहुंचकर भक्त सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली, अनाज की भरपूरता, अतिथि सत्कार, पशुओं की सेहत, वर्षा की कृपा और क्षेत्र को हर संकट से बचाने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मंदिर का इतिहास द्वापर युग से जुड़ा हुआ है। मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग के ऊपर मां शिव शक्ति की प्राचीन मूर्ति विराजमान है, जबकि मंदिर के ठीक सामने भगवान नंदी विराजमान हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर सूर्य देव और चंद्र देव की मूर्तियां भी स्थापित हैं। बताया जाता है कि मंदिर परिसर के चारों ओर कभी भगवान शिव के 108 शिवलिंग स्थापित थे, जिनमें से अधिकांश समय के साथ दब गए हैं। वर्तमान में केवल 12 से 15 शिवलिंग ही शेष बचे हैं। पूर्व में हुई खुदाई के दौरान मिले कुछ शिवलिंगों को मंदिर परिसर में सुरक्षित रखा गया है, जो इस पावन स्थल की प्राचीनता और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते हैं।

# बर्फबारी से पहले चुराह प्रशासन हुआ अलर्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सर्दियों के मौसम को देखते हुए उपमंडल चुराह में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भारी बर्फबारी और दुर्गम मार्गों की आशंका के चलते सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसडीएम चुराह राजेश कुमार नरियाल ने बताया कि क्षेत्र में हर वर्ष सर्दियों के दौरान लोगों को भारी बर्फबारी और सड़क संपर्क बाधित होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसको ध्यान में रखते हुए इस बार समय रहते सभी विभागों को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**सभी विभागों को पूरी तैयारी के दिए निर्देश**

उन्होंने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि उपमंडल के सभी डिपुओं में पहले से पर्याप्त राशन संग्रहित किया जाए, ताकि मौसम खराब होने की स्थिति में किसी भी पंचायत या दूरदराज के गांव में खाद्य सामग्री की कमी न हो। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन टीमें भी अलर्ट रहेंगी। इन्हें सड़कों की नियमित निगरानी, बर्फबारी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और आवश्यक संसाधनों की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन का कहना है कि संभावित कठिन सर्दियों को देखते हुए लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारू उपलब्धता और आवश्यक सप्लाई चेन बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भरमौर में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

नेहरू युवा केंद्र चंबा के तत्वाधान में खंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज भरमौर के गांव सचूई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कृष्ण पखरेटिया, अध्यक्ष, एचपी स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन भरमौर रहे।

कार्यक्रम के आयोजक मनीष कुमार, नेहरू युवा केंद्र खंड भरमौर के प्रभारी ने मुख्यातिथि का हार, बैज और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। पखरेटिया ने बच्चों को नशा, बुरी संगत, तनाव और बीमारियों से बचने के लिए खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना था कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होता है और पढ़ाई में भी रुचि बढ़ती है।

मनीष कुमार ने बताया कि उपमंडल भर से दर्जनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और एथलेटिक्स खेल शामिल हैं। इस अवसर पर अरविंद कुमार वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, डिग्री कॉलेज भरमौर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# चौंतड़ा में बिजली बचत और सोलर प्लांट पर लोगों को दिए टिप्स

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य पर मंडी जिला के चौंतड़ा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोअर चौंतड़ा ग्राम पंचायत भवन में संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर बिजली बचत संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के सलाहकार अनुराग पराशर उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि बिजली की बचत से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में कमी आती है, बल्कि इससे प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होती है। उन्होंने सोलर प्लांट्स की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर उपभोक्ता बिजली की बचत के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं।

अनुराग पराशर ने कहा कि प्रदेश में योजना के तहत लगभग 5000 रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बिजली बचत के विभिन्न उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को विद्युत भार की सही जानकारी, पीक लोड आवर्स, एलईडी लाइट्स के उपयोग, अर्थिंग तथा करंट से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 या 1800-180-8060 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर बिजली बोर्ड जोगिंद्रनगर विद्युत मंडल के अधिशाषी अभियंता ई. पूरन सूर्या ने कहा कि विद्युत मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुनिश्चित और बेहतर बिजली आपूर्ति प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एकेएस सोलर सिस्टम के प्रतिनिधि आशीष आचार्य, नचवाल इंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि ओम प्रकाश तथा सन पावर के प्रतिनिधि नरेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। इसके अलावा बिजली बोर्ड के पूर्व सहायक अभियंता ई. धन सिंह वर्मा सहित बोर्ड के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बरसात के बाद कई प्रमुख सड़कें आज तक नहीं हुई बहाल: पूर्व मंत्री

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर उपमंडल की बनेहरडी, पैहड व कुम्हारडा पंचायतों का संयुक्त महिला सम्मेलन मंडल अध्यक्ष लेखराज ठाकुर की अध्यक्षता में बनेहरडी में भव्य रूप से आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महिलाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन पूरी तरह सफल रहा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकुर महेंद्र सिंह ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। बरसात के बाद कई प्रमुख सड़कें आज तक बहाल नहीं हो पाई हैं, जिससे स्थानीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है।

उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि देशभर में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में आम आदमी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर गंभीरता से काम करती है।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य जगदीश चंद बिट्टा, पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष लेखराज ठाकुर, पंचायत प्रधान पैहड मीना देवी, बनेहरडी पंचायत प्रधान मीरा देवी, उपप्रधान बनेहरडी राजेन्द्र पाल, पूर्व जिला पार्षद प्रमिला देवी, पूर्व प्रधान पैहड कृष्ण चंद, पूर्व प्रधान संजय, पूर्व प्रधान इंदिरा ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सरकार ने मजदूर विरोधी नीतियां वापस नहीं लीं तो देशव्यापी आंदोलन होगा तेज: सीटू

# लेबर कोड के खिलाफ चंबा में 19 को प्रदर्शन




सीटू जिला कमेटी चंबा की बैठक को संबोधित करते जिला महासचिव सुदेश ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सीटू जिला कमेटी चंबा की बैठक 14 दिसंबर 2025 को चंबा में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने की। बैठक में जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार लेबर कोड को मजदूरों पर सीधा हमला करार देते हुए कहा कि ये कोड मजदूरों को बंधुआ बनाने की साजिश हैं।

ठाकुर ने बताया कि व्यापार को आसान बनाने के नाम पर 29 पुराने श्रम कानून खत्म कर दिए गए हैं। काम के घंटे बढ़ाए जा रहे हैं, रोजगार ठेके पर सीमित किया जा रहा है और यूनियन बनाने का अधिकार लगभग असंभव बनाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि असंगठित और ठेका मजदूरों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं हैं और न्यूनतम वेतन की मौजूदा नीति मजदूरों के साथ मजाक है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 दिसंबर को जिला मुख्यालय चंबा में लेबर कोड के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। सीटू ने चेतावनी दी कि यदि मजदूर विरोधी नीतियां वापस नहीं ली गईं तो देशव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।साथ ही 102-108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन की हड़ताल का समर्थन किया गया और चमेरा एनएचपीसी मजदूरों, आंगनबाड़ी और मिड-डे मील स्कीम वर्कर्स के मुद्दों पर भी आंदोलन करने का ऐलान किया गया।

**जिस** प्रकार बिना जल के धान नहीं उगता, उसी प्रकार बिना विनय के प्राप्त की गई विद्या फलदायी नहीं होती।

–भगवान महावीर

## संपादकीय

# बेहतर शिक्षा के लिए सख्त कदम

हिमाचल की सुक्खू सरकार ने सत्ता संभालने के बाद जिस क्षेत्र पर सबसे अधिक गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया है, वह है शिक्षा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई बार यह कह चुके हैं कि हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बनाना उनकी सरकार का संकल्प है। यही वजह है कि सरकार न केवल नीतिगत स्तर पर , बल्कि जमीनी स्तर पर भी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार फैसले ले रही है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाना है, ताकि यह राज्य गुणवत्ता और परिणाम के मामले में पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सके। हिमाचल प्रदेश पहले से ही साक्षरता के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है ,लेकिन सरकार का मानना है कि केवल साक्षरता दर ऊंची होना ही काफी नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की समझ, उनका सर्वांगीण विकास और प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए उनकी तैयारी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसी सोच के साथ सुक्खू सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान पर विशेष फोकस किया है, ताकि प्री-प्राइमरी से लेकर जमा दो तक की शिक्षा में एकरूपता, गुणवत्ता और आधुनिकता लाई जा सके।

शिक्षा व्यवस्था में संसाधनों के बेहतर और प्रभावी उपयोग के लिए सरकार ने क्लस्टर स्कूल प्रणाली को भी लागू किया है। इस व्यवस्था के तहत आसपास के छोटे-छोटे स्कूलों को एक क्लस्टर के रूप में जोड़ा गया है, जिससे शिक्षकों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं और अन्य शैक्षणिक संसाधनों का साझा और बेहतर उपयोग हो सके। इससे न केवल प्रशासनिक बोझ कम होगा, बल्कि विद्यार्थियों को भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं मिलेंगी। यह कदम विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है, जहां संसाधनों की कमी लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है। इन्हीं सुधारों की कड़ी में सरकार ने एक साहसिक फैसला लिया है -स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध। अगले शैक्षणिक सत्र से प्री-प्राइमरी से लेकर जमा दो तक के सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए मोबाइल फोन पूरी तरह बैन कर दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, सरकार ने स्कूल परिसरों में जैमर लगाने का भी फैसला किया है, ताकि मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह बाधित रहे। यदि कोई छात्र गलती से भी मोबाइल फोन लेकर स्कूल आता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। शिक्षकों के लिए भी नियम बनाए गए हैं कि वे अपने मोबाइल फोन कक्षा में नहीं बल्कि स्टाफ रूम में ही रखें। सरकार का यह फैसला कई मायनों में काबिलेतारीफ है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन बच्चों के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन यही मोबाइल फोन पढ़ाई में सबसे बड़ा व्यवधान भी बनता जा रहा है। सोशल मीडिया, रील्स, ऑनलाइन गेम्स और अनावश्यक कंटेंट ने बच्चों का ध्यान पढ़ाई से भटका दिया है। कक्षा में बैठकर भी बच्चों का मन मोबाइल में लगा रहता है, जिससे न तो वे शिक्षक की बातों पर ध्यान दे पाते हैं और न ही विषय की गहराई को समझ पाते हैं।

मोबाइल फोन बैन करने के पीछे सरकार की सोच केवल अनुशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास से भी जुड़ी हुई है। डिजिटल दुनिया में उलझे बच्चे धीरे-धीरे अपने साथियों से संवाद करना भूलते जा रहे हैं। उनके आपसी रिश्ते, व्यवहारिक कौशल और सामाजिक समझ प्रभावित हो रही है। वे यह नहीं सीख पा रहे कि सहपाठियों से कैसे बात करनी है, टीम वर्क कैसे करना है और मतभेदों को कैसे सुलझाना है। स्कूल केवल किताबों का ज्ञान देने की जगह नहीं होते, बल्कि बच्चों के सामाजिक और नैतिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण प्रयोगशाला होते हैं। यदि पढ़ाई के समय बच्चों के हाथ में मोबाइल रहेगा तो वे उसका इस्तेमाल करेंगे। चाहे वह सोशल मीडिया हो, वीडियो देखना हो या गेम खेलना हो, मोबाइल हमेशा ध्यान भटकाने का काम करेगा। इससे न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि समय का भी भारी नुकसान होगा। समय जीवन का सबसे कीमती संसाधन है, खासकर छात्र जीवन में। यदि इस समय का सही उपयोग न किया जाए तो आगे चलकर पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचता। यह सच है कि आज के समय में मोबाइल फोन एक जरूरत बन चुका है और तकनीक से पूरी तरह दूर रहना भी संभव नहीं है, लेकिन जरूरत और आदत के बीच एक स्पष्ट रेखा खींचना भी उतना ही जरूरी है। पढ़ाई के समय मोबाइल से दूरी बच्चों के हित में ही है। यदि बच्चे पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, अच्छे परिणाम लाते हैं और मजबूत आधार के साथ आगे बढ़ते हैं, तो इससे न केवल उनका भविष्य उज्ज्वल होगा बल्कि माता-पिता को भी संतोष और सुकून मिलेगा। अच्छे शैक्षणिक परिणाम बच्चों को किसी भी प्रतिस्पर्धा में टिकने और आगे निकलने का आत्मविश्वास देते हैं। मोबाइल फोन बैन होने से शिक्षकों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। कक्षा में अनुशासन बनाए रखना शिक्षकों के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। मोबाइल फोन हटने से शिक्षकों की आधी परेशानी अपने आप दूर हो जाएगी और वे पूरी ऊर्जा के साथ पढ़ाने पर ध्यान दे सकेंगे। इससे शिक्षक-छात्र संवाद बेहतर होगा और पढ़ाई का माहौल अधिक सकारात्मक बनेगा। बहरहाल, यह उम्मीद की जानी चाहिए कि सुक्खू सरकार के ये फैसले केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रभावी तरीके से लागू भी होंगे। यदि स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध सही ढंग से लागू होता है और शिक्षा सुधार के अन्य कदम भी निरंतर जारी रहते हैं, तो आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश न केवल साक्षरता बल्कि गुणवत्ता वाली शिक्षा के मामले में भी देश का अग्रणी राज्य बन सकता है। यह पहल भविष्य की पीढ़ी को एक मजबूत, जिम्मेदार और सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## भारतीय महिला कुश्ती की प्रेरणास्रोत

**गीता** फोगाट (जन्म : 15 दिसंबर 1988, बलाली गांव, भिवानी जिला, हरियाणा) भारत की प्रसिद्ध महिला फ्रीस्टाइल पहलवान हैं। वे पहली भारतीय महिला पहलवान हैं जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 2010 के दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने देश का नाम रोशन किया।



गीता फोगाट
जन्म : 15 दिसंबर,1988

गीता फोगाट का जन्म एक साधारण हिंदू-जाट परिवार में हुआ। उनके पिता महावीर सिंह फोगाट स्वयं ग्रीक-रोमन शैली के पहलवान और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच हैं। उनकी माता दया कौर एक गृहिणी हैं। गीता की बहनें बबीता, रितु, संगीता और भाई दुष्यंत भी कुश्ती से जुड़े हुए हैं। फोगाट परिवार की बेटियों ने यह साबित कर दिया कि खेल के क्षेत्र में लड़कियां भी किसी से कम नहीं हैं।

पांच वर्ष की उम्र से ही गीता ने अपने पिता के सख्त प्रशिक्षण में कुश्ती सीखनी शुरू कर दी थी। खेतों में दौड़, मिट्टी में अभ्यास और लड़कों के साथ कुश्ती करना उनके रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा था। समाज के विरोध, तानों और धमकियों के बावजूद महावीर सिंह फोगाट अपने लक्ष्य से डटे रहे और बेटियों को आगे बढ़ाया। बाद में गीता और बबीता को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में आधुनिक प्रशिक्षण मिला।

गीता की मेहनत रंग लाई और उन्होंने 2009 में राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद 2012 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य, 2015 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। खेलों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 18 अक्तूबर 2016 को उन्हें हरियाणा पुलिस में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट नियुक्त किया गया। गीता फोगाट न केवल एक सफल खिलाड़ी हैं, बल्कि भारतीय बेटियों के लिए साहस, संघर्ष और सफलता की मिसाल भी हैं। ■



कविता

## जब मौत का दिन आएगा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर विवि

**जब** मौत का दिन आएगा मन खुशी से भर जाएगा।
पास जो मेरे है उदास हो जाएंगे।
मेरी सांसें कैद से निकल मुस्कुराएंगी।
मेरे अपने कुछ पल, कुछ घड़ी मेरे लिए आंसू बहाएंगे।
फिर दुनिया के सामने मेरी बात करके मुस्कुराएंगे।
जब सब मुझे छोड़ श्मशान से चल जाएंगे।
सबको याद करके आंसू अपनी राख पर गिराऊंगा।
यह असली जिंदगी का कहकहा है।।
समझ सको तो सुकून से जी लोगे।
अपने तो मरने पर भी शिकायत करते हैं।
मौत साथ रखना याद रखना जमाने को भूल कर।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मुनाफे के शिखर पर इंडिगो, जमीन पर फंसा यात्री





इंडिगो का मौजूदा संकट सिर्फ एक एयरलाइन की अव्यवस्था भर नहीं है, बल्कि यह भारत की तेजी से बढ़ती एविएशन इंडस्ट्री, सरकारी नियमन, कॉरपोरेट जिम्मेदारी और एकाधिकार के खतरों का आईना भी है। दिसंबर की शुरुआत से लेकर अब तक सैकड़ों उड़ानों का रद्द होना और हजारों यात्रियों का अलग-अलग शहरों, एयरपोर्ट्स पर फंसे रहना इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्था चरमराती है, तो उसका सबसे बड़ा बोझ आम आदमी को ही उठाना पड़ता है। किसी का एग्जाम छूट जाना, किसी का इंटरव्यू, किसी का रिसेप्शन, किसी की पहली नौकरी ज्वाइन करने का सपना और किसी का अपनों के अंतिम दर्शन तक न कर पाना-ये सब उस भरोसे के टूटने की कहानियां हैं, जो एक कंपनी और पूरे सिस्टम पर लोगों ने किया था। भारत में, जहां हवाई यात्रा आज भी बड़ी आबादी के लिए विशेष अवसर मानी जाती है, वहां इस तरह का संकट भावनात्मक और आर्थिक आघात है।

भारत में एविएशन सेक्टर का इतिहास कभी भी आसान नहीं रहा। यह उद्योग हमेशा से ही भारी लागत, ईंधन की कीमतों, टैक्स, नियामक जटिलताओं और कड़ी प्रतिस्पर्धा से जूझता रहा है। सहारा एयरलाइंस और किंगफिशर जैसी बड़ी कंपनियों का डूबना आज भी लोगों की यादों में ताजा है। यही वजह है कि एविएशन इंडस्ट्री को घाटे का सौदा कहा जाता है। इसके बावजूद इंडिगो ने इस सेक्टर में कदम रखा और धीरे-धीरे वह मुकाम हासिल किया, जहां वह न सिर्फ टिक पाई बल्कि अरबों-खरबों रुपए का मुनाफा कमाने लगी। यही सफलता आज उसके लिए एक तरह से अभिशाप भी बनती दिख रही है, क्योंकि बाजार में उसकी मजबूत पकड़ ने उसे इस भ्रम में डाल दिया कि वह नियमों, सीमाओं और जिम्मेदारियों से ऊपर है। इंडिगो की कहानी अपने आप में भारतीय कॉरपोरेट इतिहास का एक दिलचस्प अध्याय है। इसकी स्थापना 2005-06 के आसपास राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। एक तरफ राहुल भाटिया, दिल्ली के कारोबारी परिवार से आने वाले, और दूसरी तरफ राकेश गंगवाल, अमेरिका में बसे, एविएशन सेक्टर के अनुभवी विशेषज्ञ। दोनों की सोच अलग-अलग पृष्ठभूमि से निकली थी, लेकिन लक्ष्य एक था-भारत के मिडिल क्लास को हवाई यात्रा का सपना दिखाना और उसे साकार करना। 'चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में सफर कर सके' यह विचार सुनने में भले ही साधारण लगे, लेकिन उस दौर में यह एक क्रांतिकारी सोच थी। जब हवाई सफर अमीरों और कॉरपोरेट्स तक सीमित माना जाता था, तब इंडिगो ने कम कीमत, समय की पाबंदी और सरल सेवा को अपना मंत्र बनाया।

इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड की नींव 2004 में रखी गई। उस समय भारतीय एविएशन इंडस्ट्री गहरे संकट में थी। कई कंपनियां घाटे में थीं, उड़ानों की संख्या घट रही थी और निवेशकों का भरोसा डगमगाया हुआ था। इसके बावजूद दोनों साझेदारों ने इस सेक्टर में उतरने का फैसला किया। उन्हें 2004 में ही एयरलाइन शुरू करने का लाइसेंस मिल गया, लेकिन 2006 तक कंपनी अपनी सेवाएं शुरू नहीं कर पाई, क्योंकि उसके पास अपने विमान नहीं थे। यही वह मोड़ था, जहां राकेश गंगवाल के अनुभव और नेटवर्क ने कमाल दिखाया। उन्होंने अपनी जान-पहचान के जरिए एयरबस कंपनी से 100 विमानों का ऑर्डर दिलाने की योजना बनाई। आम आदमी के लिए यह बात चौंकाने वाली हो सकती है कि कोई कंपनी बिना भारी सिक्योरिटी के इतने महंगे विमान कैसे उपलब्ध करा सकती है, जिनकी कीमत सैकड़ों-हजारों करोड़ रुपए होती है, लेकिन कॉरपोरेट दुनिया में भरोसा, भविष्य की संभावनाएं और बड़े ऑर्डर का लालच अक्सर असंभव को संभव बना देता है। गंगवाल ने एयरबस के सामने एक अलग ही प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि हम बड़े पैमाने पर विमान खरीदने का ऑर्डर देंगे, लेकिन बदले में हमें भारी डिस्काउंट चाहिए। नतीजा यह हुआ कि हजार करोड़ रुपए का एक विमान लगभग आधी कीमत पर मिलने लगा। इसके बाद इंडिगो के संस्थापकों ने एक ऐसी रणनीति अपनाई, जिसे बिजनेस स्कूलों में केस स्टडी की तरह पढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सस्ते में खरीदे गए विमान दूसरी कंपनी को महंगे दामों पर बेच दिए और फिर उन्हीं विमानों को लीज पर लेकर अपनी उड़ानों में इस्तेमाल किया। इस पूरी प्रक्रिया में उन्हें बिना सीधे संचालन के भी मुनाफा हुआ और बेड़ा भी तैयार हो गया। यह वही दौर था, जब इंडिगो के विमान आसमान में उड़ने लगे और आम भारतीय को पहली बार लगा कि हवाई यात्रा सिर्फ सपना नहीं, हकीकत भी हो सकती है।

यथार्थ



समरजीत

4 अगस्त 2006 से इंडिगो ने विधिवत रूप से अपनी उड़ानें शुरू कीं। शुरुआत में कंपनी ने देश के प्रमुख शहरों को जोड़ा और कम कीमत पर टिकट उपलब्ध कराए। समय की पाबंदी, सादा लेकिन प्रभावी सेवा और कम खर्च वाला मॉडल इंडिगो की पहचान बन गया। मिडिल क्लास परिवार, जो पहले ट्रेन और बस तक सीमित था, अब हवाई जहाज में सफर करने लगा। धीरे-धीरे इंडिगो का नेटवर्क बढ़ता गया, विमानों की संख्या बढ़ी और बाजार में उसकी हिस्सेदारी भी। जहां दूसरी एयरलाइंस घाटे से जूझ रही थीं, वहीं इंडिगो लगातार मुनाफा कमा रही थी। यही वजह है कि उसे भारतीय एविएशन इंडस्ट्री की सफलता की कहानी के रूप में देखा जाने लगा, लेकिन हर सफलता की कहानी में कभी न कभी दरार पड़ती है। साल 2020 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल के बीच मतभेद उभरकर सामने आए। गंगवाल ने कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की मांग की और अंततः फरवरी 2022 में बोर्ड से इस्तीफा दे दिया। इस तरह एक मजबूत साझेदारी टूट गई। गंगवाल परिवार ने धीरे-धीरे कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेचनी शुरू की। 2022 में जहां उनकी हिस्सेदारी लगभग 37 प्रतिशत थी, वह अब घटकर करीब 5 प्रतिशत रह गई है। इसके बाद इंडिगो पूरी तरह से एक ही धड़े के नियंत्रण में आ गई। कंपनी ने अपने संचालन का विस्तार जारी रखा, विमानों की संख्या बढ़ाई और 500 नए एयरबस का बड़ा ऑर्डर भी दिया। आज इंडिगो के बेड़े में 400 से ज्यादा विमान हैं और इसमें करीब 25 हजार लोग काम करते हैं। रोजाना हजारों उड़ानों का संचालन करने वाली यह कंपनी भारतीय आसमान की सबसे बड़ी खिलाड़ी बन चुकी है।

यहीं से कहानी का दूसरा और ज्यादा चिंताजनक अध्याय शुरू होता है। जब किसी एक कंपनी की बाजार में हिस्सेदारी 65 प्रतिशत तक पहुंच जाती है, तो वह सिर्फ एक व्यवसाय नहीं रहती, बल्कि पूरे सिस्टम पर उसका असर पड़ने लगता है। इंडिगो का दबदबा इतना बढ़ गया कि बाकी एयरलाइंस उसके मुकाबले बहुत छोटी नजर आने लगीं। इस स्थिति में प्रतिस्पर्धा कमजोर होती चली गई और एक तरह का एकाधिकार बन गया। यही एकाधिकार बाद में संकट की जड़ बना। दिसंबर 2025 में इंडिगो जिस संकट में फंसी, उसकी सबसे बड़ी वजह पायलटों और केबिन क्रू की भारी कमी थी। यह कमी अचानक नहीं आई थी, बल्कि इसके संकेत पहले से मौजूद थे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने पायलटों की थकान और उड़ान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा नियम लागू किए थे। इन नियमों को दो चरणों में लागू किया गया, जिनमें दूसरा चरण 1 नवंबर 2025 से प्रभावी हुआ। नए नियमों के तहत पायलटों के लिए साप्ताहिक अनिवार्य आराम की अवधि 36 घंटे से बढ़ाकर लगातार 48 घंटे कर दी गई। नाइट ड्यूटी को लेकर भी सख्ती बढ़ाई गई। पहले जहां नाइट ड्यूटी की परिभाषा रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक थी, उसे बढ़ाकर सुबह 6 बजे तक कर दिया गया। इसके अलावा लगातार नाइट ड्यूटी करने पर भी रोक लगा दी गई। इन सभी बदलावों का मकसद साफ था-पायलटों की सेहत का ख्याल रखना और उड़ान सुरक्षा को मजबूत करना।

अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाए गए ये नियम किसी भी तरह से गैर-जरूरी या अव्यावहारिक नहीं थे। सवाल यह था कि इंडिगो को इन नियमों के लागू होने की जानकारी पहले से थी, फिर भी उसने समय रहते नए पायलटों की भर्ती क्यों नहीं की। असल में इंडिगो की यही सबसे बड़ी चूक और शायद सबसे बड़ा अहंकार साबित हुआ। कंपनी को यह भरोसा हो गया था कि बाजार में उसका कोई विकल्प नहीं है। 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ वह खुद को अजेय मानने लगी थी। उसे लगा कि चाहे जैसी भी स्थिति बने, सरकार और यात्री दोनों को अंततः उसी पर निर्भर रहना पड़ेगा। इसी सोच के चलते पायलटों की पर्याप्त भर्ती नहीं की गई। जब नया रोस्टर लागू हुआ, तो अचानक व्यवस्था बिगड़ गई। कई पायलट या तो छुट्टी पर थे या अनिवार्य आराम पर, और उड़ानों को संचालित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ नहीं बचा। नतीजा यह हुआ कि हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एयरपोर्ट्स पर अफरा-तफरी मच गई, यात्री फंस गए और टिकट के दाम आसमान छूने लगे।

जब हजारों यात्री अलग-अलग जगहों पर फंसे हुए थे और दूसरी एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाकर किराए 50 हजार से 70 हजार रुपए तक बढ़ा दिए। यहां एक अहम सवाल उठता है कि क्या इंडिगो वाकई इतनी कमजोर स्थिति में थी कि वह पायलटों की भर्ती नहीं कर सकती थी। आंकड़े इसके उलट कहानी बयां करते हैं। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड ने 2024 में 8172 करोड़ रुपए का रिकॉर्डतोड़ वार्षिक शुद्ध मुनाफा कमाया, जो भारतीय एविएशन इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा मुनाफा माना जाता है। वित्त वर्ष 2025 में भी कंपनी का नेट प्रॉफिट 7258 करोड़ रुपए रहा। इतना भारी मुनाफा होने के बावजूद पायलटों की कमी का बहाना लोगों के गले नहीं उतरा। वहीं कंपनी के मालिक राहुल भाटिया की निजी संपत्ति भी लगातार बढ़ती रही। 2025 के अंत तक उनकी नेटवर्थ 8.1 से 10.2 बिलियन डॉलर के बीच आंकी गई, जो मुख्य रूप से इंडिगो में उनकी हिस्सेदारी की वजह से थी। फोर्ब्स ने उन्हें और उनके पिता कपिल भाटिया को संयुक्त रूप से भारत के सबसे अमीर लोगों में शामिल किया। जब एक तरफ मालिकों की संपत्ति बढ़ रही हो और दूसरी तरफ यात्रियों को बुनियादी सेवा न मिल पा रही हो, तो नाराजगी स्वाभाविक है। संकट गहराने पर सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा। डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्थिति को सामान्य करने के लिए कुछ अस्थायी रियायतें दीं, ताकि उड़ानों का संचालन धीरे-धीरे पटरी पर आ सके, लेकिन साथ ही यह भी साफ कर दिया गया कि नए नियमों से किसी सूरत में स्थायी समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार ने इंडिगो से जवाब भी तलब किया और उसकी उड़ानों में 5 प्रतिशत तक की कटौती का आदेश दिया।

बहरहाल, यह संकट एक बड़े सवाल की ओर इशारा करता है कि क्या किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार होना सुरक्षित है? जब बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाती है, तो कंपनियां उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देना बंद कर देती हैं। इंडिगो के मामले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। जब उसे लगा कि उसके बिना देश की हवाई सेवा ठप पड़ जाएगी, तो उसने नियमों और चेतावनियों को हल्के में लिया, लेकिन यह भूल गई कि सरकार के पास भी विकल्प होते हैं। आज भले ही अस्थायी तौर पर नियमों में कुछ ढील दी गई हो, लेकिन आने वाले समय में सख्ती और बढ़ सकती है। 5 प्रतिशत की उड़ान कटौती भविष्य में 10 या 15 प्रतिशत तक भी पहुंच सकती है। यह सिर्फ एक कंपनी के लिए चेतावनी नहीं है, बल्कि पूरे सेक्टर के लिए संदेश है कि नियमों से ऊपर कोई नहीं है। भारत में हवाई क्षेत्र की तरक्की की रफ्तार वाकई काबिलेतारीफ रही है। छोटे शहरों को जोड़ने की योजनाएं, नए एयरपोर्ट्स और बढ़ती यात्रियों की संख्या इस बात का संकेत है कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन इस विकास को टिकाऊ बनाने के लिए संतुलन जरूरी है। कंपनियों को मुनाफा कमाने का हक है, लेकिन यात्रियों की सुविधा, कर्मचारियों की सुरक्षा और नियमों का पालन उससे कहीं ज्यादा अहम है। सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी एक कंपनी का दबदबा इतना न बढ़ जाए कि वह पूरे सिस्टम को बंधक बना ले। प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, नई एयरलाइंस को मौका देना और नियामक ढांचे को मजबूत करना समय की मांग है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# हिमाचल में पंचायतें सिर्फ नाम की, असली अधिकार अब भी दूर

लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी मानी जाने वाली पंचायत व्यवस्था आज अपने उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई देती है। संविधान ने पंचायतों को स्थानीय स्वशासन की इकाई के रूप में स्थापित किया था, ताकि गांवों की समस्याओं का समाधान गांव के स्तर पर ही हो सके।



साहिल वर्मा
गांव बहाल अर्जुन, चकमोह


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विचार यह था कि विकास की योजना वहीं बने, जहां उसका असर पड़ना है, लेकिन व्यवहार में पंचायतें आज भी अधिकारों की कमी, प्रशासनिक नियंत्रण और राजनीतिक दबावों के बीच सिमटी हुई नजर आती हैं। नतीजा यह है कि पंचायतें नाम की तो सशक्त हैं, लेकिन असली शक्ति अब भी उनसे दूर है।

हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में पंचायतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, बिखरी हुई आबादी और सीमित संसाधन स्थानीय निर्णयों की मांग करते हैं। इसके बावजूद पंचायतें अक्सर केवल सिफारिश करने वाली संस्था बनकर रह जाती हैं। सड़क, पानी, सिंचाई, रोजगार, स्वच्छता और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर पंचायतें प्रस्ताव तो बनाती हैं, लेकिन अंतिम निर्णय कहीं और लिया जाता है। इससे पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका सीमित हो जाती है और जनता के बीच उनका भरोसा भी कमजोर पड़ता है।

आज जमीनी हकीकत यह है कि पंचायतों में काम बहुत कम दिखाई देता है। कई गांवों में वर्षों से एक ही समस्याएं दोहराई जाती हैं, लेकिन समाधान आगे नहीं बढ़ता। बैठकों की कार्यवाही होती है, रजिस्टर भरे जाते हैं, योजनाओं के नाम गिनाए जाते हैं, मगर धरातल पर बदलाव नज़र नहीं आता।

धीरे-धीरे यह धारणा बनने लगती है कि पंचायतें सिर्फ औपचारिकता निभा रही हैं, जबकि असल में समस्या उनके अधिकारों और निर्णय लेने की स्वतंत्रता की है। वित्तीय निर्भरता पंचायतों की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी है। अपने स्तर पर आय के सीमित साधनों के कारण पंचायतें पूरी तरह सरकार और प्रशासन पर निर्भर रहती हैं। किसी छोटे से काम के लिए भी मंजूरी का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में समय निकल जाता है, समस्या जस की तस बनी रहती है और जनता की नाराजगी पंचायत पर आकर ठहर जाती है। पंचायत प्रतिनिधि चाहकर भी कई बार कुछ नहीं कर पाते, क्योंकि उनके हाथ बंधे होते हैं। एक गंभीर सच्चाई यह भी है कि कई पंचायत प्रधान और प्रतिनिधि राजनीति के प्रभाव से मुक्त नहीं रह पाते। पंचायत का मंच स्थानीय विकास के लिए होना चाहिए, लेकिन कई बार वह राजनीतिक समीकरणों का विस्तार बन जाता है। किस काम को प्राथमिकता मिलेगी और किसे टाल दिया जाएगा, यह अक्सर ज़रूरत से नहीं बल्कि राजनीतिक झुकाव से तय होता है। इससे पंचायत की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं और विकास की गति धीमी पड़ जाती है। इच्छाशक्ति की कमी भी पंचायत व्यवस्था को कमजोर करती है।



कुछ प्रधान पद की प्रतिष्ठा तो चाहते हैं, लेकिन उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाने का साहस नहीं दिखा पाते। प्रशासनिक दबाव, जांच का भय और राजनीतिक नाराजगी से बचने के लिए वे अक्सर समझौता कर लेते हैं। नतीजतन पंचायत जनता की आवाज बनने के बजाय चुप्पी साध लेती है, जो व्यवस्था को भीतर से कमजोर करती है।

अफसरशाही का बढ़ता प्रभाव पंचायतों की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है, जिससे स्थानीय नेतृत्व विकसित नहीं हो पा रहा। जनता की उदासीनता भी इस स्थिति को और गंभीर बनाती है। पंचायतों को मजबूत करने के लिए उन्हें वास्तविक अधिकार, वित्तीय स्वतंत्रता और प्रशासनिक भरोसा देना आवश्यक है। साथ ही प्रतिनिधियों को राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर गांव और जनता के हित को सर्वोपरि रखना होगा। तभी स्थानीय स्वशासन सशक्त बन पाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की पेशेवर प्रतिबद्धता

हिमाचल प्रदेश को देशभर में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए एक विशिष्ट पहचान प्राप्त है। सीमित संसाधनों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और दूर-दराज के क्षेत्रों के बावजूद यहां की शैक्षिक व्यवस्था ने हमेशा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।



राकेश कुमार
सीनियर सेकेंडरी स्कूल
गैहरा, जिला चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हाल ही में हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट ( टैट ) में राज्य के अनेक सेवारत अध्यापकों का स्वेच्छा से भाग लेना इसी मजबूत शैक्षिक संस्कृति का प्रमाण है।

यह प्रवृत्ति न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि यह दर्शाती है कि हिमाचल के शिक्षक अपने पेशे को केवल नौकरी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व के रूप में देखते हैं। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिक्षकों ने टैट जैसी परीक्षा की अनिवार्यता से इंकार नहीं किया, बल्कि सरकार और शिक्षा बोर्ड से समय-समय पर पुनः अवसर उपलब्ध कराने की सकारात्मक मांग की है। यह सोच उनके आत्मविश्वास, उत्तरदायित्व बोध और पेशेवर प्रतिबद्धता को उजागर करती है। वे स्वयं को परखने, अपनी कमियों को पहचानने और आवश्यक सुधार करने के लिए तैयार हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक और परिणामोन्मुखी युग में ऐसी मानसिकता किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत होती है।

यह सर्वविदित है कि अखिल भारतीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष पांच राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में हिमाचल के शिक्षकों के लिए टैट जैसी परीक्षा को अत्यंत कठिन मानना उचित नहीं है। इसके बावजूद शिक्षकों द्वारा स्वेच्छा से इस परीक्षा में भाग लेना इस बात का संकेत है कि वे निरंतर स्वयं को अद्यतन रखने और राष्ट्रीय शैक्षिक मानकों के अनुरूप ढालने के लिए तत्पर हैं। यह आत्म मूल्यांकन की भावना शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाती है। वर्तमान समय शिक्षकों से केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने की अपेक्षा नहीं करता, बल्कि उनसे तकनीकी, बौद्धिक और नैतिक मार्गदर्शन की भी मांग करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस युग में विद्यार्थियों की जिज्ञासाएं और सीखने के तरीके तेजी से बदल रहे हैं। जानकारी अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रही।



ऐसे में शिक्षक का दायित्व और भी बढ़ जाता है कि वह अपने ज्ञान, शिक्षण कौशल और शिक्षण पद्धतियों को निरंतर अद्यतन करता रहे। शिक्षक तभी प्रभावी भूमिका निभा सकता है, जब वह स्वयं विद्यार्थियों से एक कदम आगे रहकर उन्हें सही दिशा प्रदान करे। हिमाचल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में यहां के शिक्षकों का योगदान अमूल्य रहा है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में, जहां सुविधाओं का अभाव है, वहां भी शिक्षक पूरे समर्पण के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में लगे रहते हैं। बदलते शैक्षणिक परिवेश और बढ़ती चुनौतियों के बावजूद उनका संकल्प कमजोर नहीं पड़ा।

यही कारण है कि हिमाचल का शैक्षणिक मॉडल देश के अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सका है। आज के भौतिकवादी युग में माता-पिता के बाद यदि कोई व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अपना सर्वस्व अर्पित करता है, तो वह शिक्षक ही है।

विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानना, उसे निखारना, सही मार्ग दिखाना और जीवन मूल्यों से जोड़ना शिक्षक की अतुलनीय भूमिका है। हिमाचल के शिक्षकों द्वारा टैट जैसी परीक्षा को सकारात्मक रूप में स्वीकार करना और स्वयं को निरंतर बेहतर बनाने का प्रयास करना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज शिक्षकों की पदोन्नति पर जताया सरकार का आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने कॉलेज शिक्षकों को प्राचार्य पद पर लंबे समय से प्रतीक्षित पदोन्नति को मंजूरी देने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का तहे दिल से धन्यवाद किया है। एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ. बनिता सकलानी ने कहा कि इस सकारात्मक निर्णय का शिक्षण समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया है। इससे शैक्षणिक नेतृत्व मजबूत होगा और सरकारी कॉलेजों के कामकाज में सुधार आएगा। नवपदोन्नत प्राचार्य शैक्षणिक मानकों और संस्थागत विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एसोसिएशन ने वेतन बैंड-दो, तीन और चार में लंबित पदोन्नति, करियर एडवांसमेंट स्कीम की अधिसूचना और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नियमावली 2018 को लागू करने का आग्रह किया है, ताकि योग्य शिक्षकों की पदोन्नति सुनिश्चित हो और राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली सुदृढ़ बने। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर उच्च शिक्षा को सशक्त करने के प्रयासों की सराहना की गई। शिक्षकों ने अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ राज्य व राष्ट्र की शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रगति में योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### पेंशनर दिवस पर घुमारवीं में होगा राज्यस्तरीय समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट द्वारा 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस के उपलक्ष्य पर घुमारवीं में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्य मीडिया प्रभारी कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि राज्य अध्यक्ष आत्माराम शर्मा व संयोजक हरीश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न पेंशनर्स संगठनों को एक मंच मिला है। फ्रंट पुरानी पेंशन व्यवस्था, लंबित वित्तीय मामलों के निपटारे, समयबद्ध भुगतान और पेंशनर्स के सम्मानजनक जीवन से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष कर रहा है। पेंशनर्स को मुख्यमंत्री से ठोस घोषणाओं की उम्मीद है और सभी संगठनों से समारोह में भाग लेने की अपील की गई है।

### डिजिटल अर्थव्यवस्था व साइबर हेल्थ पर फैलाई जागरुकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी कैडेट्स ने डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं साइबर हेल्थ विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। लगभग 60 कैडेट्स ने नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षित व जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार का संदेश दिया। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और स्वस्थ डिजिटल आदतों पर विशेष जोर दिया गया। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि डिजिटल साक्षरता से ही सशक्त डिजिटल अर्थव्यवस्था संभव है। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही।

### ढलवान में भव्य हिंदू महासम्मेलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत पटड़ीघाट, गुम्मू-भरनाल और ढलवान पंचायत के निवासियों की ओर से हिंदू महासम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में दिले राम मुख्य अतिथि रहे, जबकि मुख्य वक्ता सुभाष ठाकुर और अध्यक्षता बद्रीदत्त शर्मा ने की। विशेष वक्ता मीना कुमारी और सपना देवी रहीं। महिलाओं मंडलों व बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों के विरोध, हिंदू एकता, स्वदेशी अपनाने और भारतीय संस्कृति व मूल्यों पर गर्व करने का आह्वान किया।

### सरकाघाट से दुकान से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस की टीम, एएसआई राजेंद्र कुमार तथा आ0 अजू कुमार नंबर 613 ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अश्वनी कुमार पुत्र दीना नाथ, निवासी गांव समसौह, डाकघर गाहर की दुकान में छापेमारी कर देशी शराब की एक पेटी बरामद की गई। अश्वनी द्वारा अपनी दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राहकों को बेची जा रही थी। पुलिस ने अश्वनी कुमार के खिलाफ पुलिस थाना सरकाघाट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# सभी जॉब कार्ड धारकों को मनरेगा में दिया जाए काम : भूपेंद्र सिंह

## पति के नौकरी या पेंशनधारक होने पर महिलाओं को काम न देना और शपथ पत्र लेना गैर कानूनी

**जनवरी में बीडीओ ऑफिस धर्मपुर में होगा प्रदर्शन**

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


सरकाघाट में करतार सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक।

**सीटू** से संबंधित मजदूर यूनियन मनरेगा में जॉब कार्ड धारकों को रोजगार न देने के विरोध में जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी और जनवरी के प्रथम सप्ताह में बीडीओ ऑफिस धर्मपुर पर प्रदर्शन करेगी। यह निर्णय सरकाघाट में करतार सिंह चौहान की अध्यक्षता में अयोजित बैठक में लिया गया।

बैठक में सीटू मंडी जिला प्रधान भपेंद्र सिंह विशेष रूप में शामिल हुए। बैठक में यह बात सामने आई कि कई पंचायतों में उन जॉब कार्ड धारक महिलाओं को पिछले तीन महीने से रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जिनके पति कहीं रोजगार करते हैं, जो मनरेगा कानून के प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने बताया कि इस बारे में पूछने पर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी सही स्थिति से अवगत नहीं करवा रहा है और एक-दूसरे पर इसकी जिम्मेदारी डाल रहे हैं। कई पंचायतों में तो मजदूरों से इस बारे शपथपत्र लिए जा रहे हैं, जिनमें यह लिखवाया जा रहा है कि काम करने के बाद अगर सरकार से पैसा आएगा, तभी पंचायत कर्मचारी उन्हें वेतन देंगे। यह भी लिखवाया कि मजदूर अपनी इच्छा के अनुसार काम कर रहे हैं। ये गैर जिमेदारी का काम विभाग और पंचायतों द्वारा किया जा रहा है। खंड अध्यक्ष करतार सिंह चौहान ने कहा कि उनकी गृह पंचायत के वार्ड सरौन में कुल 40 जॉब कार्ड हैं, सभी महिलाएं ही मनरेगा में काम करती हैं, लेकिन इनमें से 30 महिलाओं के पति या तो नॉकरी में हैं या फिर पेंशन लेते हैं। चार महिलाओं की उम्र 70 साल से अधिक हैं, सिर्फ पांच या छह महिलाएं ही ऐसी हैं, जो मनरेगा में सौ दिन काम करेंगी। यूनियन ने तय किया है कि वे सरकार के इस फैसले के खिलाफ 15 दिसंबर से जनजागरण अभियान चलाएगी और सभी मनरेगा मजदूरों को इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतर कर विरोध करने का आह्वान करेगी। यूनियन ने काम न मिलने पर लोकपाल से बेरोजगारी भत्ता मांगने का निर्णय लिया है।

# नवनीत गुलेरिया अध्यक्ष और डॉ. विपुल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष


एनएचएम कर्मचारियों के सम्मेलन में जिला कार्यकारिणी का गठन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों का चौथा जिला सम्मेलन एमसीएच बिल्डिंग, जोनल अस्पताल मंडी के सभागार में आयोजित किया गया। यह जानकारी नवनीत गुलेरिया नवनियुक्त अध्यक्ष, जिला मंडी ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन एवं चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं चेतन ठाकुर ने की, जिसमें जिला स्तर के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराए गए।

चुनाव में नवनीत गुलेरिया को अध्यक्ष, डॉक्टर विपुल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद कुमार एवं पूजा चौधरी को उपाध्यक्ष, कामना रविकांत एवं अतुल को संयुक्त सचिव, चेतन संख्यान को कोषाध्यक्ष, राकेश शर्मा को लीगल एडवाइजर एवं प्रेस सेक्रेटरी तथा महेंद्र पाल ठाकुर एवं राजेंद्र को मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अतिरिक्त कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें विनोद, डॉक्टर विपुल, योगेश, रविकांत, पूजा चौधरी, धर्मेंद्र, डॉक्टर चिराग, चेतन, सुमित, नवनीत, राकेश एवं चेतन संख्यान को सदस्य बनाया गया। नवनीत गुलेरिया ने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द एनएचएम कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए, अन्यथा आने वाले समय में जिला मंडी से कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# शिव मंदिर नगला में एकता और भारतीय मूल्यों का दिया संदेश


पंचायत गोपालपुर, फतेहपुर व ठाणा के लोगों ने हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**जिला** मंडी के तहत सरकाघाट उपमंडल के खंड गोपालपुर में शिव मंदिर नगला में पंचायत गोपालपुर, फतेहपुर व ठाणा के निवासियों द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और भारतीय मूल्यों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया।

सम्मेलन में करतार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि चमन ने मुख्य वक्ता के रूप में समाज को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथि सुनीता, महिला मंडल प्रधान रमेश रत्न, प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विभिन्न वक्ताओं ने समाज में पनप रही कुरीतियों से संघर्ष करने, हिंदू समाज की एकता बनाए रखने, स्वदेशी को अपनाने तथा गुलाम मानसिकता से बाहर निकलने का आह्वान किया। चमन ने कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य बोध, भारतीय मूल्यों और परंपराओं पर गर्व करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में संयोजक नुराता राम, सहसंयोजक नरेश कोषाध्यक्ष सरवण सहित अनेक समिति सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेरचौक नगर परिषद अध्यक्ष कांग्रेस छोड़ने की तैयारी में, पार्टी को लग सकता है बड़ा झटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी भूमि प्रकरण विवाद बना मुख्य कारण, अधिकारियों पर लगाए मनमानी के आरोप**

**नेरचौक** नगर परिषद की अध्यक्ष नर्वदा अभिलाषी कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहने की तैयारी में हैं। यदि वह इस्तीफा देती हैं, तो कांग्रेस को बल्ह क्षेत्र में बड़ा राजनीतिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। लंबे समय से पार्टी की सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता रहीं नर्वदा अभिलाषी ने पार्टी नेतृत्व और प्रशासनिक अफसरों के रवैए से गहरी नाराजगी जताई है।

सूत्रों के अनुसार डीएवी जमीन प्रकरण उनकी नाराजगी का सबसे बड़ा कारण है। इस मामले में न तो अधिकारियों ने उनकी बात सुनी और न ही उनकी ओर से दिए सुझावों पर गौर किया।

उन्होंने आरोप लगाया है कि स्थानीय अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और हाईकोर्ट के आदेशों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। अध्यक्ष का कहना है कि अधिकारियों की बेरुखी के चलते उन्हें अपने समर्थकों को जवाब देना मुश्किल हो रहा है। लगातार उठाई गई शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वह स्वयं को अपमानित महसूस कर रही हैं। स्थिति यह है कि वह कभी भी पार्टी छोड़ने का ऐलान कर सकती हैं।

नर्वदा अभिलाषी दो बार पंचायत प्रधान और एक बार नगर परिषद अध्यक्ष रह चुकी हैं। ऐसे में उनका पार्टी से जाना कांग्रेस के लिए न केवल नगर निकाय चुनावों में बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों में भी नुकसानदेह साबित हो सकता है। उनके पति डॉ. आरके अभिलाषी भी पंचायत उपप्रधान रह चुके हैं, उनका कद और राजनीतिक प्रभाव भी काफी मजबूत माना जाता है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपनी पीड़ा पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी को भी बताई है और आरोप लगाया है कि स्थानीय अधिकारी कांग्रेस समर्थकों की अनदेखी कर रहे हैं।

यदि जल्द पार्टी नेतृत्व ने स्थिति को संभालने की कोशिश नहीं की, तो वह कांग्रेस से इस्तीफा देने का औपचारिक ऐलान कर देंगी।

> **अधिकारी** मेरी बात नहीं सुन रहे। नेताओं को अवगत करवा दिया है। यदि जल्द कदम नहीं उठाया गया तो पार्टी में बने रहने का कोई फायदा नहीं, मैं इस्तीफा दे दूंगी।
> **-नर्वदा अभिलाषी, अध्यक्ष, नगर परिषद नेरचौक**

# हाकम चंद पठानिया बने गैर सरकारी संगठन सिंदूर फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की सरौन पंचायत के हाकम चंद पठानिया को गैर सरकारी संगठन, सिंदूर फाउंडेशन (एनजीओ) का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। गैर सरकारी संगठन के प्रबंधक संचालक संदीप चौधरी ने बताया कि पठानिया पिछले कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में समाज को नई दिशा देने में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं, जिसके चलते उन्हें यह जिम्मेवारी दी गई है। हाकम चंद पठानिया ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव तथा कमजोर वर्गों की सहायता करना और सामाजिक आर्थिक व पर्यावरण समस्याओं के समाधान के लिए काम करना रहेगा। वहीं, यश पठानिया, विनोद तलवार, बौना राम गांधी राम, प्रीतम सिंह, सुरेश कुमार, विनोद ठाकुर तथा सुनील गुलेरिया सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा ही नहीं विश्वास जताया कि पठानिया जिस भी पद पर काम करेंगे बखूबी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होगा।



## प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से की मांग, कहा–

# ड्राफ्ट्समैन कैडर के बनाए जाएं सामान्य नियम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**जूनियर ड्राफ्ट्समैन को दिया जाए ड्राफ्ट्समैन पदनाम**

**प्रदेश** ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन ने हिमाचल सरकार से ड्राफ्ट्समैन केडर के सभी विभागों में सामान्य नियम बनाने की मांग की है। एसोसिएशन ने कृषि विभाग व बिजली बोर्ड की तर्ज पर लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग सहित प्रदेश के सभी विभागों में जूनियर ड्राफ्ट्समैन की पदोन्नति 7 साल की बजाय 3 साल की समय अवधि पूर्ण होने पर करने की सरकार से गुहार लगाई है। इसके अलावा एसोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड, कृषि विभाग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग व वन विभाग सहित तमाम विभागों में जूनियर ड्राफ्ट्समैन के रिक्त पड़े पदों को भरने की भी सरकार से गुहार लगाई है।

एसोसिएशन ने जूनियर ड्राफ्ट्समैन को ड्राफ्ट्समैन तथा ड्राफ्ट्समैन को वरिष्ठ ड्राफ्ट्समैन का पदनाम देने की भी मांग की है। प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित तमाम विभागों के मंत्रियों तथा विभागा अध्यक्षों से पत्र लिखकर प्रदेश के सभी विभागों की रेखा शाखा को मजबूती प्रदान करने के लिए रिक्त पड़े ड्राइंग कैडर के सभी पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री व मंत्रियों तथा विभागाध्यक्षों को भेजे पत्र में लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग में वर्षों से रिक्त पड़े ड्राफ्ट्समैन के पदों को भरने के लिए जूनियर ड्राफ्ट्समैनों को नियमों में विशेष छूट देखकर ड्राफ्ट्समैन पद पर पदोन्नति देने की गुहार लगाई है। रमेश यादव ने बताया कि इस समय जल शक्ति विभाग में ड्राफ्ट्समैन के कुल स्वीकृत 170 के करीब पद हैं, जिनमें से करीब 155 पद रिक्त पड़े हुए हैं। लोक निर्माण विभाग में भी 150 से भी ज्यादा ड्राफ्ट्समैन के पद वर्षो से रिक्त चल रहे हैं व अन्य विभागों में भी इस कैडर के अधिकांश पद रिक्त हैं। विभागों में 90 फीसदी पद खाली होने से ड्राइंग कैडर का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सरकार से एसोसिएशन द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका स्थाई समाधान निकालने की अपील की है। एसोसिएशन ने जूनियर ड्राफ्ट्समैन को कनिष्ठ सहायक, ड्राफ्ट्समैन को वरिष्ठ सहायक, मुख्य ड्राफ्ट्समैन (एचडीएम) को अधीक्षक ग्रेड 2 सर्किल हेड ड्राफ्ट्समैन को अधीक्षक ग्रेड 1 तथा प्लानिंग अधिकारी को सहायक अभियंता के बराबर वेतन संशोधित करने की सरकार से गुहार लगाई है। पेंशन के लिए लगाई गई 10 वर्ष की शर्त में छूट देकर विभाग में सेवाएं दे रहे हैं सभी कर्मचारियों को पेंशन के दायरे में लाने, जूनियर ड्राफ्ट्समैन, ड्राफ्ट्समैन, मुख्य ड्राफ्ट्समैन (एचडीएम ), सर्किल हेड ड्राफ्ट्समैन तथा योजना अधिकारी को पंजाब सरकार द्वारा स्वीकृत संशोधित वेतन (ग्रेड पे )1 जनवरी 2017 से देने की भी मांग की है। रमेश यादव ने कहसा कि इन मांगों को लेकर शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल शिमला में सीएम व मंत्रियों से मुलाकात करेगा।

# कोठी कोहड़ में महिलाओं ने चलाया सफाई अभियान

**25 वर्षों से पेश कर रहीं स्वच्छता की मिसाल, महिला मंडल का निरंतर अभियान जारी**

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी की कोठी कोहड़ पंचायत के तहत आने वाले महिला मंडल कोठी कोहड़ की महिलाएं 25 वर्षों से स्वच्छ भारत मिशन की भावना को निरंतर जीवंत रखते हुए स्वच्छता अभियान को सुचारु रूप से चला रही हैं। हर सप्ताह रविवार के दिन की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी महिला मंडल की लगभग 30 महिलाओं ने प्रधान लता देवी की अगुवाई में गांव की गलियों, रास्तों तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं ने घास व झाड़ियों को काटकर हटाने के साथ-साथ कूड़े-कचरे को दूर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर गहरे गड्ढों में दबाया। महिला मंडल की सचिव विद्या देवी ने बताया कि महिला मंडल की सभी महिलाएं कई वर्षों से प्रत्येक रविवार अथवा आवश्यकता पड़ने पर अन्य दिनों में भी स्वेच्छा से सफाई अभियान में जुटती आ रही हैं, जिससे यह अभियान निरंतरता के साथ पूरी घाटी के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से गांव में न केवल स्वच्छता बनी रहती है, बल्कि गंदगी से फैलने वाली बीमारियों पर भी प्रभावी रोक लगी है। कोठी कोहड़ पंचायत की प्रधान रक्षा देवी ने महिला मंडल के इस अनुकरणीय कार्य की सराहना करते हुए सरकार और प्रशासन से मांग की है कि महिला मंडल द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सम्मानित किया जाए, ताकि घाटी के अन्य महिला मंडल भी इससे प्रेरणा लेकर स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# खणी में हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म और सामाजिक समरसता पर दिया जोर


बालीचौकी के खणी गांव में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मौजूद मुख्यातिथि व कलाकार।

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** बालीचौकी के खणी गांव में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हुक्म शर्मा, सह संयोजक केशव राम और सचिव राजमल व कार्यक्रम अध्यक्ष भागीरथ शर्मा ने कुटुंभ प्रबोधन और सनातन धर्म पर अपना वक्तव्य रखा।

जयवंती ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य में अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमालय के कौलान्तक पीठ के पीठाधीश्वर महायोगी सत्येंद्र नाथ थे, जिन्होंने सनातन धर्म, स्वदेशी अभियान व सामाजिक समरसता के ऊपर उद्बोधन दिया।

संघ की तरफ से जितेंदर ने बंजार जिला प्रचारक के नाते आरएसएस के पंच प्रणो, वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने, भगवान विरसा मुंडा जयंती के 150 वर्ष, गुरु तेग बहादुर सिंह के 350वें शहादत दिवस पर जानकारी दी। इस अवसर पर खणी मंडल कार्यवाह केशव राम, खंड कार्यवाह घनेश राउत, सह खंड कार्यवाह टीकम ठाकुर समिति सदस्य गुरदेव शर्मा, लोकेंद्र ठाकुर, चंद्र मणि, हैप्पी ठाकुर, रीत राम, एकल आचार्य थानु ठाकुर, कविता ठाकुर व मोहित ठाकुर उपस्थित रहे।

# करनाल के हर्ष ने भारतीय संस्कृति बचाओ अभियान की जगाई अलख, पांगला पहुंचे

## एक भी पैसा खर्च किए बिना एक हजार दिन की भारत यात्रा पर निकले

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान**



भारतीय संस्कृति बचाओ अभियान की अलख जगाते हुए पांगणा पहुंचे हर्ष भारद्वाज।

**करसोग।** भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश लेकर बिना एक भी पैसा खर्च किए एक हजार दिनों की 'भारतीय संस्कृति बचाओ-भारत यात्रा' पर निकले हरियाणा के करनाल जिले के बालु निवासी सनातनी युवक हर्ष भारद्वाज पांगणा पहुंचे, जहां उन्होंने जनमानस को भारतीय संस्कारों, नैतिक मूल्यों और प्राचीन शिक्षा प्रणाली के महत्व से अवगत कराया।

हर्ष भारद्वाज अब तक राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, झारखंड तथा उत्तराखंड सहित देश के अनेक राज्यों की यात्रा पूर्ण कर चुके हैं। हर्ष भारद्वाज का कहना है कि भारतीय संस्कृति विश्व की महानतम संस्कृतियों में से एक रही है, किंतु समय के साथ बढ़ती लापरवाही के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी प्राप्त होने वाले संस्कार लुप्त होते जा रहे हैं, जिन्हें पुनः नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भारत फिर से विश्व गुरु की भूमिका निभा सके। पांगणा प्रवास के दौरान सनातनी हर्ष भारद्वाज ने महामाया मंदिर पांगणा-सुकेत की कृपा का साक्षात अनुभव किया तथा महामाया मंदिर समिति और मशोग निवासी विकास सेन का रहन-सहन एवं भोजन व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

**सहायता** बेटी की शादी पर परिवार को शगुन के रूप में दी जा रही 31 हजार रुपए की राशि

# मुख्यमंत्री शगुन योजना बनी गरीब बेटियों का सहारा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में प्रदेश सरकार कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए वचनबद्ध है। विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित प्रदेश सरकार ने कई ऐसी योजनाएं चला रखी है, जो समाज के कमजोर तबकों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता दर्शाती हैं।

इसी कड़ी में वर्तमान सरकार की शगुन योजना सरकाघाट क्षेत्र के बीपीएल परिवार की बेटियों की शादी के लिए मददगार साबित हो रही है। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार बीपीएल परिवार की बेटियों की शादी में 31 हजार रुपए की राशि शगुन के रूप में प्रदान कर उनकी आर्थिक सहायता कर रही है। आवेदन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में तैनात संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में किया जा रहा है।

लड़की की आयु 18 वर्ष से अधिक और वह हिमाचल प्रदेश की स्थाई निवासी होनी चाहिए। इस योजना के लिए लड़की के माता-पिता, अभिभावक या लड़की स्वयं भी आवेदन कर सकती है। सरकाघाट के गांव खनोट तहसील बलद्वाड़ा से संबंध रखने वाली तनु कुमारी की शादी गांव मनवाणा में हुई है। वे बताती हैं कि मेरी शादी पिछले साल नवंबर 2024 में हुई। तो हमें स्थानीय आंगनबाड़ी वर्कर से पता चला कि मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत बीपीएल परिवार से संबंध रखने वाली बेटियों की शादी पर 31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। इस पर मेरे परिवार वालों ने भी इस योजना के लिए आवेदन किया। शादी के पांच महीने बाद 31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि शगुन के रूप में सरकार से प्राप्त हुई। मैं और मेरा परिवार प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने गरीब परिवार की बेटियों की शादी के लिए इतनी अच्छी योजनाएं चला रखी हैं।

धर्मपुर ब्लॉक से संबंध रखने वाली सुनीता देवी पत्नी दिनेश कुमार गांव सरौन बताती हैं कि उनकी बेटी आंचल चौहान की शादी पिछले साल अक्तूबर, 2024 में हुई थी। मुख्यमंत्री शगुन योजना का पता चला था और हमने इस योजना के लिए फॉर्म भरे और बेटी की शादी के चार महीने बाद हमें 31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदेश सरकार से शगुन के रूप में प्राप्त हुई। हम मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद करते हैं कि उनकी सरकार गरीब परिवार की इतनी सहायता कर रही है।

वहीं, वंदना देवी पत्नी राज कुमार गांव अपर बरोट सरकाघाट बताती हैं कि उनकी बेटी नेहा की शादी पिछले साल नवंबर, 2024 में हुई थीं। हमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पता चला कि सरकार ने मुख्यमंत्री शगुन योजना चला रखी है, जिसमें बेटियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता के रूप 31 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। हमने भी इस योजना का लाभ लेने के लिए सरकाघाट सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन किया था। शादी के तीन महीने बाद 31 हजार रुपए प्राप्त हुए। मेरा परिवार मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने गरीब परिवारों के उत्थान के लिए इतनी अच्छी योजनाएं चलाई हैं।



सरकार की ओर से बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहायता राशि मिलने पर सीएम का जताया आभार।

## न्यूज ब्रीफ

### 1.75 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक किए काबू

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली पुलिस की एक टीम ने आम जनता और लोगों के सहयोग से मुख्य आरक्षी मेहर चंद के नेतृत्व में कर्मपुर क्षेत्र मे तीन युवकों को 1.75 ग्राम हैरोइन के साथ पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि शिव कुमार और राज कुमार नामक दो युवक जो गांव ललड़ी के रहने वाले हैं, वह चोरी छुपे एक चोर रास्ते पर हैरोइन/चिट्टा का सेवन करने की तैयारी में थे, जिन्हें गांव के जागरूक युवकों ने पकड़ लिया और उनसे पूछताछ करके चिट्टा बेचने वाले युवक जश्न को दबोचा, जो पालकवाह का रहने वाला है। पुलिस को सूचना मिलते ही हरौली पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और सभी युवकों को अपनी गिरफ्त में लिया। पूछताछ में मुख्य सप्लायर की पहचान जश्न के रूप में हुई है। चिट्टे की खेप कहां से इलाके में पहुंची इसकी तहकीकात में पुलिस जुटी हुई है। थाना प्रभारी हरोली सुनील कुमार संख्यान ने जागरूक युवकों और जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि अगर जनता जागरूक हो और माता-पिता अपने बच्चों पर सही रूप से ध्यान दें, तो इस चिट्टा रूपी बीमारी से लड़ा जा सकता है। आम जनता ही पुलिस की आंख नाक कान होती है। किसी भी प्रकार की नशे की सूचना आप पुलिस को दे सकते हैं। हेल्पलाइन 112 पे भी यह सूचना दी जा सकती है।

### आज राकेश कालिया वार्षिक समारोह में होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के वार्षिक पारितोषिक समारोह में इलाके के विधायक राकेश कालिया आज प्रातः काल 9:30 बजे बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे,यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल ओम राज, वरिष्ठ लेक्चरर मनोज कालिया, राजीव ठाकुर एवं अमरपाल ने दी। प्रिंसिपल ओम राज ने बताया कि विधायक राकेश कालिया मेधावियों को शिक्षा खेल एवं अन्य गतिविधियों के लिए सम्मानित करेंगे, इसके अलावा आज ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड्ड में भी विधायक राकेश कालिया दोपहर बाद वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल रवि कुमार लेक्चरर राकेश कुमार ने दी।

### पीएम श्री स्कूल जेएनवी के लिए गर्व का क्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, ऊना के लिए गर्व वाला समारोह रहा, क्योंकि अभिनंदन ठाकुर, पुत्र अनिल ठाकुर, निवासी ग्राम देओली, तहसील घनारी, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) का चयन भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। अभिनंदन ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से बी.टेक (विद्युत अभियांत्रिकी) की डिग्री प्राप्त की है तथा वे वर्ष 2020 में जेएनवी पेखुबेला से कक्षा बारहवीं के छात्र रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। यह सफलता उनके परिवार, गुरुओं और पूरे नवोदय परिवार के लिए गर्व का विषय है। पीएम श्री स्कूल जेएनवी ऊना की ओर से फ्लाइंग ऑफिसर अभिनंदन ठाकुर को हार्दिक बधाई एवं राष्ट्र सेवा में उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई हैं।

### सरकार के नशे के खिलाफ अभियान का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टे और नशे के खिलाफ छेड़ी गई निर्णायक जंग का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। विनोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल से नशे के खिलाफ लड़ाई में एक नया मोड़ आएगा और इससे समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ इस अभियान में प्रदेश सरकार के साथ है और नशे के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान देने के लिए तैयार है।

### रात में स्पीकर के इस्तेमाल पर लगाएं रोक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** ग्राम पंचायत गंगोट के मोईन निवासी अरुण कुमार और रोहित कुमार ने मंदिर प्रशासन चिंतपूर्णी से अपील की है कि बाबा श्री माईदास सदन व अन्य धर्मशाला में देर रात तक जगराते के लिए स्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाए, क्योंकि इससे स्थानीय ग्राम वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रात में स्पीकर के इस्तेमाल से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, क्योंकि वे अपने घरों में शांति से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा, बुजुर्गों को भी परेशानी होती है, जो रात में आराम करना चाहते हैं, लेकिन स्पीकर की आवाज के कारण उन्हें नींद नहीं आती है। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा रात को स्पीकर के इस्तेमाल पर गाइडलाइन बनाई गई है, जिसका मंदिर प्रशासन को पालन करना चाहिए ताकि स्थानीय निवासियों को कोई परेशानी न हो। मंदिर प्रशासन से अपील की गई है कि वे इस मामले में उचित कार्रवाई करें और रात में स्पीकर के इस्तेमाल पर रोक लगाएं, ताकि स्थानीय निवासी शांति से रह सकें।

### स्वयंसेवियों ने किया आनंदपुर साहिब का शैक्षिक दौरा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह के निर्देशन में आनंदपुर साहिब का एक दिवसीय शैक्षिक एवं प्रेरणादायी दौरा सफलतापूर्वक किया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऐतिहासिक जागरूकता, सांस्कृतिक समझ तथा सेवा, एकता और अनुशासन के मूल्यों को सुदृढ़ करना था। स्वयंसेवकों ने तख्त केशवगढ़ साहिब और विरासत-ए-खालसा संग्रहालय का भ्रमण कर सिख इतिहास और खालसा पंथ की महत्ता को जाना। छात्रों ने इसे ज्ञानवर्धक और यादगार अनुभव बताया।

### कोट स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स हुए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय उच्च विद्यालय कोट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मुख्यातिथि मृदु शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में बड़े उत्साह व धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा पौधरोपण से हुई। इसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। मुख्याध्यापक सुरेश भारती ने शैक्षणिक और खेलों में विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों की जानकारी दी। बैडमिंटन में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान हासिल करने पर छात्रों को सराहना मिली। मुख्यातिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत और अनुशासन की प्रशंसा की। विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने समारोह को यादगार बना दिया।

# एंटी-चिट्टा अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एंटी-चिट्टा अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की दिशा में डीसी ऊना जतिन लाल ने युवाओं से नशे के खिलाफ खुलकर आगे आने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना में आयोजित प्री-रिपब्लिक डे परेड कैंप के अंतर्गत निकाली गई जन-जागरूकता रैली के उपरांत एमसी पार्क ऊना में एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना में आयोजित इस कैंप में प्रदेश भर से चयनित एनएसएस के कुल 300 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं, जिनमें 150 छात्राएं एवं 150 छात्र शामिल हैं। इनमें से चयनित 55 छात्राएं और 55 छात्र आगामी राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए शिमला में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कैंप के अंतर्गत सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों की श्रृंखला में शुक्रवार को



एंटी-चिट्टा अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए एमसी पार्क ऊना पहुंची, जहां उपायुक्त ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत रैली पुनः स्कूल परिसर में संपन्न हुई। एमसी पार्क में अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि युवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति और पूंजी होते हैं। यदि यही शक्ति नशे की गिरफ्त में आ जाएं, तो समाज भीतर से खोखला हो जाता है। उन्होंने कहा कि चिट्टा जैसे घातक नशे केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को अंधकार की ओर धकेल देते हैं। डीसी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने मित्रों, सहपाठियों व आसपास के लोगों को भी इस विनाशकारी लत से बचाने के लिए सजग और सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नशामुक्त, जागरूक व जिम्मेदार युवा ही आत्मनिर्भर हिमाचल तथा सशक्त भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों को एंटी-चिट्टा शपथ भी दिलाई गई। इसमें सभी ने नशे से दूर रहने, इसके खिलाफ व्यापक जागरूकता फैलाने व सरकार के एंटी-चिट्टा अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना के प्रधानाचार्य सुरेंद्र, परेड कमांडर ललिता वालिया, कैंप कमांडर मुकेश सलारिया सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## चिंतपूर्णी में जागरण का हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में ज्ञान सागर पीर मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट रामपुर फूल बठिंडा की ओर से दूसरे जागरण का आयोजन किया गया। जागरण शुरू करने से पहले पुजारी अंकुर कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगाई। जागरण में ज्योति प्रज्वलित करने के लिए चिंतपूर्णी मंदिर से ज्योति लेकर जस्सी बाबा ने माईदास सदन तक शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर जस्सी बाबा समेत अन्य कलाकारों ने माता का गुणगान किया और लंगर का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर जस्सी बाबा, अमृतलाल बिट्टू गौरव अरोड़ा और दीपक बंसल उपस्थित रहे। जस्सी बाबा ने मंदिर अधिकारी अजय मड्याल और स्थानीय लोगों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। यह आयोजन माता चिंतपूर्णी के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें उन्होंने माता की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पूर्व नौ सैनिकों ने परिवार सहित धूमधाम से मनाया नौसेना दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना**



पूर्व नौ सैनिकों द्वारा परिवार सहित 'नौसेना दिवस' त्रिशमा रिजॉर्ट बहडाला ऊना में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी भारी संख्या में पूर्व नौसैनिक अपने परिवार सहित हिमाचल और पंजाब से, इस ऐतिहासिक 'नौसैनिक परिवार मिलन' समारोह में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए। सर्वप्रथम देश की आन बान और शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

नेवल एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन ऊना के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। उछलकूद करने वाले नन्हे बच्चों ने मिक्की माउस, बाउंसी का भर पूर आनंद लिया और खूब मस्ती की। महिलाओं के लिए म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सब ने तंबोला का लुत्फ उठाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को इनाम वा गिफ्ट्स, दिए गए। पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके समाधान बारे विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। देव भूमि अद्वैता हार्ट व मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डाक्टर शैलेंद्र ने दिल का दौरा पड़ने के लक्षणों, उसके फर्स्ट एड और बुढ़ापे की बीमारियों के मैनेजमेंट बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसोसिएशन के प्रधान ने नौ सेना दिवस के बारे में चर्चा करते हुए प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि 4 दिसंबर, 1971 को ऑपरेशन ट्राइडेंट के अंतर्गत पाकिस्तान की मुख्य बंदरगाह कराची पर अचानक जबरदस्त हमला करके उसे तबाह कर दिया। पाकिस्तान नौ सेना के कई समुद्री जहाज डूबा दिए, पूर्वी पाकिस्तान की सप्लाई रोक दी। पाकिस्तान को घुटनों के बल लाकर आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करने पर अहम भूमिका निभाई, तब से 4 दिसंबर को नेवी की ताकत का प्रतीक मानते हुए इस दिन को नौ सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। ऊना में 1997 से (करोना वर्ष छोड़ कर) हर साल लगातार पूर्व नौ सैनिक परिवार सहित, नौ सेना दिवस मना रहे हैं।

## उड़ान समूह ने आयोजित किया पीसेट टैलेंट सर्च एग्जाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

सामाजिक कल्याण संस्था उड़ान समूह द्वारा चौथी एवं पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए उड़ान टैलेंट सर्च प्रतियोगिता पीसेट का आयोजन मंदली, थानाकलां, बंगाणा तथा लठियानी में किया गया। इसमें बंगाणा ब्लॉक के 37 प्राइमरी स्कूल टीम के 74 मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी मेहनत को परखा।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन निर्धन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना है, जो योग्यता होने के बावजूद आय के संसाधनों की कमी की वजह से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं तथा पात्रता होने के बाजूद उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अब तक हासिल की गई शिक्षा को परख कर भविष्य में आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी को नई दिशा भी मिलती है। संस्था ऐसे



विद्यार्थियों को चिन्हित कर अपने आय के संसाधनों के अनुरूप मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए पात्रता अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान करती है। संस्था के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगी परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता को पूर्ण कर प्रथम 11 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को संस्था द्वारा अपने वार्षिक समारोह में विशेष रूप से छात्रवृत्ति तथा उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संस्था के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज द्वारा हंसराज खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बंगाणा, प्रधानाचार्य बंगाणा जितेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदली देवेंद्र सिंह चौहान, प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां संजीव पराशर, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियानी संजीव कुमार, सुख राम शर्मा, डॉक्टर राममूर्ति शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, अरविंद शर्मा, पंकज शर्मा, रजत शर्मा, मनीष शर्मा, सुनील शर्मा, सतीश डोगरा, संजय कुमार, अनुपम शर्मा, बबीता चंदेल, मणिका रत्न, रमा शर्मा, प्राची, रेखा, मनोज शर्मा, सुदर्शना शर्मा, रजनीश कुमार, बंगाणा ब्लॉक के समस्त प्राथमिक शिक्षकों का तथा समस्त उड़ान के सदस्यों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया ।

## अभिभावक अपने बच्चों को समय दें व उनकी भावनाओं को समझें

**अनंत ज्ञान, अंब**

गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटौहड़ कलां में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित समारोह में जिला उपायुक्त जतिन लाल और उनकी पत्नी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती माता के चित्र के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर किया गया।

गुरुकुल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के एमडी राजेश गौतम ने मुख्यातिथि सहित पहुंचे विशेष मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में स्कूल की शिक्षा, खेलों व अन्य गतिविधयों में बढ़िया कारगुजारी के लिए स्कूल प्रबन्धन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभा उजागर करने के लिए यही एक ऐसा मंच है, जिसके साथ बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। डीसी ऊना जतिन लाल ने आगे अपने संबोधन में कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को समय दें और उनकी भावनाओं को समझें। बच्चों को समझने और उनके साथ संवाद स्थापित करने से न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे एक बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे। तेजी से फैल रही नशे की कुरीती पर डीसी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि यह सामजिक कुरीती सभी के सहयोग से खत्म हो सकती है। इसके लिए सभी इसके खिलाफ एकजुट हों। प्रिंसिपल डॉ. संतोष कुमारी ने स्कूल के आला रिजल्ट्स व स्कूल के बारे में अपनी स्पीच में स्कूल के एक्डेमिक व को करिकुलर पार्ट के साथ स्पोर्ट्स में स्कूल की उपलब्धियां बताईं।

## बच्चों को गर्म स्वेटर बांट कर किया अनुकरणीय कार्य

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** वैसे तो इलाके में कई स्कूल हैं, कई शिक्षक हैं, लेकिन कुछ शिक्षक पढ़ाने के साथ-साथ समाजसेवा के कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण छाप छोड़ जाते हैं, ऐसी ही एक प्रस्तुति भंजाल क्लस्टर के अंतर्गत भंजाल केंद्रीय प्राइमरी पाठशाला के हेड टीचर कृष्ण कुमार ने पाठशाला के लगभग सभी 40 छात्रों को गर्म स्वेटर बांटे, जो बहुत अनुकरणीय कार्य है, अपना फायदा तो हर कोई सोचता है, लेकिन समाज के फायदे के लिए सोचना व समाज हित के कार्य करना बहुत सराहनीय है। भंजाल क्लस्टर के हेड व कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भंजाल के मुख्य अध्यापक कृष्ण कुमार की इस अनुकरणीय कार्य के लिए प्रशंसा की है।

## खुद हटाने लगे अवैध कब्जे, प्रशासन ने 20 दिसंबर तक दिया अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



पिछले कई वर्षों से बंगाणा में अवैध कब्जों की मार झेल रहे बंगाणा बाजार में बंगाणा प्रशासन ने अवैध कब्जों को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है।

बंगाणा बाजार में कई वर्षों से अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन कशमकश में था कि अवैध कब्जों पर कार्रवाई कैसे करें, बंगाणा बाजार में हर बारिश में दुकानों में पानी घुसना एक आम बात हो चुकी थी आए दिन अवैध कब्जे बढ़ते ही जा रहे थे, लेकिन प्रशासन द्वारा 10 दिन का अल्टिमेटम दिया गया था, जिस पर कब्जाधारी किशोरी लाल ने खुद ही कब्जे हटाने शुरू कर दिए हैं, जिसके लिए बाजार में हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है और कहा जा रहा है कि कोर्ट के आदेशानुसार अवैध कब्जे हटाने के लिए किशोरी लाल का यह प्रयास प्रशासन के लिए भी आदर्श साबित होगा और प्रशासन को भी अवैध कब्जे उखाड़ने में लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। किशोरी लाल का कहना है कि हम कोर्ट, स्थानीय प्रशासन का सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन भी हमारा सहयोग करे और जो भी पक्के व कच्चे अवैध कब्जे हैं उनको अपने आदेशनुसार 10 दिन के बाद हटाए, अवैध कब्जाधारियों को प्रशासन का साथ देना चाहिए और खुद ही कब्जे हटा लेने चाहिए, अगर प्रशासन 10 दिन के बाद अवैध कब्जों को नहीं हटाता है, तो यहीं पर धरना-प्रदर्शन दिया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन खुद जिम्मेवार होगा।

### दिल्ली में वोट चोर, गद्दी छोड़ की महारैली में समर्थकों सहित पहुंचे विधायक विवेक शर्मा

## भाजपा और चुनाव आयोग के बीच बड़ा गठबंधन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित कांग्रेस पार्टी की 'वोट चोर, गद्दी छोड़ो' महारैली में जिला ऊना वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अध्यक्ष एवं कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक विवेक शर्मा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि देश में लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। महारैली में विभिन्न राज्यों से आए नेताओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। महारैली को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग के बीच बड़ा गठबंधन है, जिसके कारण निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी



संवैधानिक संस्था पर देश के लोगों का भरोसा था, लेकिन अब वही भरोसा टूटता नजर आ रहा है। विवेक शर्मा ने दावा किया कि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए ईवीएम का दुरुपयोग किया जा रहा है और सत्ता हासिल करने के लिए कथित तौर पर ईवीएम हैकिंग की जा रही है। विवेक शर्मा ने मंच से भाजपा एवं चुनाव आयोग को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर वास्तव में आयोग निष्पक्ष है, तो उसे ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने का फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव होने पर सारी सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी और यह स्पष्ट हो जाएगा कि देश की जनता किसे सत्ता में देखना चाहती है। विवेक शर्मा के अनुसार, ईवीएम को लेकर देशभर में संदेह का माहौल है और इन संदेहों को दूर करने का एकमात्र तरीका पारदर्शी चुनाव प्रणाली अपनाना है।

विवेक शर्मा ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक पार्टी या नेता के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि आज आम मतदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और उसका वोट सुरक्षित नहीं है। विवेक शर्मा ने आरोप लगाया कि जो सरकार वोटों की ताकत से नहीं बन सकती, वह तकनीक के सहारे सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रही है। विवेक शर्मा ने युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं से अपील की कि वे इस आंदोलन से जुड़ें और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाएं।

विवेक शर्मा ने कहा कि अगर आज जनता चुप रही, तो आने वाले समय में चुनाव केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाएंगे। उन्होंने कि विपक्षी दलों को एकजुट होकर इस मुद्दे पर संघर्ष करना चाहिए, ताकि देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित हो सकें। विवेक शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की और ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। विवेक शर्मा ने कहा कि जनता का विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और अगर वही कमजोर हुआ, तो देश की बुनियाद हिल सकती है। इस मौके पर कई बड़े कांग्रेस नेता विधायक भी मौजूद रहे।

**आयोजन** राष्ट्रीय स्तर की खेल उपलब्धियों व देशभक्ति कार्यक्रमों से सजा वार्षिक समारोह, शिक्षा-खेल-संस्कृति का दिखा शानदार संगम

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का जश्न

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में ऊना के विधायक सतपाल सत्ती तथा विशिष्टातिथि के रूप में कुटलैहड़ के पूर्व विधायक वीरेंद्र कंवर ने शिरकत की।





वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के सालाना कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र (दाएं) मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य।

कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट, प्रधानाचार्य दीपक कौशल, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अशोक नंदा, राज वशिष्ट, महेंद्र वशिष्ट, रमेश वशिष्ट, नरेश वशिष्ट, अनुज वशिष्ट सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलन, मंत्रोच्चारण एवं गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 950 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, गायन और मंचीय कार्यक्रमों के लिए कड़ी मेहनत की, जिसका प्रभाव उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। विद्यालय ने शैक्षणिक क्षेत्र में भी इस सत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कीं। कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के 10 विद्यार्थियों तथा कक्षा बारहवीं के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से पांच को शुद्ध गोल्ड मेडल और सात को सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में ईशान शर्मा (एमबीबीएस, आईजीएमसी शिमला), रित्विक सैनी और अश्लेष साहनी (एमबीबीएस, जीएमसी टांडा), स्निग्धा भारद्वाज (एमबीबीएस, आरजीएमसी हमीरपुर) तथा अमृतांशु चड्ढा (बी-टेक, आईआईएसईआर भोपाल) शामिल रहे। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हरमनजोत कौर, कौशिकी ठाकुर, सुकृति, उदय शर्मा, शिवांश, आर्यमन जोशी और अशिमत नाग शामिल रहे, जिन्होंने देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया। खेलकूद के क्षेत्र में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 21 विद्यार्थियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय स्तर पर आरव चौधरी और उज्ज्वल शर्मा ने एथलेटिक्स में तथा जिया ठाकुर ने शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राज्य स्तर पर विभास कुमार और अथर्व शर्मा ने बैडमिंटन में शानदार खेल कौशल का परिचय दिया। इसके अलावा बास्केटबॉल, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत से सभी का ध्यान आकर्षित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण भव्य 'सिंगिंग एवं डांस शो' रहा, जिसमें कक्षा चौथी से बारहवीं तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डेढ़ महीने की निरंतर मेहनत और अभ्यास के बाद प्रस्तुत गीतों और नृत्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सुबह की प्रार्थना, देशभक्ति गीतों, राम-भजनों और विदाई गीतों तक हर प्रस्तुति ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। विशेष रूप से 'पहलगाम अटैक' और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित प्रस्तुति ने देशभक्ति, संवेदना और वीरता की भावना को जागृत कर दिया। पूरा सभागार देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। फोक डांस, भांगड़ा, गिद्दा, गरबा-डांडिया और आधुनिक नृत्यों ने कार्यक्रम में उत्सव का रंग भर दिया। ढोल की थाप पर प्रस्तुत भांगड़ा और पारंपरिक गिद्दा ने सभागार को तालियों से गुंजायमान कर दिया।

मुख्यातिथि सतपाल सत्ती ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का सकारात्मक और अनुशासित वातावरण विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि श्री वीरेंद्र कंवर ने भी विद्यालय की शिक्षा प्रणाली, प्रबंधन और विद्यार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। समारोह के अंत में विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, अभिभावकों और उपस्थित सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया। यह समारोह विद्यालय के सर्वांगीण विकास, उत्कृष्ट उपलब्धियों और विद्यार्थियों की प्रतिभा का जीवंत उदाहरण बनकर स्मरणीय रहा।

## संगठन विस्तार और 'वन बूथ फाइव ओबीसी' अभियान पर जोर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

जिला ऊना भाजपा ओबीसी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक जिला भाजपा कार्यालय ऊना में मोर्चा अध्यक्ष मनोहर लाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य व जिला ऊना ओबीसी मोर्चा के प्रभारी जयदेव सिंह खट्टा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा ओबीसी समाज तक भाजपा की विचारधारा और नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहा।

बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई कि जिला ऊना में ओबीसी वर्ग की संख्या काफी अधिक हैं और ऐसे में ओबीसी समाज को संगठन से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। नेताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं और भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिले भर में चल रहे 'वन बूथ फाइव ओबीसी' अभियान को और अधिक तेज करने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी मंडलों में प्रभारी नियुक्त किए गए, ताकि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती मिल सके। निम्नलिखित मंडलों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए, जिनकी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी चिंतपूर्णी अपर मंडल: तरसेम सिंह, घनारी चिंतपूर्णी लोअर मंडल सुरेश कुमार, शिबपुर गगरेट (दौलतपुर): अधिवक्ता संजीव धीमान, गगरेट: तरसेम लाल, विजयपुर, हरोली-1: राकेश, देहलां, हरोली पंजाबर: जीवन, ऊना सदर (बंगाणा): सतीश धीमान, ऊना बसदेहड़ा: कमल चौधरी, सेंसोबाल, कुटलैहड़: हरि सिंह, जनकोर, कुटलैहड़ बाबा रुद्रानंद: स्वर्ण चौधरी को नियुक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी जयदेव सिंह खट्टा ने कहा कि ओबीसी मोर्चा भाजपा की एक मजबूत इकाई है और आने वाले समय में यह संगठनात्मक दृष्टि से और सशक्त होकर उभरेगा। वहीं, जिला अध्यक्ष मनोहर लाल चौधरी ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे अपने-अपने मंडलों में सक्रिय रहकर संगठन विस्तार में अहम भूमिका निभाएंगे।

# व्यापार मंडल सैंज का ऐलान, क्षेत्र में अवैध व्यापारिक गतिविधियां नहीं होंगी बर्दाश्त

## स्थानीय दुकानदारों को प्राथमिकता दिलाने के लिए व्यापार मंडल हर लड़ाई लड़ने को तैयार

अनंत ज्ञान, सैंज


सैंज में स्कूल के पास सजी अस्थायी मार्केट।

सैंज मेला मैदान के पास बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध व्यापारिक बाजार के खिलाफ व्यापार मंडल सैंज का विरोध लगातार जारी है। सैंज व्यापार मंडल ने क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रही अवैध व्यापारिक गतिविधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का एलान किया है।

व्यापार मंडल सैंज के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर सहित अन्य सभी पदाधिकारियों का कहना है कि अवैध रूप से लगाई जा रही अस्थायी दुकानों व बाजारों से न केवल स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों के आने से लोगों में खौफ का भी माहौल है। यही नहीं स्कूल के बाहर अस्थायी मार्केट के लगने से विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है और बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का समझौता मंजूर नहीं होगा। व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल क्षेत्र में अवैध व्यापारिक गतिविधियों को नहीं चलने दिया जाएगा व बिना व्यापार मंडल की एनओसी अवैध व्यापारिक गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि आपदा से पहले ही प्रभावित स्थानीय दुकानदारों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है और नियमों के तहत व्यापार संचालन सुनिश्चित कराने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। स्थानीय दुकानदारों के हितों की सुरक्षा को लेकर व्यापार मंडल ने स्पष्ट रुख अपनाया है। व्यापार मंडल ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में मंडल हर स्तर पर दखल देगा। मंडल का कहना है कि अवैध गतिविधियों से न केवल ईमानदार व्यापारियों को नुकसान होता है, बल्कि बाजार की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से भी मांग की है कि अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय दुकानदारों के हक सुरक्षित रह सकें और बाजार में पारदर्शी व निष्पक्ष व्यापारिक माहौल बना रहे। सैंज में आयोजित व्यापार मंडल की अहम बैठक में कार्यकारिणी ने ध्वनि मत से एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने एकमत होकर 300 स्थानीय कारोबारियों के हितों की रक्षा व उनके व्यवसाय को मजबूती देने के लिए यह फैसला लिया। बैठक के दौरान कार्यकारिणी ने कहा कि हाल ही के समय में क्षेत्र के व्यापारियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें देखते हुए यह आवश्यक था कि सामूहिक निर्णय लेकर ठोस कदम उठाए जाएं। प्रस्ताव के तहत अवैध व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगाने, स्थानीय दुकानदारों को प्राथमिकता दिलाने और प्रशासन के समक्ष व्यापारियों की मांगों को मजबूती से रखने पर सहमति बनी। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय केवल एक प्रस्ताव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके क्रियान्वयन के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। बैठक में मौजूद कारोबारियों ने कार्यकारिणी के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे स्थानीय व्यापार के हित में मील का पत्थर बताया।

अनंत ज्ञान मुद्दा

# आज जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मेरा युवा भारत कुल्लू द्वारा युवाओं में खेल भावना, शारीरिक विकास, नेतृत्व क्षमता तथा नशा-मुक्त भारत अभियान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर 2025 को रामेश्वरी टीचर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट,शाढ़ाबाई (कुल्लू) में आयोजित होगी।

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, खेलों के माध्यम से अनुशासन एवं टीम भावना विकसित करने तथा नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता के दौरान युवाओं में छिपी प्रतिभा को मंच मिलेगा और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। जिला युवा अधिकारी कार्यालय, कुल्लू के अनुसार यह आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है।

# कुल्लू की होनहार बेटी ने पंजाब विवि चंडीगढ़ में लहराया सफलता का परचम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



पंजाब विवि चंडीगढ़ में एमए संगीत में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली कुल्लू की अर्पिता ठाकुर।

कुल्लू जिले की होनहार बेटी ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में अपनी सफलता का परचम लहराया है। जिला के छोटे से गांव कमांद की अर्पिता ठाकुर ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से एमए संगीत में गोल्ड मेडल हासिल कर पूरे प्रदेश व जिला का नाम रोशन किया।

अर्पिता ठाकुर ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह मेडल अर्पिता ने पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रोफेसर रेनू विग के हाथों प्राप्त किया। अर्पिता के पिता राम प्रशाद ठाकुर कुल्लू के प्राथमिक विद्यालय हवाई में बतौर शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। बेटी की उपलब्धि पर अर्पिता के माता-पिता ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। उन्होंने बताया कि अर्पिता ने संगीत की आरंभिक शिक्षा अपने ताया एवं प्रसिद्ध लोक संस्कृति और लोकसंगीत के विद्वान डॉ. सूरत ठाकुर से प्राप्त की है। उसके बाद कुल्लू कालेज से स्नातक और पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से संगीत गायन में स्नातकोत्तर में स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव का नाम रोशन किया था। उन्होंने बताया कि अर्पिता ने हिमाचल प्रदेश युवा उत्सव में भी शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विंटर कार्निवल मनाली द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ कार्निवल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कुल्लू दशहरा में भी कई वर्षों से कार्यक्रम दे रही हैं। इसके अलावा अर्पिता ठाकुर ने प्रथम प्रयास में ही नेट पास कर लिया है। अब पीएच डी करने की तैयारी कर रही हैं। वर्तमान में अर्पिता सूत्रधार संगीत अकादमी में पंडित विद्या सागर के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखार रही हैं। वहीं, अर्पिता का कहना है कि वह अपने ताया डॉ. सूरत ठाकुर के पदचिन्हों पर चलते हुए शास्त्रीय और लोकसंगीत के क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहती हैं। डॉ. सूरत ठाकुर ने अपनी भतीजी की इस उपलब्धि पर उसे बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 17 दिसंबर को बिलासपुर के घुमारवीं में आयोजित होगा राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस


बैठक के दौरान पेंशनर्स।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के बदाह गोंपा में लाहौल-स्पीति पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता दोरजे आनंद ने की।

बैठक में सचिव शमशेर बौद्ध ने पिछली आम सभा (13 मई 2025) से लेकर अब तक संगठन की गतिविधियों व प्रगति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान आगामी 17 दिसंबर को जिला बिलासपुर के घुमारवीं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय 'पेंशनर्स दिवस' कार्यक्रम पर चर्चा की गई। सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी मांगों को राज्य सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में संगठन की विभिन्न मांगों पर भी विचार-विमर्श किया गया और उन्हें शीघ्र समाधान के लिए सरकार तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जिग्मेध बौद्ध ने सभी साथ ले कर और एकजुटता का संदेश दिया।

# शैक्षणिक और नैतिक मूल्यों में उत्कृष्टता के लिए मेधावी सम्मानित

अनंत ज्ञान, मनाली

**गोविंद ठाकुर ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित**

अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में उच्च एवं उच्चतर स्तर का 39वां वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि गोविंद सिंह ठाकुर पूर्व शिक्षा मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में धर्म सिंह ठाकुर, अधिकृत सदस्य (हिमाचल शिक्षा समिति) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश ठाकुर जिला अध्यक्ष, कुल्लू (हिमाचल शिक्षा समिति) ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य घनश्याम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों ने देशभक्ति, संस्कार एवं सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय वृत्त प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि गोविंद सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता धर्म सिंह ठाकुर ने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छठी कक्षा (ए) प्रथम कृतिका (98 फीसदी), द्वितीय महक (95 फीसदी),तृतीय शिवानी (94 फीसदी) छठी बी में प्रथम मृदुल शर्मा (92.9),द्वितीय अंकिता कश्यप (91.9 फीसदी), तृतीय वीरेंद्र ठाकुर (90.8 फीसदी) जबकि सप्तम (ए) प्रथम हर्ष कुमार (89 फीसदी), द्वितीय दिव्यांशी कश्यप (86 फीसदी), तृतीय लक्ष्य (84 फीसद),सप्तम (बी) में प्रथम सायशा ठाकुर (97 फीसदी), द्वितीय जानवी शर्मा (95 फीसदी), तृतीय नव्या भट्ट (92 फीसदी), वहीं, आठवीं प्रथम सानिया (89 फीसदी), द्वितीय आस्था (88 फीसदी), तृतीय स्वस्ति ठाकुर (79 फीसदी) आठवीं (बी) प्रथम अनिया राज (90 फीसदी), द्वितीय जैनिशा शर्मा (84 फीसदी), तृतीय भारत जमवाल (83 फीसदी), नौवीं (ए) प्रथम वंशिता कश्यप (93 फीसद), द्वितीय तेनजिन पेड्मा (89.7 फीसदी), तृतीय जानवी (80.8 फीसदी), अतिरिक्त अनिशा आहुजा (80.8 फीसदी) व नौवीं (बी) प्रथम मेघा काइथ्य (94 फीसदी), द्वितीय आंचल ठाकुर (93 फीसदी), तृतीय विनीत कुमार (87 फीसदी) दसवीं (ए)प्रथम शिवांशी (91.4 फीसदी), द्वितीय हर्ष (89.9 फीसदी), तृतीय पल्लवी (86.1 फीसदी) दसवीं (बी) प्रथम सुकन्या शर्मा (93 फीसदी), द्वितीय पीयूष कोटवाल (92 फीसदी), तृतीय हेमलता (88 फीसदी) 11वीं प्रथम दिव्यांश (83.2 फीसदी), द्वितीय विदेश (82.8 फीसदी), तृतीय रक्षित (76.6 फीसदी), 12वीं प्रथम कुणाल शर्मा (89.2 फीसदी), द्वितीय अमृता (86.6 फीसदी), तृतीय पल्लवी (84.2 फीसदी) अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया।

# लाहौल-स्पीति की प्रथम महिला विधायक लता ठाकुर को किया याद


लाहौल-स्पीति की प्रथम महिला विधायक लता ठाकुर की पुण्यतिथि पर गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति की प्रथम महिला विधायक लता ठाकुर की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को कुल्लू स्थित संगम जनजातीय कल्याण सराय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उनके सामाजिक, राजनीतिक व जनजातीय कल्याण में दिए गए अमूल्य योगदान को भावपूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी सदस्य रेणुका डोगरा द्वारा अपने कार्यकाल में इस सराय के निर्माण के लिए प्रदान किए गए सहयोग को भी सम्मानपूर्वक याद किया गया। साथ ही सराय भवन को पूर्ण रूप देने के लिए मेरी ओर से निजी स्तर पर 3,00,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई तथा आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त जहां लता ठाकुर का सड़क हादसा हुआ था, उस स्थान पर एक स्मारक निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। यह आयोजन सेवा, समर्पण व जनकल्याण के मूल्यों को आगे बढ़ाने वाला प्रेरणादायी अवसर रहा।

# शास्त्रा सोसायटी घुड़दौड़ में 325 लोगों का जांचा स्वास्थ्य


अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

शास्त्रा सोसायटी घुड़दौड़ में नमो नेशनल मेडिकल आर्गेनाइजेशन के माध्यम से फ्री मेडिकल चेकअप कैंप मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ कुल्लू फलोत्पादक मंडल महामंत्री रीमन सिंह ठाकुर द्वारा किया गया, जो महर्षि मनु स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से कराया गया और इसमें यहां पर भी महिलाओं को मुफ्त सेनेटरी पैड ओर दवाइयां भी चेकअप में मुफ्त सेवाएं दी गई। यहां पर जो नैरचौक से मेडिकल स्पेशलिस्ट टीम और कुल्लू हॉस्पिटल से भी पास डॉक्टर आए। डॉक्टर पुनीत शर्मा जो अपने मनु हेल्थ सेंटर में डेकेयर का कार्य कर रहे हैं वह नैरचौक से आए हैं। डॉक्टर लोकेश गुप्ता और डॉ. पंकज डॉक्टर ईएनटी स्पेशलिस्ट, डॉ. पंकज, डॉ. विजय चंदेल सर्जरी स्पेशलिस्ट, डॉ. अनु गायनी कुल्लू हॉस्पिटल से और डॉ. नितेश कुल्लू डॉक्टर दुर्गेश नैरचौक से और उनके साथ गोपाल स्वरूप फार्मासिस्ट अरुण कुमार लैब और ईसी जी की सेवा में अंजली भारती और साथ में जो सेकेंड ईयर में जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं, उसमें से अमीषा, प्रियांशी रूहानी, हिमांशा, अनन्या, गौरी और अंजलि फार्मासिस्ट मनु हेल्थ सेंटर इन्होंने भी यहां पर सेवाएं दीं। साथ में आलम ठाकुर, ज्ञान, प्रेम सिंह ठाकुर, ऋषि पाल राष्ट्रीय सेवा भारती दिल्ली से जो पूर्व में महासचिव के पद पर रहे थे, उनका भी इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन रहा। जानकारी शास्त्रा समिति के महासचिव डीने राम ने यह जानकारी दी इसमें लगभग 325 लगभग के करीब लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

# कुल्लू में कल मनाया जाएगा विजय दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश एक्स-सर्विसेज लीग, जिला कुल्लू, ओर जिला लाहौल-स्पीति के द्वारा इस वर्ष विजय दिवस 16 दिसंबर को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के सहयोग से बचत भवन, ढालपुर कुल्लू में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जारी प्रेस नोट में लीग के अध्यक्ष ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर ने बताया कि विजय दिवस के अवसर पर 1971 के भारत-पाक युद्ध में भाग लेने वाले वीर सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं (वार विडोज), वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान 1971 के युद्ध से जुड़े वीर सैनिक अपने अनुभव साझा करेंगे, जिससे युवा पीढ़ी को देशभक्ति, बलिदान और सेवा की भावना से प्रेरणा मिलेगी। एचपी एक्स-सर्विसमैन लीग ने जिले के सभी अलंकृत फौजी, वार विडोज, वीर नारी तथा पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वे 16 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे बचत भवन, ढालपुर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। पूर्व सैनिकों की पहचान हेतु मेडल एवं पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक होगा।


सप्ताहांत के चलते मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। लग्जरी बसों के अलावा पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी बढ़ा है।

# मनाली में विंटर सीजन ने पकड़ी रफ्तार, बर्फबारी का इंतजार

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/ केलांग।** पर्यटन नगरी मनाली व लाहौल घाटी अब धीरे-धीरे आपदा से उभरने लगी है, अब पर्यटकों की संख्या भी बढ़ने लगी है, लेकिन बर्फबारी का इंतजार किसान बागवानों सहित पर्यटन कारोबारियों के साथ साथ पर्यटकों को भी है। सप्ताहान्त के चलते पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। होटलों की आक्यूपेंसी 50 से 60 फीसद के पास पहुंच गई है। मनाली मालरोड सहित अन्य पर्यटन स्थलो सोलंगनाला, अटल टनल तक पर्यटकों का मेला लग गया है। हालांकि लंबे समय से हिमपात न होने से विंटर पर्यटन सीजन अपने चरम पर नहीं पहुंचा है लेकिन सप्ताहान्त के दौरान पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि बर्फबारी का मौसम जैसे ही आया वैसे ही पर्यटकों की आमद और भी बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को सप्ताहांत के चलते मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। लग्जरी बसों के अलावा पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी सप्ताहांत बढ़ा है। बाहरी राज्यों के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले पर्यटकों की आमद भी रही। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर सहित अन्य पर्यटन कारोबारियों के अनुसार सप्ताहांत में पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ी है। उन्होंने बताया कि सभी को हिमपात का इंतजार है। हिमपात होता है, तो पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी होगी। वहीं, लाहौल-स्पीति के कोकसर, यांगला, सिस्सू, शिंकुला सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी इन दिनों पर्यटकों का खूब मेला लगा हुआ है। रविवार को मालरोड मनाली में पर्यटकों की खूब भीड़ उमड़ी। लिहाजा, मनाली में विंटर सीजन गति पकड़ने लगा है। वहीं, रोहतांग सहित लाहौल घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पर्यटक बर्फ देखने के लिए पहुंच रहे हैं। रोहतांग व शिंकुला में बर्फ देखने की चाह लिए पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में पहुंचकर बर्फ में खूब मस्ती कर रहे हैं।

# पुलिस जवानों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे किया जागरूक


कोलांग, कोकसर व सिस्सू में नशा निवारण समिति की बैठकें आयोजित।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला लाहौल-स्पीति पुलिस द्वारा पुलिस पोस्ट कोकसर के तहत ग्राम पंचायत कोकसर एवं सिस्सू में नशा निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक के दौरान स्थानीय लोगों, महिला मंडल के सदस्यों तथा आम जनमानस (पर्यटकों सहित) को विशेष रूप से एंटी ड्रग/चिट्टा विरोधी अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा नशा मुक्त समाज की दिशा में जिला पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की जा रही है।

वहीं, ग्राम पंचायत कोलांग में भी नशा निवारण समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक के दौरान स्थानीय लोगों, महिला मंडल के सदस्यों तथा आम जनमानस (पर्यटकों सहित) को विशेष रूप से एंटी ड्रग/चिट्टा विरोधी अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जिला पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की जा रही है।

# मकरध्वज चुने गए होटलियर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष

अनंत ज्ञान मनाली

होटलियर एसोसिएशन मनाली के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन की अंतिम तिथि थी। जिसमें कोषाध्यक्ष पद के लिए मकर ध्वज शर्मा ने नामांकन भरा। उनके खिलाफ इस पद के लिए किसी ने भी नामांकन नहीं भरा जिस कारण वे निर्विरोध चुने गए। इसी तरह सहसचिव के लिए चमन लाल व प्रेस सचिव के लिए कुशाल ठाकुर ने नामांकन भरे थे। यह पद भी निर्विरोध चुने गए। मकर ध्वज प्रदेश टेक्सी यूनियन के अध्यक्ष भी हैं।

दूसरी ओर अध्यक्ष पद को लेकर हालांकि स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है क्योंकि अध्यक्ष पद के लिए रोशन ठाकुर, सुभाष ठाकुर, अजय ठाकुर, मेहर चंद ठाकुर ने नामांकन पत्र भरे है। आज विभिन्न पदों के लिए 14 नामांकन पत्र भरे गए हैं। 16 दिसंबर को नाम वापसी के बाद ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महासचिव के लिए पिक्चर साफ होगी। प्रशासक एवं तहसील दार मनाली अनिल राणा ने बताया कि आज विभिन्न पदों के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे है। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को स्कूटनी होगी। 16 को नाम वापसी होगी और 18 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। 18 दिसंबर को होने वाले मनाली होटलियर एसोसिएशन के चुनाव से पहले ही अधिकतर पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। जिसमें मनाली के प्रसिद्ध व्यवसायी मकरध्वज शर्मा को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया है। सनद रहे कि होटलियर एसोसिएशन मनाली के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन की अंतिम तिथि थी जिसमें कोषाध्यक्ष पद के लिए मकरध्वज शर्मा ने नामांकन भरा। उनके खिलाफ इस पद के लिए किसी ने भी नामांकन नहीं भरा,जिस कारण वे निर्विरोध चुने गए। इसी तरह सहसचिव के लिए चमन लाल व प्रेस सचिव के लिए कुशाल ठाकुर ने नामांकन भरे थे। ये पद भी निर्विरोध चुने गए। मकर ध्वज शर्मा मनाली के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी होने के साथ साथ प्रदेश टेक्सी यूनियन के अध्यक्ष भी हैं और पूर्व में पत्रकार के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही प्रसिद्ध समाजसेवी के रूप में भी समाज में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं।

# झनियार गांव में 21 हजार की राशि प्रभावितों को बांटी

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडल बंजार के झनियार गांव में आग की घटना से प्रभावित 16 परिवारों की मदद के लिए समाजिक संस्थाओं का गांव जाना जारी है। इसी कड़ी में खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति शिल्ही ने अग्निपीड़ितों को राहत एवं पुनर्वास के लिए 21,000 रुपये की सहायता राशि चैक के माध्यम से प्रदान की है। समिति द्वारा यह सहायता राशि पीड़ित परिवारों को ग्राम स्तर तक प्रतिनिधियों के माध्यम से पहुंचाई गई है। गौरतलब है कि खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति शिल्ही भीड़ी थाच स्टेडियम में प्रतिवर्ष शहीद लगन चंद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करती है, जिसमें सौ से अधिक टीमें भाग लेती हैं। इस प्रतियोगिता से होने वाली कुल आय का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा समिति समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता पर खर्च करती है। प्रभावितों ने इस सहयोग के लिए समिति के मुख्य सलाहकार एवं ग्राम पंचायत शिल्ही के उप-प्रधान मोहर सिंह तथा पूरी समिति का आभार व्यक्त किया है।

# अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ढालपुर में हुआ खिलाड़ियों का ट्रायल


क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया में भाग लेते खिलाड़ी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के ढालपुर खेल मैदान में अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल हुआ।

इस टीम चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए जिला भर से 85 खिलाड़ी भाग लेने पहुंचे। जिला क्रिकेट संघ कुल्लू ने रविवार को ढालपुर मैदान में अंडर-14 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल किया गया। जिसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ियों में काफी उत्साह दिखा। कुल्लू जिला क्रिकेट संघ की ओर से लिये गए इस ट्रायल के आधार पर इन 85 खिलाड़ियों में से करीब 40 खिलाड़ियों का चयन होगा। इसके बाद 17 से 22 दिसंबर तक ढालपुर मैदान में इन चयनित खिलाड़ियों को कोचिंग दी जाएगी और उसके बाद 23 दिसंबर को यह चयनित टीम राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हमीरपुर के लिए रवाना होगी।

यहां पर 24 और 25 को ऊना टीम के साथ, जबकि 27 व 28 को कांगड़ा टीम के साथ प्रतियोगिता होगी। खेल मैदान कुल्लू में आयोजित इस ट्रायल में कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के चयनकर्ता असीम राणा की देखरेख में खिलाड़ियों की परख की गई। असीम राणा ने बताया कि रविवार को ट्रायल लिया गया और ट्रायल में 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस 85 खिलाड़ियों में से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सोमवार को टीम चयनित होगी।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बनाई गई ट्रक यूनियन की नई कार्यकारिणी

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान


मस्त मोहम्मद।


ब्रजेश चौधरी।


राजेंद्र झल्ला।

**बीबीएन।** जातिवाद का नारा देकर एशिया की सबसे बड़ी ट्रक यूनियन में शुरू हुए वर्चस्व की जंग का ट्रक ऑपरेटरों और मेंबरों की एकजुटता से सुखद अंत हो गया। बीते कई दशकों से सबसे बड़ी यूनियन के कुनबे का प्रतिनिधित्व करने वाले 2 काबिल सिपहसालारों ने अब सारे विवाद को शांत करते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ ट्रक ऑपरेटर यूनियन की टीम का चयन किया है।

ट्रक यूनियन के चेयरमैन भजन चौधरी व यूनियन के प्रधान विद्या रत्न चौधरी द्वारा मनोनीत कार्यकारिणी को मेंबरों व ऑपरेटरों ने एकतरफा समर्थन दिया। ग्राम पंचायत ढेला से जहां ब्रजेश चौधरी को उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई। वहीं, नंदपुर पंचायत के वर्तमान प्रधान मस्त मोहम्मद को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पहली बार जहां मुस्लिम समुदाय को ट्रक यूनियन की टीम में अधिमान मिला। वहीं, भाजपा खेमे से पूर्व विधायक परमजीत पम्मी के कट्टर समर्थक राजेंद्र झल्ला को भी यूनियन का उपाध्यक्ष चुना गया। लंबे समय से यूनियन की अगुवाई करने वाले चौधरी भजन सिंह व वीर सिंह चंदेल की जोड़ी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक बेलेंस टीम बनाई, जो अब यूनियन के हितों व ऑपरेटरों की समस्याओं के समाधान को तत्तपर रहेगी।

यूनियन के विवाद को हवा देने वाला पूरा खेमा नई कार्यकारिणी के गठन से जहां सतके में है। वहीं, शय मात और वर्चस्व की जंग के इस खेल में खेमा मात खाता दिखा। खेमे ने जातिवाद का नारा देकर जिस तरह से हवा बनाने का प्रयास किया था, मेंबरों व ऑपरेटरों ने एकजुटता से जातिवाद से किनारा कर यूनियन हित में रजामंदी जताई। चौधरी भजन लाल की खिलाफत ने उन्हें जहां चेयरमैन की पद पर काबिज कर दिया। वहीं, चौधरी विद्यारत्न की अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हुई। दलगत राजनीति और जातिवाद से ऊपर उठकर गठित की गई ट्रक यूनियन की पूरी कार्यकारिणी को मेंबरों और ऑपरेटरों ने खुलेदिल से समर्थन किया। वहीं, भाजपा समर्थकों को मिले अधिमान से सत्ता और सरकार की तानाशाही का टैग भी कहीं किनारे ही रह गया। बहरहाल यूनियन के नई कार्यकारिणी के गठन से पिछले 3 महीने से शुरू हुआ विवाद अब पूरी तरह से शांत है।

## गुरमेल चौधरी को बरोटीवाला यूनियन के इंचार्ज की कमान


बरोटीवाला ट्रक यूनियन के इंचार्ज गुरमेल चौधरी, चेयरमैन भजन लाल व अन्य कार्यकारिणी के साथ।

**अनंत ज्ञान, बरोटीवाला।** दून हल्के से पुराने ट्रांसपोर्टर गुरमेल चौधरी गेलु को बरोटीवाला यूनियन की इकाई का इंचार्ज नियुक्त किया गया। यूनियन के चेयरमैन चौधरी भजन लाल, प्रधान विद्या रत्न चौधरी की अगुवाई में गुरमेल चौधरी को बरोटीवाला यूनियन के इंचार्ज की कमान सौंपी गई। यह फैसला भी उस दौरान आया जब कुछ समय पहले उनके बड़े चचेरे भाई राम रत्न चौधरी कांग्रेस से नाराज होकर भाजपा का दामन थाम चुके हैं, ऐसे में राम रत्न चौधरी के भाई को बरोटीवाला यूनियन के इंचार्ज का जिम्मा सौंपा जाना राजनीतिक दृष्टिकोण से भी मायने रखता है। बरोटीवाला यूनियन के नए इंचार्ज गुरमेल चौधरी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से निभाएंगे ओर ऑपरेटर्स के हितों के लिए प्रयासरत रहेंगे।

## नशे के सौदागरों के खिलाफ जय प्रकाश का साहसिक प्रयास

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** समाज में नशावृत्ति सबसे बड़ी चुनौती और समस्या बन चुका है। युवाओं का नशे की गिरफ्त में आना, जिसमें अनेक प्रकार के नशे के कारण कुछ समय में ही युवाओं की मौत हो रही है, तो कुछेक युवा मौत के मुहाने तक पहुंच चुके हैं, जो बहुत ही गंभीर स्थिति को दर्शाता है। इसमें जैसे केमिकल नशा, ड्रग्स, चिट्टा, अफिम आदि अनेक प्रकार के जानलेवा नशे युवाओं को नशे के सौदागर बर्बाद कर रहे हैं, जिस समस्या से जिला सिरमौर का शिलाई विधानसभा क्षेत्र भी अछूता नहीं है, इस गंभीर समस्या को लेकर शिलाई विधानसभा क्षेत्र के जेलभौज से संबंध रखने वाले सामाजिक क्षेत्र में जागरूक और सक्रिय युवा जय प्रकाश ठाकुर अपनी टीम के साथ सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं, जिसमें उन्होंने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जहां नशे के सौदागर नशे का अवैध धंधा वर्षों से चला रहे हैं। इसमें मुख्यत: जैसे सतौन, कफोटा, टिंबी, शिलाई, रोनहाट आदि क्षेत्र माने जाते हैं, ऐसे अनेक नशे के सौदागर जो समाज-विरोधी की श्रेणी में आते हैं, जो चंद पैसों के लिए अपना जमीर बेचकर और समाज को बर्बाद करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं।

## सीमेंट प्लांट में अवैध माइनिंग व ब्लास्टिंग मामले का विरोध तेज

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट



दाड़लाघाट क्षेत्र में स्थापित अंबुजा अदाणी सीमेंट प्लांट में अवैध माइनिंग और ब्लास्टिंग को लेकर लोगों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सीमेंट उद्योग प्रभावित मंच के राज्य संयोजक संदीप ने आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा दिन-रात की जा रही ब्लास्टिंग से ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

इसी के विरोध में संघोई धार में पिछले 15 दिनों से लोग कड़ाके की ठंड व धूल-मिट्टी के बीच टेंट लगाकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को ग्याना पंचायत के घुमारी गांव में हुए भीषण धमाके के दौरान पत्थर गांव की ओर गिरे, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। संदीप का कहना है कि इस घटना को लेकर पुलिस में शिकायतें देने के बावजूद अब तक न तो कोई आपराधिक मामला दर्ज हुआ है और न ही जिला प्रशासन, खनन विभाग अथवा अन्य संबंधित विभागों ने कंपनी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की है। संदीप ने कहा कि कुछ दिन पहले एसडीएम अर्की के गांव दौरे के दौरान यह आश्वासन दिया गया था कि ब्लास्टिंग से प्रभावित परिवारों और ग्रामीणों की कंपनी प्रबंधन से 16 दिसंबर को बातचीत करवाई जाएगी, लेकिन अब जो पत्र जारी किया गया है, उसमें ब्लास्टिंग मामले का स्पष्ट उल्लेख नहीं है और न ही 6 दिसंबर की घटना से प्रभावित परिवारों के नाम शामिल किए गए हैं, जिससे प्रस्तावित बैठक पर सवाल खड़े हो गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि जारी पत्र में न तो किसी तकनीकी रूप से सक्षम खनन विभाग के अधिकारी को बैठक में बुलाया गया है और न ही सीमेंट उद्योग प्रभावित मंच की कार्यकारिणी के किसी सदस्य को शामिल किया गया है। मंच का कहना है कि यह प्रक्रिया मजिस्ट्रेट जांच से बचने और मामले से ध्यान हटाने का प्रयास प्रतीत होती है। सीमेंट उद्योग प्रभावित मंच ने स्पष्ट किया है कि वह 16 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक का पूर्ण बहिष्कार करेगा। मंच का कहना है कि जब तक जिला प्रशासन की अगुवाई में, जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में तकनीकी रूप से सक्षम अधिकारियों के साथ प्रभावित गांवों में खुली बैठक आयोजित नहीं की जाती और ब्लास्टिंग मामले में मजिस्ट्रेट जांच का गठन नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। मंच के अनुसार दाड़लाघाट क्षेत्र की केवल तीन पंचायतें ही नहीं, बल्कि कश्लोग, मलावन, चनावग, पाट्टी, बड़ोग, हरसंग धार, पकौटी, पनोई, दाड़गी, ओखरू, ग्लोथ, दानोघाट, शालाघाट, कराड़ाघाट सहित प्लांट के आसपास के कई गांव प्रदूषण और ब्लास्टिंग से प्रभावित हैं, जिन्हें किसी भी बैठक में शामिल करना अनिवार्य है। आंदोलन के दौरान सीमेंट उद्योग प्रभावित मंच के प्रतिनिधियों ने अर्की विधायक संजय अवस्थी से भी मुलाकात की। मंच के राज्य संयोजक संदीप ने विधायक को क्षेत्र में हो रही ब्लास्टिंग, 6 दिसंबर की घटना और प्रभावित लोगों की समस्याओं से अवगत कराया तथा निष्पक्ष जांच की मांग रखी।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. काकू ठाकुर ने मनवाया काबिलियत का लोहा

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** संघर्ष के आधार पर ही हर व्यक्ति किसी भी लक्ष्य और उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के गांव कोटा से संबंध रखने वाले ठाकुर काकू राम के संघर्ष से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। हाल ही में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट जैसी गौरवमई और एतिहासिक उपाधि प्राप्त की, जिस संघर्षभरी यात्रा में डॉ. काकू राम को आगे बढ़ाने में अनेक खास शख्सियतों की अहम भूमिका मानी जाती है। अपने गांव पंचायत से काकू राम डॉ. की उपाधि प्राप्त करने वाले अभी तक के एकलौते युवा है, जिन्होंने उच्च शिक्षा अध्ययन के इस लंबे अंतराल और अनुभवों के रूप में यकिनन संघर्ष और जीवन के कठिन दौर से निकलकर क्षेत्र समाज और युवाओं के लिए एक मिसाल बन चुके हैं, जिस सफलता के लिए काकू राम ने अपने माता-पिता, गांव क्षेत्र के शिक्षकों व विशेषकर विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षकों, मित्रों, मार्गदर्शकों और शुभचिंतकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इनके संघर्ष की इस यात्रा में किसी न किसी रूप से सहयोग और मार्गदर्शन दिया, तो वहीं जिस प्रकार काकू राम अपनी सौम्य स्वभाव और सादगीपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते हैं और क्षेत्र समाज की बेहतरी के लिए हमेशा अग्रणी पंक्ति में नज़र आते हैं, तो वहीं दूसरी ओर इन्होंने अपनी काबिलियत और कड़ी मेहनत के बदोलत इस बात को साबित कर दिया।

### नाहन में नशे के खिलाफ पुलिस का शिकंजा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में नशे की लत का शिकार हुए युवकों को दबोचने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने संस्कृत कॉलेज, वाल्मीकि बस्ती व बिल्ली वाली में 3 अलग-अलग मामलों में छिप कर नशा कर रहे 4 नशेड़ी युवकों को धर दबोचा। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर दी गई है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि संस्कृत काऊलेज नाहन के नीचे रास्ते में बीड़ी में मिलाकर चरस का नशा करते हुए दो लडकों आयुष निवासी गांव डिमाइना हरिपुरधार तह. संगड़ाह जिला सिरमौर तथा आर्यन गांव पंजाह डाकघर बडौल तहसील संगड़ाह जिला सिरमौर को पकड़ा है। एसपी ने बताया कि दूसरे मामले में सैय्यद पीर जलालुदीन मजार बाल्मिकी बस्ती नाहन मजार के ऊपर झाडियों के साथ गौतम निवासी मकान बाल्मिकी बस्ती नाहन जिला सिरमौर को हेरोईन/चिट्टा का नशा करते हुए दबोचा गया है। तीसरे मामले में नाहन में ही सड़क बिल्ली वाला मोड़ के समीप बवेजा पेट्रोल पंप से आती पगडंडी एकांत जगह पर निखिल नेगी निवासी गांव मानल डाकघर कांडो भटनोल तहसील शिलाई जिला सिरमौर चिट्टा का नशा करते हुए धरा गया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ में एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी ने कहा कि सिरमौर पुलिस का नशा करने वाले व्यक्तियों जो बार-2 समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं, उनके खिलाफ अभियान जारी है। सिरमौर पुलिस की बार-2 अपील है कि नशा माफिया व नशा की लत से दूर रहें अन्यथा पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।



सोलन में प्रयास फाउंडेशन के बैनर तले ज्ञान भारती स्पेशल स्कूल ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी वेलफेयर ऑफिस के सहयोग से डिसेबल डे को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विशेष बच्चों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी संस्था की निर्मल ठाकुर ने दी।

### शूलिनी में प्रेरक विषयों पर छात्रों ने रची कहानियां

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** शूलिनी विश्वविद्यालय के योगानंद नॉलेज सेंटर (वाईकेसी) और यंग कम्युनिकेटर्स क्लब (वाईसीसी) ने एक रोचक ऑन-द-स्पॉट कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों ने जीवन का एल्गोरिदम, लिफ्ट और सीढ़ियाँ, जीवन का पावर बैंक, तूफान में प्रकाशस्तंभ, बैकअप प्लान और बुकमार्क किया हुआ पृष्ठ जैसे प्रेरक विषयों पर कहानियां लिखीं। मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशू खोसला और मीडिया एवं संचार विभाग के सहायक प्रोफेसर और भारतीय जनसंपर्क परिषद (पीआरसीआई) के उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। उनके प्रेरक विचारों ने छात्रों को रचनात्मक रूप से सोचने और अपने विचारों को स्पष्टता और उद्देश्य के साथ व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। विजेता अर्नव शर्मा (प्रथम), प्रिंस (द्वितीय) और तान्या (तृतीय) रहे। भूमिका, सूर्यांश, इशिता और न्यासा को उनकी सराहनीय प्रविष्टियों के लिए विशेष पुरस्कार दिए गए। योगानंद पुस्तकालय के निदेशक कर्नल टीपी एस गिल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों में रचनात्मकता व साहित्यिक रुचि को पोषित करने के पुस्तकालय के मिशन का अभिन्न अंग हैं। इस कार्यक्रम का समन्वय नीलम ठाकुर और दीपक वर्मा (वाईकेसी) और ऋचा गांधी (वाईसीसी) ने पुस्तकालय कर्मचारियों और वाईसीसी सदस्यों के सक्रिय सहयोग से किया। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. पूजा ठाकुर ने कहा कि पुस्तकालय समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने और पूरे परिसर में युवा लेखकों को प्रेरित करने के लिए रचनात्मक और छात्र-केंद्रित गतिविधियों का आयोजन जारी रखेगा।

### फल विज्ञान विभाग की नर्सरी का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) की एक टीम ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के फल विज्ञान विभाग की नर्सरी का दौरा कर निरीक्षण एवं प्रत्यायन प्रक्रिया पूरी की। टीम का नेतृत्व डॉ. वाई. सी. गुप्ता ने किया, जिसमें डॉ. एस. के. चौरसिया, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. अंजली कटोच सहित अन्य सदस्य शामिल थे। दौरे के दौरान टीम ने नर्सरी की विभिन्न इकाइयों, जीन बैंक और मदर ब्लॉक्स का अवलोकन किया, जिनमें सेब, कीवी, प्लम, आड़ू, नेक्टेरिन, अखरोट, पर्सिमन और चेरी शामिल हैं। विभाग में 6.7 हेक्टेयर क्षेत्र में फल पौध तैयार किए जाते हैं और 2.2 हेक्टेयर में जीन बैंक व मदर ब्लॉक्स स्थापित हैं। टीम ने अनुसंधान गतिविधियों, आधुनिक तकनीकों और किसानों के लिए फील्ड ट्रायल्स की समीक्षा की। विभाग ने पिछले तीन दशकों में लाखों गुणवत्तापूर्ण फल पौधे वितरित किए हैं।

## परवाणू में 33 करोड़ रुपए से होगा आधुनिक कोल्ड स्टोर का निर्माण

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** किसान-बागवानों को प्रदेश द्वार परवाणू में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए परवाणू मंडी परिसर में करीब 33 करोड़ रुपए की लागत से 2376 मीट्रिक टन क्षमता वाले आधुनिक कोल्ड स्टोर का निर्माण की योजना है। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। 5.5 बीघा भूमि पर बन रहा यह कोल्ड स्टोर बागवानों को अपना उत्पाद सुरक्षित रखने की बड़ी सुविधा प्रदान करेगा और सीजन में मंडियों पर पड़ने वाले दबाव को कम करेगा। कोल्ड स्टोर निर्माण का कार्य चेन्नई की सोनी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। भूमि चयन की समस्याओं के कारण यह परियोजना लंबे समय से अटकी हुई थी, लेकिन अब इसे गति मिल गई है। नया कोल्ड स्टोर तैयार होने के बाद क्षेत्र के बागवानों को उन्नत भंडारण सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें बेहतर कीमत और बाजार में प्रतिस्पर्धा का लाभ मिलेगा। फसल को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की क्षमता बढ़ने से नुकसान कम होगा और आय में वृद्धि होगी।


परवाणू टर्मिनल मंडी।

परवाणू में कोल्ड स्टोर बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। करीब 33 करोड़ रुपए से यह स्टोर बनेगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। इससे हिमाचल के बागवानों और सेब व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी।

**राजेश शदैक, प्रबंधक, परवाणू टर्मिनल मंडी।**

### अभी तक नहीं है सरकारी कोल्ड स्टोर

**परवाणू** क्षेत्र में केवल निजी कोल्ड स्टोर हैं, ऐसे में सरकारी कोल्ड स्टोर बनने से बागवानों और व्यापारियों को मंडी परिसर में ही भंडारण की सुविधा मिल जाएगी। इससे परिवहन खर्च, समय व अन्य चुनौतियों में बड़ी कमी आएगी। नया कोल्ड स्टोर शुरू होने के बाद व्यापार में फिर से उछाल आने की पूरी संभावना है। परियोजना पूरी होने पर परवाणू मंडी की क्षमता, सुविधाओं और रोजगार अवसरों में बड़ा इजाफा होगा। निर्माण व संचालन के दौरान स्थानीय युवाओं के लिए भी रोजगार के नए दरवाजे खुलेंगे।

## हिंदू सम्मेलन समाज को संगठित जागरूक करने की पहल: राजेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पूर्व प्रत्याशी भाजपा डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि सोलन में आयोजित हिंदू सम्मेलन में एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त मंच था। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित, जागरूक और एकजुट करने की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार रखे। सम्मेलन में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि आज के सामाजिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हिंदू समाज को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एक सूत्र में बंधने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और संगठित समाज ही राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और नैतिकता की रक्षा पर भी गंभीर चर्चा हुई। साथ ही यह संदेश दिया गया कि हिंदू समाज को शिक्षा, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। डॉ कश्यप ने कहा कि इस सम्मेलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंदू समाज का एकीकरण किसी के विरुद्ध नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

## सैनवाला-कटोला लिंक रोड निर्माण को मिली फॉरेस्ट क्लीयरेंस की हरी झंडी

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**11.5 किमी लंबी सड़क से हजारों लोग होंगे लाभान्वित**

**नाहन।** नाहन के सैनवाला-कटोला वाया झमीरिया-बोगड़िया-जामनवाला- चरूवाला लिंक रोड के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। ये पूरी यह नई कनेक्टिविटी है, जिसे केंद्र सरकार से फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई है।

11.5 किलोमीटर लंबे इस रोड़ के बनने से क्षेत्र के कई गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब तक ये क्षेत्र पूरी तरह सड़क सुविधा से महरूम था। लिहाजा, ग्रामीणों को आवाजाही संबंधी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आजादी के बाद इस क्षेत्र के लिए पहली बार सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण पर 6.97 करोड़ खर्च होंगे। विभाग ने इस रोड के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पिछले साल फॉरेस्ट क्लीयरेंस का मामला भेजा था, अब इसे हरी झंडी मिलने से विभाग जल्द ही टेंडर प्रक्रिया अमल में लाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि एक माह के भीतर ये प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। खास बात ये है कि इस रोड के बनने से सैनवाला से कोटला तक पड़ने वाले कई गांवों की आबादी के लिए आवाजाही संबंधी सुविधा मिलेगी, क्योंकि संबंधित क्षेत्रों में सड़क का निर्माण होने के बाद यह लिंक रोड़ आगे जाकर मुख्य सड़कों से जुड़ेगा। रोड का निर्माण होने के बाद इस क्षेत्र में न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच भी सुलभ हो जाएगी। इसके साथ साथ कृषि व बागवानी उत्पादों के परिवहन में भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उधर, विधायक अजय सोलंकी ने लोक निर्माण विभाग को इस रोड के निर्माण के लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब साकार होने जा रही है।

सोलंकी ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक एफसीए और एफआरए की स्वीकृतियां नाहन विधानसभा क्षेत्र को मिली हैं, जो मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार की विकासोन्मुख नीतियों और नाहन क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## संजय राजन अध्यक्ष, तरुण खन्ना बने महासचिव

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब


हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की सिरमौर जिला इकाई गठित।

हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एचपीयूजे) की सिरमौर जिला इकाई का गठन पांवटा साहिब स्थित रोकबुड रिजॉर्ट में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल दत्त शर्मा ने की, जबकि प्रदेश प्रवक्ता श्याम लाल पुंडीर ने बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी।

बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें संजय राजन (संराहा) को जिला अध्यक्ष, वेद प्रकाश ठाकुर (राजगढ़) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरडी पराशर (संराहा) को उपाध्यक्ष, तरुण खन्ना (पांवटा साहिब) को महासचिव, नितिन भारद्वाज (राजगढ़) को सचिव, राजेंद्र शर्मा (सतौन) को कोषाध्यक्ष, प्रखर गुप्ता (पांवटा साहिब) को प्रेस सचिव तथा अनुराग गुप्ता को कानूनी सलाहकार चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रविदत्त भारद्वाज (राजगढ़), कश्मीर सिंह (हरिपूरधार), कुलदीप गतवाल (सतौन), पंकज जसवाल (नाहन), नितिन बल्याट (राजगढ़) और राजेश कुमार (पांवटा साहिब) को शामिल किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स एक पंजीकृत संगठन है, जो पिछले लगभग सात वर्षों से प्रदेशभर में पत्रकारों की समस्याओं और मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को संगठित करना और उनके हितों की रक्षा करना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए संगठन द्वारा लगातार सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में पत्रकारों को पेंशन, स्वास्थ्य, परिवहन सहित अनेक सुविधाएं मिल रही हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में पत्रकार अभी भी इन सुविधाओं से वंचित हैं। हाल ही में यूनियन की ओर से सरकार को मांग पत्र सौंपा गया है, जिस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। इस संबंध में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकार को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। नवगठित जिला इकाई के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और जिले के पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का संकल्प लिया।

## शिरगुल जनसेवा समिति ने परिवार की सहायता कर पेश की सेवा की मिसाल

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल महाराज के नाम पर गठित शिरगुल जनसेवा समिति समाज में 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए निरंतर मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। समिति ने उपमंडल पच्छाद के नारग क्षेत्र में एक अत्यंत दयनीय स्थिति से जूझ रहे परिवार की सहायता कर मानवता और करुणा की एक और मिसाल पेश की है।

नारग क्षेत्र में एक दृष्टिहीन महिला, सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित उसके वृद्ध पति तथा उनके आठ वर्षीय बच्चे का परिवार आजीविका के किसी भी साधन के बिना कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। वृद्ध पति को ही घर का सारा कार्यभार संभालना पड़ रहा है। परिवार की स्थिति की जानकारी मिलते ही समिति ने त्वरित निर्णय लेते हुए नगर कोटी माता मंदिर, नारग में 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके साथ ही समिति के सचिव राजेंद्र सूद ने उस आठ वर्षीय बच्चे की जीवनपर्यंत शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का संकल्प लेकर एक अनुकरणीय पहल की। समिति के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर नारग क्षेत्र के लगभग एक दर्जन लोगों ने समिति की सदस्यता भी ग्रहण की। समिति के फाउंडर सदस्य रविंद्र कंवर ने बताया कि शिरगुल जनसेवा समिति की स्थापना मानवता, सेवा और संवेदना के मूल्यों पर आधारित है। समिति का उद्देश्य जरूरतमंद, निराश्रित और लाचार लोगों की हरसंभव सहायता करना व गंभीर बीमारियों से जूझ रहे व्यक्तियों को आर्थिक व नैतिक संबल प्रदान करना है। इससे पूर्व भी समिति द्वारा अनेक जरूरतमंद परिवारों की सहायता की जा चुकी है। इसी वर्ष मंडी जिले में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान समिति ने एक लाख रुपए की सहायता प्रदान की थी। इसके अतिरिक्त, आपदा में अपने मकान खो चुके दो परिवारों को 21-21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी गई।

## 1448 मामलों का हुआ निपटारा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर की सभी अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर के अध्यक्ष योगेश ने की। जिले के नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई व राजगढ़ कोर्ट में कुल 10 बैंचें लगाई गईं, जिनमें मोटर व्हीकल एक्ट, दुर्घटना, चेक बाउंस, घरेलू हिंसा, सिविल सूट और बैंक रिकवरी से संबंधित विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया। जिले की लोक अदालतों में कुल 5756 मामले सुनवाई के लिए लिए गए थे, जिनमें से 1448 मामलों का समझौता पक्षकारों की आपसी सहमति से किया गया। लोक अदालत में कुल 6,12,66,575 रुपए की राशि की वसूली की गई, जो लोक अदालत की सफलता को दर्शाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) नवकमल ने बताया कि अगली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 को जिला सिरमौर में किया जाएगा।

## सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता के नारों से गूंजा ठोडो मैदान

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज की एकजुटता और जोश खुलकर देखने को मिला।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुए इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग जुटे और सनातन संस्कृति, राष्ट्रभाव और सामाजिक एकता के नारे गूंजे। मंच से वक्ताओं ने साफ संदेश दिया कि हिंदू समाज को जाति-पाति और आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर संगठित होना होगा। सम्मेलन के दौरान यह भी कहा गया कि आज समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी केवल संगठनों की नहीं, बल्कि धार्मिक और सामाजिक मंचों से जुड़े लोगों की भी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए साध्वी डॉ. प्राची और स्वामी गुरुविंदर सिंह महाराज ने जोशीले और कड़े शब्दों में अपने विचार रखे। साध्वी प्राची ने कहा कि आज कई कथा वाचक केवल मनोरंजन तक सीमित रह गए हैं, जबकि उन्हें समाज को चैतन्य करने, वीरता और बलिदान की प्रेरणा देने की आवश्यकता है। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान करते हुए मुसलमानों, लव जिहाद और गौ-तस्करी जैसे मुद्दों का उल्लेख किया और सतर्क रहने की बात कही। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से राष्ट्रहित में कड़े निर्णय लेने का आग्रह भी किया। वहीं, स्वामी गुरुविंदर सिंह महाराज ने कहा कि सनातन धर्म ही सह-अस्तित्व को स्वीकार करता है और इसके संरक्षण के लिए हिंदुओं का संगठित रहना समय की मांग है। सिंह महाराज ने जोशीले और कड़े शब्दों में अपने विचार रखे। साध्वी प्राची ने कहा कि आज कई कथा वाचक केवल मनोरंजन तक सीमित रह गए हैं, जबकि उन्हें समाज को चैतन्य करने, वीरता और बलिदान की प्रेरणा देने की आवश्यकता है।

## पेयजल समस्या को लेकर अधिशाषी अभियंता से मिलेगी सभा

**अनंत ज्ञान, अर्की।** प्रगतिशील नागरिक कल्याण सभा अर्की की मासिक वैठक प्रधान दिवान चंद की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। इसमें मे सर्व प्रथम पिछले तीन माह से अधिक समय से रिक्त चल रहे महासचिव के पद पर सर्वसम्मति से सुशील गांधी को प्रगतिशील नागरिक कल्याण सभा का निर्विरोध नया महासचिव बनाया गया, महासचिव नागरिक कल्याण सभा अर्की सुशील ने कहा कि आज की बैठक में अर्की नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड नं. 1, 2 तथा 3 में पानी समस्या पर चर्चा हुई तथा पेयजल समस्या के समाधान के लिए जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अर्की से मिलकर प्रस्ताव भेंट कर पेयजल सप्लाई को नियमित करने का अनुरोध किया जाए तथा नागरिक अस्पताल अर्की मे रोजाना विभिन्न बीमारियों के 200 से 250 बीमार लोग अपना इलाज करवाने अस्पताल में आते हैं।

## पाइनग्रोव में विद्यार्थियों के विदाई समारोह की धूम



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हैड ब्वॉय रुशान मेहतानी और हैड गर्ल वेदांशी बुंदेला के भाषण से किया गया, जैसे ही छात्र हाल में इकट्ठे हुए उनका तालियों से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीनियर स्टूडेंट्स को विदाई दी गई। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों को उनके बचपन की खट्टी-मिट्ठी यादों की परदे पर झलक दिखलाई दी। उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही स्कूल की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिह्न भेंट की गई।

विदाई समारोह में न केवल विद्यार्थी, बल्कि अध्यापक गण भी इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए स्कूल में बिताए वर्षों को याद करते हुए भावुक हुए। इस अवसर पर पाइनग्रोव स्कूल के निर्देशक कैप्टन एजे सिंह, अध्यक्ष प्रबंधक समीक्षा सिंह, पाइनग्रोव स्कूल के हेड ऑफ स्कूल रेणु शर्मा, हेड टीचर पंकज शर्मा, गतिविधि प्रभारी गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे। छात्रों को विदाई संदेश देते हुए पाइनग्रोव स्कूल के निर्देशक कैप्टन एजे सिंह, ने कहा कि जिस तरह से छात्रों ने अपने स्कूल में अनुशासन को बनाए रखा उसी तरह से आप जीवन में आगे चलकर अपनी मंजिल को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहें। समारोह के पश्चात विदाई पार्टी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बारहवीं कक्षा के छात्रों ने लजीज पकवानों का आनंद लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा पुलिस ने 803 ठिकानों पर छापेमारी कर 39 कुख्यात अपराधी पकड़े

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत राज्य में 803 चिह्नित नशा और जुआ हॉटस्पॉट्स पर दबिश दी। इस ऑपरेशन ने फरार और हिंसक अपराधियों की गिरफ्तारी में बड़ी सफलता हासिल की, जिससे राज्य की कानून-व्यवस्था और भी मजबूत हुई। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार इस विशेष अभियान के दौरान 173 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया और विभिन्न धाराओं के तहत 75 नए मामले दर्ज किए। इनमें आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज तीन मामले भी शामिल हैं, जिनमें चार आरोपितों को अवैध हथियार रखने के जुर्म में सजा हुई है। साथ ही, पुलिस ने 39 फरार हिंसक अपराधियों को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया, जो लंबे समय से कानून की गिरफ्त से बाहर थे। पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ 30 महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस रिपोर्ट साझा की गई, जबकि विदेश में छिपे अपराधियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया।

### पुलिस महानिदेशक के आदेशों पर भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर की सुरक्षा वापस ली

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक के आदेशों पर गुरुग्राम ने भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर की पुलिस सुरक्षा वापस ले ली है। सतपाल तंवर के मुताबिक, उनकी सुरक्षा में तैनात दोनों पुलिस कर्मियों को वापस बुला लिया गया है। भीमसेना की पीआरओ सोनिका सिंह चौहान का कहना है कि हम अपनी सुरक्षा खुद कर लेंगे, लेकिन सतपाल तंवर के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हुई और पुलिस कार्रवाई के लिए आई तो पुलिस को खदेड़ देंगें। सतपाल तंवर ने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा बिना किसी पूर्व सूचना या आधिकारिक नोटिस के हटाई गई है। उन्होंने कभी पुलिस सुरक्षा की मांग नहीं की। पुलिस ने उन्हें जबरदस्ती सुरक्षा दी थी। अब अचानक वापस लेकर सरकार ने उनकी जान को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जातिवाद है और मेरा अपमान है।

### रोहतक में घने कोहरे की मार; कई वाहन आपस में टकराए, चार लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** सर्दी की पहली धुंध ने रविवार को जिले में कोहराम मचा दिया। जिले में अलग-अलग स्थानों पर घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए, जिससे चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया। इस दौरान आसपास के गांव के लोगों ने भी ने भी हादसों में घायल लोगों की मदद की। रविवार सुबह धुंध इतना ज्यादा थी कि कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। सड़क पर वाहन कछुए की तरह रेंगते हुए नजर आए। धुंध के चलते खरकखड़ा गांव के पास नेशनल हाईवे 152 डी पर कई वाहन आपस में टक्करा गए, जिसमें कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वाहनों में फंसे घायल लोगों को वाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि खरखड़ा के पास वाहन टकराने से दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं और आशीष पुत्र सुरेश निवासी रानीला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर इस बारे में पता किया।

### गुरुग्राम में शातिर ने बैंक कर्मचारी बनकर बुजुर्ग से की 24 हजार रुपए की ठगी

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** ठगी के एक आरोपी ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर एक बुजुर्ग से 24 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-9ए की सोसाइटी में रहने वाले चार्ल्स चंडेकर ने कहा कि उनके पास 16 नवंबर को एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने खुद को पीएनबी के ओल्ड एज सर्टीफिकेट डिपार्टमेंट से बताया। उसने चार्ल्स चंडेकर से अपनी पर्सनल डिटेल जमा कराने को कहा। चार्ल्स चंडेकर ने ऐसी कोई जानकारी देने से मना कर दिया।

# जींद में खाद्य सुरक्षा विभाग ने पकड़ी नकली घी फैक्टरी

## 275 लीटर घी बरामद, जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे सैंपल

**अनंत ज्ञान, जींद**

**उचाना** स्थित खापड़ रोड पर एक घर से खाद्य सुरक्षा विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली देसी घी की फैक्टरी पकड़ी है। मौके से वीटा के टीनों में भरा गया 275 लीटर घी बरामद हुआ है। टीम ने सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रविवार को जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश कादियान ने बताया कि सूचना मिली थी कि खापड़ रोड पर एक मकान में नकली देशी घी बनाने का काम किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कादियान के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो वहां पर जींद निवासी नंदकिशोर मिला। जब मकान की तलाशी ली तो वहां पर 14 टीन वीटा घी के मिले। जिसमें 210 लीटर घी भरा गया था, जबकि 65 लीटर



घी खुला रखा हुआ था। काफी मात्रा में वीटा के रेपर तथा टीन, लेबल, ऐसेंस बोतलें भी मिली। सूचना पाकर वीटी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जांचने पर टीन नकली मिले। वनस्पति ऑयल में ऐसेंस डाल कर नकली वीटा घी तैयार किया जाता था। टीम ने घी के सैंपल भर कर लैबोरटरी भेज दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया अन्न भंडारा



**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

### हर भारतीय को अन्न दान करने का संकल्प लेना चाहिए : रूंगटा

यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति थोड़ी-सी भी सहायता, जैसे एक मुट्ठी अन्न का दान, करने का संकल्प ले ले, तो सामूहिक प्रयास से कोई भी गरीब या जरूरतमंद भूखे पेट सोने को मजबूर नहीं होगा। यह विचार आपसी सहयोग, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। यह बात पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1 में आयोजित 193वें अन्न भंडारे के दौरान कही।

उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि हम केवल संकल्प तक सीमित न रहें, बल्कि उसे ईमानदारी से निभाएं और नियमित रूप से अन्नदान जैसे मानवीय कार्यों में सहभागिता करें, ताकि भूख जैसी समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके।

इस भंडारे के सफल आयोजन में ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और सेवा भावना के साथ पूरे मन से लोगों को भोजन परोसा।

# श्री कुलवंत राय स्कूल में रंगारंग वार्षिक समारोह की धूम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

श्री कुलवंत राय सर्वहितकारी विद्या मंदिर, सेक्टर-43बी में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि गौरव अग्रवाल (डायरेक्टर, हर्ब्स इंडियन स्पेशलिस्ट) और मुख्य वक्ता संदीप धूड़िया (महामंत्री, सर्वहितकारी शिक्षा समिति, पंजाब) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश गोयल और अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और तुलसी पूजन के साथ किया गया। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों में पर्यावरण संरक्षण, योग, मिशन सिंदूर, शिव तांडव और 'अनेकता में एकता' पर आधारित कार्यक्रम पेश किए। शिशु वाटिका के बच्चों ने फलों व सब्जियों के महत्व पर नृत्य प्रस्तुत किया।

प्रधानाचार्य कमलदीप सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और अध्यापकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम पंजाबी भांगड़ा और शांति मंत्र के साथ संपन्न हुआ।

# गुरुग्राम में अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। उसकी गिरफ्तारी पूर्व में काबू किए गए दो आरोपियों से पूछताछ के आधार पर की गई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि आरोपी से अहम खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-39 अपराध शाखा ने सेक्टर-46 के निकट से अवैध दो पिस्टल के साथ दो युवकों को काबू किया था। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी ऋतिक उर्फ बंब (22) व बिहार के पटना निवासी ऋतिक उर्फ गांजा (22) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-50 थाना में केस दर्ज करके उनसे पूछताछ की।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने यह अवैध हाथियार 40 हजार रुपये में गुरुग्राम से किसी व्यक्ति से खरीदा था। सेक्टर-39 अपराध शाखा ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी सूर्या नगर कापसहेड़ा बॉर्डर गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान यूपी के गाजियाबाद निवासी तुषार के रूप में हुई।

# एमके भाटिया ने युवाओं को 'धुरंधर' बनने का दिया प्रेरक संदेश



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

समाजसेवा और उद्योग जगत के धुरंधर एमके भाटिया ने हाल ही में करीब 70 युवाओं की टीम के साथ फिल्म 'धुरंधर' देखी। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं था, बल्कि टीम के लिए एक प्रेरक संदेश भी था।

भाटिया ने युवाओं को समझाया कि जीवन में हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करना और चुनौतियों को अवसर में बदलना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने टीमवर्क, अनुशासन और निरंतर सीखने पर विशेष जोर दिया।

फिल्म देखने के बाद बातचीत में भाटिया ने कहा कि आज का युवा अगर लक्ष्य के प्रति स्पष्ट, मेहनती और सकारात्मक सोच वाला हो, तो कोई मुकाम दूर नहीं।

भाटिया का यह कदम पारंपरिक तरीकों से हटकर युवाओं को प्रेरित करने का उदाहरण है। टीम के सदस्यों ने इसे प्रेरणास्रोत बताया और कहा कि एमके भाटिया की सोच और मार्गदर्शन से वे व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित हुए।

## देश-विदेश

# इसराइल का दावा- हमास के नंबर 2 चीफ राएद सईद को मार गिराया

**एजेंसी, गाजा**

**गाजा** सिटी में इसराइली हमले में हमास के सेकेंड-इन-कमांड राएद सईद की मौत हो गई है। इसराइली सेना ने दावा किया कि उसने गाजा सिटी में एक कार को निशाना बनाकर यह हमला किया। हालांकि, हमास ने अब तक राएद सईद की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। राएद, हमास अल-कासिम ब्रिगेड का प्रमुख कमांडर था।

### नेतन्याहू बोले सैनिकों की मौत का बदला लिया

अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार, इसराइली सेना ने कहा कि सईद हमास के हथियार बनाने वाले नेटवर्क का प्रमुख था और अक्तूबर 2023 में इसराइल पर हुए हमलों की साजिश बनाने वालों में भी शामिल था। हमास के सूत्रों के मुताबिक, राएद गाजा सिटी बटालियन का पूर्व प्रमुख भी रहा था। इसराइल का आरोप है कि सईद सीजफायर के बावजूद हमास की क्षमताओं को फिर से मजबूत करने और हथियार बनाने का काम कर रहा था, जो समझौते का उल्लंघन है। यह हमला हमास के इसराइली सैनिकों पर हमले के बाद हुआ। इसमें 2 इसराइली सैनिक घायल हो गए थे। इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने सईद को निशाना बनाने का आदेश दिया था। नेतन्याहू ने कहा कि सैनिकों की मौत का बदला ले लिया। (अनंत ज्ञान)

# दक्षिण अफ्रीका में मंदिर ढहा, भारतीय व्यक्ति समेत चार लोगों की मौत

**एजेंसी, नटाल।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन चार मंजिला हिंदू मंदिर ढह गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक भारतीय मूल का व्यक्ति भी शामिल है। यह मंदिर शहर के उत्तर में एक पहाड़ी पर बना है। हादसे के वक्त साइट पर निर्माण मजदूरों के साथ मंदिर से जुड़े लोग भी मौजूद थे। शुरुआत में प्रशासन ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की थी, लेकिन शनिवार को मलबे से दो और शव निकाले जाने के बाद मृतकों की संख्या चार हो गई। (अनंत ज्ञान)

# लश्कर कमांडर अब्दुल रउफ बोला- दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर हाफिज अब्दुल रउफ ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया है। उसने कहा कि हम दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे। यह वीडियो नवंबर का है, लेकिन अभी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। रउफ ने कहा कि मक्की साहब कहते थे, हम एक दिन दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे और यह होकर रहेगा। गजवा-ए-हिंद होकर रहेगा।

हम एक दिन ये निजाम बदल देंगे और इस मुल्क में शरिया की हुकूमत लेकर आएंगे। हम जीती हुई कौम हैं। रउफ ने दावा किया कि भारतीय वायुसेना पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नहीं करेगी और पाकिस्तान इस्लामी देशों में इकलौती परमाणु शक्ति है। रऊफ ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अगले 50 साल तक पाकिस्तान पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा। वीडियो में रउफ ने जिस मक्की का नाम लिया है, वह मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का साला है। पिछले साल दिसंबर में दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। रऊफ, लश्कर सरगना हाफिज सईद का करीबी सहयोगी है। अब्दुल रऊफ पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है। रऊफ ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कम होने की बातों को खारिज करते हुए कहा कि कश्मीर की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद नक्सली व ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल**



**मणिपुर** में सुरक्षाबलों और मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग जिलों में व्यापक अभियान चलाकर हथियारों का जखीरा बरामद किया, कई उग्रवादी संगठनों के सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया और एक ड्रग तस्कर को भी दबोचा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि, काकचिंग जिले के सुगनू थाना क्षेत्र अंतर्गत मोल्टिनचैन गांव इलाके में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए। बरामद सामग्री में एक एसएलआर बिना मैगजीन, स्थानीय रूप से निर्मित एक बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल खाली मैगजीन सहित, एक डीबीबीएल, एक एसबीबीएल, खाली मैगजीन सहित एक स्थानीय पिस्तौल, एक 36 एचई हैंड ग्रेनेड बिना डेटोनेटर, 7.62 एलएमजी की एक खाली मैगजीन, तीन ट्यूब लॉन्चिंग, एसएलआर की 15 गोलियां, पांच स्टन शेल और एक 51 मिमी एचई बम शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन का आरोप- रूसी ड्रोन हमले में तुर्किये के नागरिक जहाज को बनाया गया निशाना

**एजेंसी, कीव**

**यूक्रेन** की नौसेना ने आरोप लगाया है कि रूस ने एक ड्रोन हमले के जरिए तुर्किये के एक नागरिक जहाज को जानबूझकर निशाना बनाया। यह जहाज सनफ्लावर ऑयल लेकर मिस्र जा रहा था। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन के दो बंदरगाहों पर भी हमले किए थे। यूक्रेनी नौसेना ने टेलीग्राम पर जारी बयान में बताया कि प्रभावित जहाज का नाम 'वीवा' है, जिस पर 11 तुर्किये नागरिक सवार थे। नौसेना के अनुसार, हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और जहाज सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा जारी रखते हुए मिस्र की ओर बढ़ रहा है। बयान में कहा कि यह हमला खुले समुद्र में यूक्रेन के विशेष आर्थिक क्षेत्र में किया गया, जो यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियों की सीमा से बाहर है। यूक्रेन ने इसे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का उल्लंघन बताते हुए रूस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नौसेना ने स्पष्ट किया कि वह जहाज के कप्तान के संपर्क में है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर आईएसआईएस का हमला

## तीन की मौत; ट्रंप बोले- मुंहतोड़ जवाब दूंगा, असद के हटने के बाद सेना पर पहला हमला

**एजेंसी, दमिश्क**

मध्य सीरिया के शहर पल्मायरा में इस्लामिक स्टेट आईएसआईएस के एक हमलावर ने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी सैनिक आईएसआईएस के खिलाफ चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के तहत एक बैठक में शामिल थे।



हमलावर को मौके पर मौजूद सीरियाई बलों ने मार गिराया। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, इस हमले में सीरियाई सुरक्षाबलों के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को हेलिकॉप्टर के जरिए अल-तनफ स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। अमेरिकी बलों पर यह हमला बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद पहली बार हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार समूह के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने मुंहतोड़ जवाब देने और बदला लेने की बात कही। (अनंत ज्ञान)

# 1000 करोड़ की साइबर ठगी का 'चीन' कनेक्शन, 111 फर्जी कंपनियों का भी जिक्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने 17 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। यह गिरोह लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करते थे और उनको लूटने का काम करते थे। सीबीआई की चार्जशीट से पता चलता है कि इस गिरोह के तार विदेश तक जुड़े थे। दरअसल, जांच एजेंसी ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार विदेशी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17

### सीबीआई की चार्जशीट में खुले कई राज

लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इस मामले के तीन मुख्य आरोपियों को अक्तूबर में गिरफ्तार किया गया था। । चार्जशीट के अनुसार, यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग मॉडल के साथ-साथ फर्जी ऐप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। गौरतलब है कि सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

जांच में पाया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें असली नियंत्रकों की पहचान छिपाने और कानून प्रवर्तन की जांच से बचने के लिए विज्ञापनों, बल्क एसएमएस अभियानों, सिम-बॉक्स मैसेजिंग सिस्टम, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और दर्जनों फर्जी बैंक खातों का लाभ उठाया गया। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली, एक्यूआई 400 पार

**एजेंसी, नई दिल्ली/नोएडा**

**दिल्ली**-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार रहा। यह जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दी। राष्ट्रीय राजधानी में रातभर घनी धुंध छाई रही, जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई हुई। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह दिल्ली का एक्यूआई 459, नोएडा का 469 और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 442 मापा गया।



सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, एक्यूआई 0 से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 101 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बेहद खराब' और 401 से 500 'गंभीर' माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री कम 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए, दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को सभी स्कूलों को नौवीं और 11वीं की पढ़ाई 'हाईब्रिड मोड' पर कराने का निर्देश दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर को और बिगड़ने से रोकने के लिए 'चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना' (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार से लागू किए। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ प्रवीण रंजन ने बताया कि कोहरे की संभावना के कारण जिले में विभिन्न राजमार्गों पर वाहनों की गति सीमा घटा दी गई है, और यह व्यवस्था सोमवार से लागू होगी। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर रात 12 बजे से यमुना एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की गति सीमा 100 किलोमीटर से घटाकर 75 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई है, जबकि भारी वाहनों के लिए यह 60 किलोमीटर प्रति घंटा की गई है। यह आदेश 15 फरवरी तक लागू रहेगा।' उन्होंने बताया कि नोएडा एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 75 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। इसी तरह, एलिवेटेड मार्ग पर हल्के वाहनों की गति सीमा 50 और भारी वाहनों की 40 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। (अनंत ज्ञान)

# बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने क्वेटा और तुरबत में सेना पर दागे हथगोले

**एजेंसी, क्वेटा**

**आजादी** समर्थक सशस्त्र समूह बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने क्वेटा और तुरबत को नियंत्रण में लेने का प्रयास कर रहे पाकिस्तान के सैनिकों को हथगोलों से निशाना बनाया। इसके अलावा बासीमा में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

बीएलएफ प्रवक्ता मेजर घोरम बलोच ने यह जानकारी दी। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बीएलएफ प्रवक्ता ने



मीडिया को जारी बयान में कहा कि लड़ाकों ने आधी रात को बासीमा के पाटक इलाके में सीपीईसी राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। यह गलियारा चीन के शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है। प्रवक्ता के अनुसार, इस दौरान कस्टम विभाग के दो कर्मचारियों को कब्जे में लिया गया है। पूछताछ पूरी होने के बाद उनकी रिहाई के बारे में फैसला लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जायसवाल के शतक से मुंबई ने हरियाणा को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी, अम्बी (पुणे)।** टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जासवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपए का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया।इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया। मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया। राष्ट्रीय टीम में शामिल शुभमन गिल की शीर्ष क्रम में फॉर्म काफी प्रभावशाली नहीं है और ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से पहले चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें जासवाल पर रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

### मेस्सी का मुंबई आना मुंबई और भारत के लिए एक सुनहरा पल है: तेंदुलकर

**एजेंसी, मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेस्सी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे। तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा, ''मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते।'' उन्होंने कहा, ''और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है।'' मेस्सी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, ''जहां तक 'लियो' (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### मारिया शारापोवा खूबसूरत अंदाज में

**रूस।** विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी मारिया शारापोवा अपनी सुंदरता के चलते काफी चर्चित रहीं। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रूस की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा दुनिया की सबसे सुंदर टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं।



## अंडर-19 एशिया कप: आरोन जॉर्ज ने बनाए 85 रन, कनिष्क-दीपेश को मिले 3-3 विकेट

# भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया

**एजेंसी, दुबई**

भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में रविवार को खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए।

भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बारिश के कारण मुकाबले को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जॉर्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके।

पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद सैय्याम और अब्दुल सुभान ने 3-3 विकेट लिए। निकाब शफीक को 2 सफलता मिली, जबकि अली रजा और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट हासिल किए। (अनंत ज्ञान)





डी कॉक को आउट करने के बाद खुशी मनाते भारतीय खिलाड़ी।

# धर्मशाला में भारत-द. अफ्रीका मैच में हाई रोमांचक मुकाबला

## ऐडन मार्करम की हाफ सेंचुरी, 4 गेंदबाजों को मिले 2-2 विकेट

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20 मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का न्यौता देकर भारत ने साउथ अफ्रीका पर शिंकजा कसा। साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी जल्दी-जल्दी आउट हो गए। सिर्फ मार्करम ही टिक कर खेल सके। उन्होंने 46 गेंदों में 61 रन बनाए और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर 117 रन खड़ा किया। समाचार लिखे जाने तक भारत की टीम शीर्ष बल्लेबाज साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों की धुनाई कर रहे थे। इससे पहले बल्लेबाजी करने आए साउथ अफ्रीका के ओपनर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक और रीजा हेंड्रिक्स कुछ खास नहीं कर पाए और सस्ते में आउट हो गए। रीजा सिर्फ 3 गेंदें खेलकर जीरो पर आउट हो गए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने पगबाधा आउट किया। उसके बाद ऐडन मार्करम बल्लेबाजी करने आए, लेकिन क्विंटन डी कॉक भी जल्द ही पवेलियन लौट गए उन्हें हर्षित राणा ने पगबाधा आउट किया। साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी एक के बाद आउट होते गए। भारत की ओर से 4 खिलाड़ियों अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए। हार्दिक पांड्या और शिव दुबे को एक-एक विकेट मिला। वहीं, हार्दिक पांड्या ने 100 विकेट पूरे कर लिए। (अनंत ज्ञान)

# कैमरन ग्रीन बोले-मैं आईपीएल में गेंदबाजी के लिए तैयार हूं

**एजेंसी, एडीलेड**

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने रविवार को साफ किया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनके मैनेजर की 'गड़बड़ी' की वजह से उन्हें अगले हफ्ते होने वाली छोटी नीलामी में गलती से बल्लेबाज के तौर पर पंजीकृत कर दिया गया।



पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण 2025 सत्र से बाहर रहे 26 साल के ग्रीन जून में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे। हालांकि इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज में गेंदबाजी कर रहे हैं।

ग्रीन ने कहा, ''मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर यह सुनना चाहेंगे या नहीं लेकिन उनकी तरफ से गड़बड़ी हुई थी।'' उन्होंने कहा, ''उनका मतलब 'बल्लेबाज' कहना नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने गलती से ऐसा कर दिया। असल में यह उनकी तरफ से एक गड़बड़ी थी।''

लंबे कद के ऑलराउंडर ग्रीन ने 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह नीलामी में हिस्सा लेने वाले सबसे बड़े नामों में से हैं और उनके लिए भारी-भरकम बोली लगने की उम्मीद है। ग्रीन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपए है। उन्हें ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाजों के वर्ग में सूचीबद्ध किया गया है। नीलामी मंगलवार को अबु धाबी में होगी। (अनंत ज्ञान)

# लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया, आर्सेनल भी जीता




**एजेंसी, लीवरपूल**

लीवरपूल ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है। इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की। आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया, जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी। बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, जो टीम की लगातार सातवीं हार है। (अनंत ज्ञान)

### राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने ओसासुना को हराया

**एजेंसी, बार्सीलोना।** राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सीलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड को रविवार को एल्वेस से भिड़ना है। मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले आठ मैच में सिर्फ दो में जीत दर्ज की है जिससे टीम दबाव में है। एटलेटिको मैड्रिड ने वेलेन्सिया को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर मौजूद एटलेटिको बार्सीलोना से नौ अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में एस्पेनयोल ने गेटाफे को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की जबकि मालोर्का ने एल्शे को 3-1 से शिकस्त दी।

### महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी पहुंचे मुंबई

**एजेंसी, मुंबई।** महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी रविवार को 'विश्व कप स्तर' की सुरक्षा के बीच मुंबई पहुंचे। दोपहर के आसपास मुंबई पहुंचे मेस्सी के चार शहरों के 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' का यह दूसरा दिन है। विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना की टीम के कप्तान मेस्सी ताज कोलाबा में थोड़ी देर आराम करने के बाद क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबोर्न स्टेडियम) जाएंगे जहां वह एक पैडल जीओएटी क्लब स्पर्धा में शामिल होंगे। इसके बाद वह एक सेलीब्रिटी फुटबॉल मैच में शिरकत करेंगे।

इंटर मियामी टीम के अपने साथी लुई सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ मेस्सी के शाम पांच बजे के आसपास प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। मुंबई पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है जिसमें स्थल के अंदर पानी की बोतलें, धातु की चीजें और सिक्के ले जाने पर प्रतिबंध शामिल है जबकि भीड़ पर नजर रखने के लिए 'वॉचटावर' भी लगाए गए हैं। मेस्सी के दौरे के दौरान स्टेडियम के पास भारी भीड़ की उम्मीद करते हुए पुलिस ने स्थल के अंदर और बाहर दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''कोलकाता में हुई अराजकता और सुरक्षा में चूक को देखते हुए हमने ब्रेबोर्न और वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की है।'' मेस्सी शनिवार तड़के भारत पहुंचे थे लेकिन कोलकाता में दौरे का पहला चरण खराब भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा में चूक के कारण जल्द ही अराजकता में बदल गया। (अनंत ज्ञान)

# रसेल के नाबाद अर्द्धशतक के बावजूद हारा नाइट राइडर्स

**एजेंसी, अबुधाबी**




आंद्रे रसेल की 33 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के बावजूद अबुधाबी नाइट राइडर्स को दुबई कैपिटल्स के खिलाफ आईएलटी20 के करीबी मैच में नौ रन से हार झेलनी पड़ी।

दुबई कैपिटल्स ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शायन जहांगीर की 54 गेंद में 99 रन की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 196 रन बनाए और फिर नाइट राइडर्स को आठ विकेट पर 187 रन पर रोक दिया। रसेल ने अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स को जहांगीर और जोर्डन कॉक्स (30 गेंद में 29 रन) ने 115 रन जोड़कर शुरुआती झटकों से उबारा। जहांगीर रन आउट होने के कारण शतक से चूक गए। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। रसेल की विस्फोटक पारी ने नाइट राइडर्स की जीत की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरकार कैपिटल्स ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

# एडिलेड टेस्ट से पहले मैकुलम ने इंग्लैंड टीम की वापसी पर जताया भरोसा

**एजेंसी, एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)**

एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 2-0 से पीछे चल रही इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम सीरीज में शानदार वापसी कर सकती है।

उन्होंने कहा है कि अब तक इस सीरीज में हमारे बल्लेबाज पर्याप्त रन नहीं बना पाए हैं, लेकिन ऐसा कभी-कभी हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा।

मैच से पहले मैकुलम अपने बल्लेबाजों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्होंने इसी लाइनअप को बरकरार रखने का संकेत दिया है। आईसीसी के अनुसार मैकुलम ने रविवार को एडिलेड में प्रशिक्षण से पहले कहा कि हमारे दृष्टिकोण से हमारे पास कुछ समय से शीर्ष सात खिलाड़ी हैं और हम इसके साथ काफी हद तक सफल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ये परिस्थितियां हमारे बल्लेबाजों की शैली के अनुकूल होनी चाहिए। हम जानते हैं कि इस सीरीज में अब तक हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए हैं। हम कई बार ऐसी स्थिति में थे जहां हम रन बना सकते थे, लेकिन हमने कुछ गलतियां कर दीं और ऐसा कभी-कभी हो सकता है। इस सीरीज को जीतने के लिए हमें पिछले कुछ वर्षों में जो चीजें सफल रही हैं, उन्हें छोड़ने की जरूरत नहीं है।

मेहमान टीम को दोनों टेस्ट मैचों में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। मैकुलम ने कहा कि जब हम यहां आए थे, तब हमें पता था कि सीरीज जीतने के लिए हमें तीन टेस्ट मैच जीतने होंगे। 2-0 से पीछे होने से हमारे लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं, लेकिन इससे ड्रेसिंग रूम में मौजूद आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# यह सुनकर निराश होती थी कि मैं अच्छी शुरुआत करती थी, लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी: शेली एन

**एजेंसी, पुणे**

जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शेली एन फ्रेजर प्राइस का कहना है कि उन्हें यह ठप्पा पसंद नहीं था कि वह अच्छी शुरुआत करती थी लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी। उन्होंने कहा कि एलीट स्तर तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में अपनी दौड़ने की शैली को बदलना पड़ा।



ओलंपिक की आठ बार की और विश्व चैंपियनशिप की 17 बार की पदक विजेता शेली एन ने कहा कि उन्होंने 100 मीटर फर्राटा दौड़ में बेहतर होने के लिए 200 मीटर दौड़ में बहुत मेहनत की। शेली एन के नाम 100 मीटर में 10.60 सेकेंड का इतिहास का तीसरा सबसे तेज समय दर्ज है।

शेली एन ने एक साक्षात्कार में कहा, ''एक एलीट फर्राटा धाविका बनने के लिए हाई स्कूल में मुझे अपने दौड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदलना पड़ा, क्योंकि मेरा दौड़ने का तरीका सही नहीं था, इससे मैं रेस नहीं जीत पाती।'' उन्होंने कहा, ''लोग कहते थे 'वह अच्छी शुरुआत करती है, लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं है' और मुझे ये बातें सुनकर निराशा होती थी क्योंकि मुझे लगता था कि मैं अच्छी तरह से रेस को खत्म कर सकती हूं।''

शेली एन ने कहा, ''मुझे जिम में अधिक मजबूत होना पड़ा। अगर मुझे अपनी 100 मीटर दौड़ को बेहतर करना था तो मुझे 200 मीटर में अधिक दौड़ना पड़ा। मुझे खुद को अधिक चुनौती देनी पड़ी''

तीन ओलंपिक और 10 विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीतने वाली शेली एन ने कहा कि जमैका के किंग्सटन के वाटरहाउस जिले में बड़े होते समय उनके बड़े लक्ष्य नहीं थे। उन्होंने कहा, ''जब मैं छोटी थी तो मुझे विश्वास नहीं था कि मैं आज जैसी इंसान बन पाऊंगी। मुझे कभी अधिक प्रेरणा नहीं मिली और मेरे आदर्श भी अधिक नहीं थे इसलिए मैं यह सोचते हुए बड़ी हुई कि मेरे लिए चीजें मुमकिन नहीं हैं।''

शेली एन ने कहा, ''(लेकिन) एक बार जब आप अपना मकसद जान लेते हैं तो आप उन चीजों को करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हो। मेरे लिए यह विश्वास और निरंतरता है जिसने फर्क पैदा किया है।'' (अनंत ज्ञान)


**रेसलिंग**

## करियर के आखिरी मैच में 'द चैंप' को गुनथर से मिली हार

# जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज जॉन सीना ने आखिरकार अपने पेशेवर रेसलिंग करियर पर पर्दा डाल दिया। रविवार को 'सैटरडे नाइट्स मेन इवेंट' में अपने आखिरी मैच में उन्हें गुनथर के खिलाफ सबमिशन के जरिए हार का सामना करना पड़ा। 17 बार के वर्ल्ड चैंपियन सीना ने वॉशिंगटन डीसी की भीड़ को एक आखिरी शानदार मैच दिया और अपने दो दशक से ज्यादा लंबे शानदार करियर का अंत किया।



गुनथर के रिंग में आते ही सीना का स्वागत जोरदार तालियों और उनके थीम सॉन्ग 'माई टाइम इज नाउ' के साथ हुआ। मैच शुरू होने से पहले सीना ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी और दोस्त कर्ट एंगल (उनके पहले डब्ल्यूडब्ल्यूई प्रतिद्वंद्वी), आरवीडी, केविन ओवेन्स, सैमी जेन और मार्क हेनरी से मुलाकात की, जो रिंगसाइड पर मौजूद थे। गुनथर ने मैच की शुरुआत सीना को अपरकट और कुछ तेज चॉप्स से गिराकर की, लेकिन जल्द ही सीना ने अपने सिग्नेचर मूव्स की झड़ी लगा दी। हालांकि, गुनथर ने जर्मन सुप्लेक्स, पावरबॉम्ब और क्लोदलाइन की सीरीज के साथ सीना की चालों को रोक दिया। सीना ने एक बार फिर अपना फिनिशिंग मूव 'एटिट्यूड एडजस्टमेंट' लगाया और गुनथर को स्लीपर सबमिशन होल्ड में जकड़ लिया, लेकिन गुनथर ने जल्दी ही मैच पर पकड़ बना ली और एक्शन रिंग के बाहर चला गया।

सीना ने ताकत दिखाते हुए गुनथर को अनाउंस टेबल पर 'एटिट्यूड एडजस्टमेंट' के साथ पटक दिया। सीना ने गुनथर को पिन करने की कोशिश की, लेकिन गिनती पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद सीना ने टॉप रोप से लेग ड्रॉप लगाया, लेकिन ज्यादा बात करने में समय गंवा दिया और गुनथर ने उन्हें फिर से गिरा दिया। सीना ने हार नहीं मानी और दूसरी रोप से एवलांच एए के लिए गुनथर को उठाया, लेकिन गुनथर ने किक आउट कर दिया।

गुनथर ने पावरबॉम्ब और फ्रॉग स्प्लैश के साथ हमला किया, लेकिन सीना ने फिर भी मुकाबला किया। जब गुनथर ने एक बार फिर स्लीपर होल्ड लगाया, तो सीना के पास बचने का कोई रास्ता नहीं था। सीना ने एक और एए के साथ कोशिश की, लेकिन गुनथर ने फिर से किक आउट किया और स्लीपर होल्ड लगा दिया, जिससे सीना ने आखिरकार टैप आउट कर दिया और मैच हार गए। अपने आखिरी मैच में सीना को 'गिव अप' करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)